उज्जैन
मंगलवार
09
दिसम्बर, 2025
■ वर्ष-12
■ अंक-37
मूल्य- 2 रु.
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



तान्या मित्तल का मजाक उड़ाना जेमी लीवर को पड़ा भारी यूजर्स ने कॉमेडियन को लगाई फटाकर, बोले- किसी की बॉडी-एक्सप्रेशन का मजाक उड़ाना बंद करो

पेज- 8

### उज्जैन-जावरा एक्सिस कंट्रोल रोड के विरोध में किसानों ने किया एमपीआरडीसी कार्यालय का घेराव

# मांगों को लेकर बुजुर्ग किसान ने प्रबंधक के पांव पकड़े

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

करीब 2500 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले उज्जैन-जावरा एक्सिस कंट्रोल रोड के विरोध में किसानों ने सोमवार को एमपीआरडीसी कार्यालय का घेराव कर दिया। किसानों ने प्रदर्शन करते हुए अपनी मांग रखी और नारेबाजी की। इस दौरान एक बुजुर्ग किसान अपनी मांग को लेकर एमपीआरडीसी के अधिकारी के पांव पकड़ लिए। किसानों की मांग है की उन्हें उचित मुआवजा देकर सड़क की ऊंचाई कम की जाए।

मांगरोल से जावरा तक बनने वाले फोरलेन को लेकर किसान लगातार विरोध कर रहे हैं। सोमवार को करीब 50 से अधिक किसान शहर के फ्रीगंज स्थित एमपीआरडीसी के कार्यालय पहुंचे। यहां किसानों ने नारेबाजी करते हुए बाजार रेट से मुआवजा देने और सड़क की ऊंचाई कम करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। किसानों ने बताया कि 10 बीघा जमीन रोड में जा रही है। रोड की वजह से खेत भी दो भागों में बंट रहा है। मोहनपुरा के किसानों ने बताया कि एक बीघा जमीन का मुआवजा करीब 16 लाख रुपए मिल रहा है जबकि बाजार भाव करीब एक करोड़ से अधिक मूल्य है। प्रदर्शन के दौरान एक बुजुर्ग किसान अपनी मांगों को लेकर एमपीआरडीसी के अधिकारी के पैर में गिरकर गिड़गिड़ाने लगा। जावरा उज्जैन ग्रीन एक्सिस रोड करीब 2500 करोड़ रुपए से बनाया जा रहा है। जिसमें करीब 62 गांव किसान की 4000 किसान की जमीन अधिग्रहण की जा रही है। जल्द ही रोड काम शुरू हो जाएगा। रूस की कंपनी को टेंडर दिया गया है। कंपनी दो साल में रोड बनाकर सरकार को सौंपेगी। एमपीआरडीसी के संभागीय प्रबंधक विजय सिंह ने बताया- किसानों की मांग को लेकर अधिकारियों से बात की उसका समाधान वहीं से होगा।



### 7 इंटरचेंज, 5 फ्लाईओवर और 2 रेलवे ओवरब्रिज बनेंगे

इस हाईवे पर 7 बड़े पुल, 26 छोटे पुल, 270 पुलिया, 5 फ्लाईओवर और 2 रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण होगा। उज्जैन की महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान से कनेक्टिविटी बेहतर होगी। उज्जैन और जावरा के बीच 7 जगह इंटरचेंज बनाए जाएंगे। इससे हाईवे पर ट्रैफिक बाधित नहीं होगा और आसपास के इलाकों को वैकल्पिक मार्ग (अंडरपास) से जोड़ा जाएगा।

### दिल्ली-मुंबई 8-लेन एक्सप्रेसवे से मिलेगी कनेक्टिविटी

दिल्ली-मुंबई 8-लेन एक्सप्रेसवे का 245 किमी हिस्सा मध्यप्रदेश के मंदसौर, रतलाम और झाबुआ जिलों से गुजरेगा। इन जिलों को एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए 7 जगह इंटरचेंज दिए जाएंगे। मंदसौर के गरोठ और रतलाम के जावरा में लॉजिस्टिक्स हब बनेगा, जिससे औद्योगिक और कृषि गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

## भारत के कारण अमेरिकी किसानों को घाटा, एक्स्ट्रा टैरिफ लगाएंगे



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका भारत से आने वाले चावल और कनाडा से आने वाली खाद पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है। उनका कहना है कि दूसरे देशों से आने वाला सस्ता सामान अमेरिकी किसानों को नुकसान पहुंचा रहा है। ट्रम्प ने यह बात सोमवार को व्हाइट हाउस में उस समय कही, जब वे किसानों के लिए नई आर्थिक मदद की घोषणा कर रहे थे। ट्रम्प ने कहा कि भारत, वियतनाम और थाईलैंड जैसे देश अमेरिका में बहुत सस्ता चावल बेच रहे हैं, जिससे यहां के किसानों की कमाई कम हो रही है। उन्होंने इसे 'डंपिंग' बताया और कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए।

## जापान में 7.5 तीव्रता का भूकंप सुनामी का खतरा टला, 50 किमी की गहराई में केंद्र था

**टोक्यो।** जापान में आओमोरी प्रान्त के पास 7.5 तीव्रता का भूकंप आया है। इससे पहले इसकी तीव्रता 7.6 बताई गई थी। भूकंप स्थानीय समयानुसार रात 11:15 बजे आया। देश की मौसम विज्ञान एजेंसी ने आओमोरी, इवाते और होक्काइडो प्रान्तों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की थी। एजेंसी ने भूकंप के बाद चेतावनी दी थी कि ऊंची सुनामी जापान के उत्तर-पूर्वी तटों तक पहुंच सकती है। यहां 3 मीटर तक ऊंची लहरें उठने का खतरा था। हालांकि अब ये चेतावनी वापस ले ली गई है। भूकंप का केंद्र जापान के तट से 70 किमी दूर समुद्र में 50 किमी की गहराई में था। भूकंप के बाद आओमोरी प्रांत में 2,700 घरों में बिजली गुल हो गई है। आओमोरी शहर में आग लगने की 2 घटनाएं हुई हैं। आओमोरी प्रीफ में सड़क ढहने से 1 और होक्काइडो में गिरने से 2 लोग घायल हुए हैं।

## कोलकाता में गूंजा गीता का महामंत्र, धीरेंद्र शास्त्री ने इसे आध्यात्मिक लहर बताया



**कोलकाता।** रविवार को ऐसी ऐतिहासिक आध्यात्मिक सुबह देखी, जिसने आध्यात्मिक भारत की आत्मा को एक बार फिर जगाया। कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड पर जब पांच लाख से अधिक लोगों ने एक साथ श्रीमद्भगवद्गीता का पाठ शुरू किया, तो वातावरण केवल ध्वनि से नहीं, बल्कि एक अदृश्य भावनात्मक शक्ति से भर उठा–मानो किसी महाकुंभ मेले की अद्भुत ऊर्जा को पूर्वी भारत की धरती ने समेट लिया हो। इस विराट सामूहिक पाठ को देखने आए साधकों, संतों और हजारों परिवारों की आंखों में आस्था की चमक थी, और मंच पर उपस्थित बागेश्वर धाम सरकार आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने इस दृश्य को कोलकाता में उमड़ा महाकुंभ कहा।

## रतलाम मंडल में दो ट्रैक मशीनों में सीधी भिड़ंत, कई रेल कर्मचारी घायल

**नीमच।** एमपी के नीमच में रेल हादसा हो गया है, यहां के हिंगोरिया फाटक पर रेलवे मेंटेनेंस कार्य के दौरान एक हादसा हो गया। ट्रैक पर काम कर रही दो ट्रैक मशीनें आपस में टकरा गईं, इसमें कर्मचारी घायल हो गया। वहीं मशीन में सवार एक घायल को अस्पताल भेजा गया। मशीन में डीजल टैंक के फूट जाने से सैकड़ों लीटर डीजल बह गया। बताया जाता है कि दोपहर करीब 12 बजे हुए हादसे के बाद शाम करीब 5 बजे दोनों मशीनों को इंजन से नीमच स्टेशन भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही रतलाम डीआरएम अश्वनी कुमार मौके पर पहुंचे। जानकारी के मुताबिक, रेलवे टीम नियमित मेंटेनेंस का कार्य कर रही थी। ट्रैकिंग/मेंटेनेंस मशीन पहले से ट्रैक पर खड़ी थी।

### गोवा नाइट क्लब त्रासदी नया खुलासा

## 25 मौतों के घंटों बाद मालिक सौरभ-गौरव लूथरा फुकेत भागे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

गोवा के लोकप्रिय तटीय कस्बे अपोर्रा में स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में शनिवार देर रात लगी भीषण आग से जहां देशभर में शोक और गुस्से की लहर है, वहीं इस हादसे से जुड़ा सबसे चौंकाने वाला खुलासा सोमवार को सामने आया–कि क्लब के मालिक और मुख्य आरोपी दिल्ली के कारोबारी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा घटना के कुछ ही घंटों बाद देश से भाग गए। पुलिस के अनुसार, दोनों भाई 7 दिसंबर की सुबह 5:30 बजे दिल्ली से फुकेत (थाईलैंड) के लिए उड़ान 6ए 1073 में सवार हुए, जबकि गोवा पुलिस को आग की सूचना उसी रात 12:04 बजे मिली थी। यह समय-सीमा न सिर्फ घटनाक्रम को संदिग्ध बनाती है, बल्कि पुलिस जांच से बचने की मंशा को भी उजागर करती है।

## इंडिगो के विंटर फ्लाइट शेड्यूल में कटौती होगी

### कुछ स्लॉट दूसरी कंपनी को देंगे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन इंडिगो की सोमवार को भी 562 फ्लाइट्स रद्द हुईं। पिछले 7 दिन में कंपनी 4500 से ज्यादा उड़ानें रद्द होने के बाद नागरिक विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि इंडिगो के विंटर फ्लाइट शेड्यूल में कटौती की जाएगी। कंपनी के कुछ स्लॉट दूसरी एयरलाइन्स को देंगे।

उन्होंने कहा- इंडिगो अभी 2200+ फ्लाइट्स ऑपरेट कर रही है। हम निश्चित रूप से उन्हें कम करेंगे। 1 से 8 दिसंबर (शाम 5 बजे तक) के बीच कैंसिल की गईं 7.30 लाख टिकट के लिए 745 करोड़ रुपए का रिफंड दिया गया है। नायडू ने कहा कि देश के एविएशन सेक्टर में जिस तरह की क्षमता और मांग बढ़ रही है, उसे देखते हुए कम से कम 5 बड़ी एयरलाइंस की जरूरत है। नई एयरलाइन शुरू करने का यही सही समय है। यहां बहुत तेज ग्रोथ हो रही है।

## हमला हुआ तो पाकिस्तान कड़ा जवाब देगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के नए चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज बने फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने सोमवार को अपना पद संभाल लिया। रावलपिंडी के जीएचक्यू में हुए कार्यक्रम में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अपने भाषण में उन्होंने कहा कि अगर भविष्य में पाकिस्तान पर कोई हमला होता है तो पाकिस्तान का रिस्पॉन्स पहले से भी ज्यादा तेज और कड़ा होगा। उन्होंने भारत को चेतावनी देते हुए कहा कि भारत किसी गलतफहमी में न रहे। मुनीर ने कहा कि मॉर्डन युद्ध अब साइबरस्पेस, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम, स्पेस, इन्फॉर्मेशन वॉर, एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे नए क्षेत्रों तक बढ़ गया है।




### वायु प्रदूषण के कारण लोगों के फेफड़ों में संक्रमण...

# बढ़ रहे सांस की परेशानी मे मामले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन सहित मध्यप्रदेश में लोगों के फेफड़ों में संक्रमण और सांस की परेशानी के मामले बढ़ रहे हैं। विशेषज्ञ इसे हवा में धूल के कणों की मात्रा बढ़ने और पिछले कुछ महीनों से मौसम परिवर्तन से वायु प्रदूषण बढ़ने का नतीजा बता रहे हैं।

वायु प्रदूषण बढ़ने से फेफड़े और सांस संबंधी रोग के नए मरीज सामने आ रहे हैं तो दमा, ब्रोंकाइटिस और हार्ट सहित सास संबंधी मरीजों को दौरे पड़ रहे हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ रहा है। लोगों को दमा, फेफड़ों में संक्रमण और सांस की अन्य गंभीर परेशानी के कारण अस्पतालों में भर्ती किया गया।



### सर्दी में समस्याएं

सर्दी में धुंध, जरूरत से ज्यादा वाहनों का धुआं, पराली जलाने, निर्माण कार्य और मौसम के कारण पीएम 2.5, पीएम 10 कण हवा में बढ़ जा रहे हैं। इनके फेफड़ों में जमा की वजह से सांसों की तकलीफ, खांसी, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस (श्वास नलियों में सूजन) और हृदय में संक्रमण सहित अन्य परेशानी बढ़ जाती है। 108 एम्बुलेंस सेवा की और से जारी सांस रोग के मरीजों की रिपोर्ट के अनुसार जनवरी से नवंबर तक उज्जैन सहित प्रदेश में 36,671 लोग अस्पताल में भर्ती हुए। इनमें से 16 हजार लोगों को बीते तीन माह में भर्ती करना पड़ा।

## खबर एक नजर...

### भारतीय व्यापारी परिसंघ पदाधिकारी द्वारा स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा



**उज्जैन।** भारतीय व्यापारी परिसंघ (केट) पदाधिकारी द्वारा स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा 16 दिसंबर 2025 को पहुंचेगी उसी संदर्भ में महिदपुर इकाई एवं व्यापारियों के साथ बैठक कर रथ यात्रा को सफल बनाने की अपील की गई साथ ही, प्रदेश से जो दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं वह उन्हें बताए गए। बैठक में उज्जैन संभागीय प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, संभागीय अध्यक्ष मोदी अवतन्स जैन, महिला संभागीय अध्यक्ष प्रगति मंगल, संभागीय महामंत्री सुनील गुप्ता, मीडिया प्रभारी संजय सुगंधी, पारस लूणावत, अंकित राठी, प्रताप सिंह आर्य, श्याम सिंह चौहान , विजय सारडा , सुरेश कोचर, दिलीप ईनानी, हेमंत जैन, डॉ विपुल धारीवाल आदि उपस्थित थे।

### कक्षा 8 वीं से 12 वीं के विद्यार्थियो को किया जागरूक



**उज्जैन।** ऑपरेशन मुस्कान और सायबर अभियान में सोमवार को बड़नगर थाना पुलिस जैन पब्लिक स्कूल पहुंची। स्कूल में कक्षा 8 वीं से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए छात्राओं को महिला संबंधित अपराधों की जानकारी दी गई। छात्राओं को सायबर फ्रॉड की जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान विशेष रूप से विद्यार्थियों को समझाया गया कि कम आयु में बालक/बालिका ना समझी में ऐसे कार्य कर लेते है। जिसके कारण माता-पिता और परिवार को शरमिंदा होने के साथ अपमान का सामना करना पड़ता है। कम उम्र के बच्चों को किसी के बहकावे में नहीं आना है। हर बात माता-पिता से साझा करना है। पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान के दौरान स्कूल में एक मुस्कान पेटी रखवाई गई। जिसमें छात्र-छात्रा अपनी समस्या या कोई अनैतिक कार्य संबंधित जानकारी गोपनीय रूप से डाल सकते है। बड़नगर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि आपॅरेशन मुस्कान के दौरान स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में एसडीओपी महेन्द्रसिंह परमार, एसआई चांदनी पाटीदार, आरक्षक हरीश, नितेश रायकवार, स्कूल संचालक, प्राचार्य और शिक्षक उपस्थित थे।

### माधव कॉलेज में सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर कैडेट्स ने की धनराशि एकत्रित

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस सांस की माधव महाविद्यालय, उज्जैन की 10 म.प्र. बटालियन की एनसीसी इकाई द्वारा सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में शिक्षकों कर्मचारीयों एवं विद्यार्थियों के भारतीय सेना के शूरवीरों के कारनामों से अवगत कराया। एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. मोहन निमोले के नेतृत्व में आयोजन हुआ आपने बताया कि कैडेट्स ने महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों के सहयोग से आठ हजार एक सौ छियालीस रुपये की राशि एकत्रित कर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, उज्जैन की और प्रेषित की गई। इस अवसर पर छात्र संघ प्रभारी डॉ. जफर महमूद, डॉ. दिनेश जोशी, हवलदार यजविन्दर सिंह, डॉ. नीरज सारवान, डॉ. प्रमोद मालवीय, खैल अधिकारी नवीन कोरट, डॉ. जी.एल.खगोडे, डॉ. गणेश राठौर, प्रो. आनंद ठाकुर, राधेश्याम मेवाड़ा सहित एनसीसी कैडेट्स उपस्थित में राशि एकत्रित की गई।

### एसआईआर निपटा, अब सिस्टम के ट्रेक पर आने की तैयारी..!

# लोगों को आस अब निपटेंगे तेजी से काज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पिछले एक माह से जिले के विभागों में कहीं न कहीं आम आदमी के काम अटक रहे थे। विभागों के कर्मचारी जिले में चल रहे एसआईआर सर्वे में लगे थे और सरकारी तंत्र की रफ्तार धीमी हो गई थी। जिले में एसआईआर का काम बेहतर रूप से निपटा है । अब सिस्टम के ट्रेक पर आने की तैयारी हो रही है। एक बार फिर से लोगों को आस है कि अब उनके काज तेजी से निपटेंगे।

एसआईआर को लेकर जिले में कई अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक सर्वे में जुटे रहे हैं। 4 दिसंबर तक चलने वाले सर्वे को अंतिम दौर में 7 दिनों के लिए बढा दिया गया। पिछले एक माह में कई दफ्तर में लिपिक की सीट खाली ही मिली है। इस दौरान बीएलओ दिन में मतदाताओं से फार्म इकट्ठा करने के लिए करने घर-घर दस्तक दे रहे हैं। रात में फार्म एप में अपलोड करने में जुटे रहे। उन्हें 11 दिसंबर तक हर हाल में काम पूरा करना है। विभागीय प्रमुख को मानिटरिंग की जिम्मेदारी मिली रही। इस दौरान जिले में कई महत्वपूर्ण आयोजनों में भी कर्मचारियों ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया है।

**रात में फार्म अपलोड की कार्रवाई-** भारत निर्वाचन आयोग के एसआईआर के गंभीर काम को जिले में पूरी गंभीरता से अंजाम दिया गया है। तहसीलदार, एसडीएम और कलेक्टर हर दो से तीन घंटे में अपडेट ले रहे हैं। बीएलओ और इतने ही सहायक के अलावा सुपरवाइजर व मॉनिटरिंग अधिकारी एसआईआर में जुटे रहे। लापरवाही बरतने वाले बीएलओ पर कार्रवाई हो चुकी है। अधिकारियों को नोटिस जारी हो चुके हैं। बीएलओ को कार्रवाई का भय बना बना हुआ है। इसी वजह से दिन में मतदाताओं के घरों से फॉर्म भरकर वापस ले रहे हैं। रात में एप में जानकारी अपलोड कर रहे हैं।



#### आमजन सामान्य काम के चक्कर लगा रहे

नगर निगम के करीब पचास प्रतिशत कर्मचारियों की ड्यूटी एसआईआर में लगी है। इसके कारण खाद्यान पर्ची, मृत्यु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। नगर निगम की मूलभूत सुविधाओं के लिए लोगों को परेशान होना पड़ रहता है निगम के करों की वसूली भी प्रभावित हो रही है। इसी तरह अन्य कार्य भी प्रभावित रहे हैं। इसी तरह शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के काम भी प्रभावित हो रहे हैं।

#### बीएलओ की समस्या कायम, फॉर्म वापस नहीं

बीएलओ की अपनी परेशानियां सामने आ रही हैं। शहर और गांवों में सर्वे कर रहे बीएलओ को कई परिवार फॉर्म लेने के बाद वापस जमा नहीं कर रहे। परिवार की बहुओं की जानकारी जुटाने में दिक्कत है। उनके पिता का ईपीक नंबर ढुंढना टेढी खीर है। तलाकशुदा दंपतियों की जानकारी अपडेट करना भी चुनौती है। कई लोग बीएलओ को जानकारी ही नहीं दे रहे। लोग अधूरी जानकारी दे रहे हैं। फॉर्म भी वापस नहीं दे रहे हैं। अंतिम दौर में दो-दो, तीन-तीन चक्कर काटने पर भी बीएलओ को जानकारी एवं फार्म मिलना दुश्कर हो गया है।

# मौत की डोर, उज्जैन में चाइना मांझा से छात्र का गला कटा

### पुलिस बोली- बच्चे इससे पतंग उड़ाते मिले तो माता-पिता पर होगी कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चाइना मांझा की धरपकड़ के लिए महाकाल पुलिस ने रविवार को शहर के तोपखाना में पतंग दुकानों पर सर्चिंग की, लेकिन अगले ही दिन सोमवार को कॉलेज के एक छात्र का गला इसी मांझे से कट गया। फ्रीगंज में जीरो पाइंट ब्रिज पर हादसा हुआ। उक्त ब्रिज पर पूर्व में एक छात्रा का गला कटने से उसकी जान जा चुकी है।

अब पुलिस-प्रशासन को उक्त मांझे पर सख्ती से रोक के लिए सिर्फ बेचने वाले ही नहीं, बल्कि पतंग उड़ाने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की जरूरत है।

विपुल महिवाल, निवासी देवास रोड, गणेश नगर ने बताया कि वह देवास रोड स्थित कॉलेज में सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहा है और फ्रीगंज जीरो पॉइंट ब्रिज से जरूरी काम के लिए निकल रहा था। इसी दौरान चाइना मांझा गले में आकर फँस गया और गाड़ी रोकी, तब तक गले में करीब 6 इंच लंबा कट लग गया और नस कटने से खून आने लगा। गाड़ी की थोड़ी स्पीड तेज होती तो गला ही पूरी तरह कट गया होता। लोगों ने मदद की और अस्पताल में उपचार के बाद एसपी कार्यालय पहुँचकर एसपी प्रदीप शर्मा को भी घटना से अवगत कराया और चायना मांझा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है। जिस ब्रिज पर पूर्व में छात्रा की गला कटने से मौत हुई थी, उसी पुल पर अब युवक के साथ हादसा।



**पूर्व में बेचने वालों के मकान टूटे, रासुका लगाई, यहीं सख्ती की जरूरत:** लोगों ने चर्चा में बताया कि कुछ सालों में तोपखाना व सुभाष नगर क्षेत्र में पुलिस ने चायना मांझा विक्रेताओं के मकानों पर जेसीबी चलवाई थी। इतना ही नहीं, रासुका जैसी बड़ी कार्रवाई भी की गई थी। मुसद्दीपुरा में भी चाइना मांझा बेचे जाने पर गोदामों में छापे मारे थे। घायल छात्र विपुल ने कहा कि प्रशासन व पुलिस से यही माँग है कि आगे से अन्य कोई घायल न हो। इसके लिए जितने सख्त कदम उठा सकते हैं, उठाने चाहिए।

**फ्रीगंज, हरिफाटक और जीरो पॉइंट ब्रिज के खंभों पर तार नहीं बांधे:** चायना मांझा पतंग से अधिकांश हादसे हरिफाटक और जीरो पॉइंट ब्रिज पर ही देखने को मिले हैं। प्रशासन ने चाइना मांझा पर पाबंदी लगाते हुए धारा 188 के तहत कार्रवाई के आदेश तो जारी कर दिए हैं, लेकिन शहर के उक्त पुल पर अभी तक खंभों पर तार नहीं बांधे गए हैं, जिससे कि चायना मांझा की रोक हो सके। एक सप्ताह पूर्व हरिफाटक ब्रिज पर भी एक महिला के गले में चायना मांझा आने से चोटिल हो चुकी है और एक सप्ताह में यह दूसरा हादसा है।

**खतरनाक मांझे से कई लोग घायल होते हैं, फिर भी पूरी तरह पाबंदी नहीं:** चाइना मांझा को लेकर हर साल पुलिस दुकानों व छतों पर सर्चिंग करती है। इसके बावजूद हर साल कई लोग मकर संक्रांति के चलते खतरनाक मांझे की चपेट में आने से गंभीर घायल होते हैं। इसके बावजूद भी प्रतिबंध सिर्फ कागजों में दिखता है। जरूरत यह पता लगाने की है कि अगर पाबंदी है तो फिर मांझा कहाँ और कैसे बिक रहा है। ऑनलाइन भी बिक रहा है तो पुलिस को अपने तकनीकी नेटवर्क पर टीम को धरपकड़ में लगाना चाहिए।

**पूरे शहर में सर्च कर रही है पुलिस टीम-** चाइना मांझा को लेकर पुलिस टीमें सर्चिंग कर रही हैं। टीमें हर स्तर पर पता कर रही हैं। इसके बावजूद भी अगर बच्चे चाइना मांझा से पतंग उड़ाते मिले तो उनके माता-पिता ज़िम्मेदार होंगे, जिनके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

**- प्रदीप शर्मा, एसपी**

## लापरवाही के लगायेआरोप पुलिस ने शांत किया मामला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चरक भवन में सोमवार सुबह हंगामा हो गया, वृद्ध की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टर और स्टाफ पर लापरवाही के आरोप लगाये। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस पहुंची और हंगामा शांत कराया। परिजन बिना पोस्टमार्टम के शव लेकर रवाना हो गये।

राजीव रत्न कॉलोनी नीलगंगा क्षेत्र से अनिल पिता लक्ष्मण कछावा 55 साल को परिजन साथ लेने में हो रही दिक्कत के चलते चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टर ने परीक्षण के बाद ऑब्जरवेशन वार्ड में भर्ती कर ऑक्सीजन सपोर्ट दिया। कुछ देर बाद हालात और बिगड़ने लगी जिसके चलते डॉक्टर ने आईसीयू में भर्ती करने की बात कही। वृद्ध को लिफ्ट के माध्यम से आईसीयू में शिफ्ट किया जाता उससे पहले ही वृद्ध अनिल की मौत हो गई। परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। चरक अस्पताल में भर्ती मरीज और उपचार के लिए आने वाले मरीज हंगामा देख हैरत में पड़ गए। डॉक्टर और स्टाफ ने परिजनों को समझने का प्रयास किया लेकिन स्थिति बिगड़ने लगी। मामले की खबर मिलते ही कोतवाली थाना सीएसपी राहुल देशमुख, उपनिरीक्षक गोपाल राठौर और पुलिस बल चरक अस्पताल पहुंच गया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद मामला शांत किया गया। सीएसपी ने परिजनों को कहा कि अगर डॉक्टर और स्टाफ की गलती है तो पोस्टमार्टम कर लिया जाए, लेकिन परिजन तैयार नहीं हुए और शव अंतिम संस्कार के लिए घर लेकर रवाना हो गए।

**पुत्र बोला क्यों हटाया ऑक्सीजन-** अनिल कछावा की मौत के बाद हंगामा कर रहे परिजनों में शामिल पुत्र चंदन का कहना था कि पिता को सर्दी जुकाम के बाद सांस लेने में दिक्कत हुई थी जिसके चलते अस्पताल लेकर आए थे। डॉक्टर ने ऑक्सीजन लगा दिया था, हालत बिगड़ने पर आईसीयू में शिफ्ट करने की बात कही और ऑक्सीजन सपोर्ट हटा दिया, ऊपरीय मंजिल पर आईसीयू में ले जाने के दौरान लिफ्ट भी काफी देर से आई, जिसके चलते पिता की मौत हुई है। स्टाफ और डॉक्टरों की लापरवाही थी। जिसके चलते पिता अब नहीं रहे।

# महाकाल महोत्सव में देश के बड़े कलाकार शैव संस्कृति और इतिहास की देंगे प्रस्तुति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के महाकाल मंदिर के शक्ति पथ पर 10 से 14 जनवरी तक होने वाले महाकाल महोत्सव में 5 दिनों भगवान महाकाल को समर्पित कार्यक्रम होंगे। जिसमें देश भर के बड़े कलाकार शैव परंपरा से संबंधित संस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे।

कार्यक्रम के लिए मंगलवार को एक बैठक महाकाल मंदिर में रखी गई है। जिसमें 5 दिन तक चलने वाले



कार्यक्रम में श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में अध्यक्ष रौशन कुमार सिंह (कलेक्टर), मंदिर समिति प्रशासक प्रथम कौशिक सहित कई लोग उपस्थित रहेंगे।

यह महोत्सव पूरी तरह से शैव परंपरा पर केंद्रित होगा। इसमें नृत्य, संगीत, नाट्य और अन्य कला विधाएं शामिल होंगी, जो भगवान शिव और शैव दर्शन पर आधारित होंगी।

**देश के चुनिंदा कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी-** शैव संस्कृति, इतिहास और कला को दर्शाती एक विशेष प्रदर्शनी लगेगी। जिसमें शिव के रूप, शैव तीर्थों और शैव संतों की जीवनगाथा होगी। आयोजन 10 से 14 जनवरी तक होगा। नई शुरूआत है।

देश के चुनिंदा कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी, साथ ही स्थानीय सांस्कृतिक कलाकारों को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

**प्रथम कौशिक प्रशासक, श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति**

उज्जैन
मंगलवार
09
दिसम्बर, 2025

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

सर्वद्रव्येषु विद्यैव द्रव्यमाहुरनुत्तमम्।
अहार्यत्वादनर्घ्यत्वादक्षयत्वाच्च सर्वदा।।
अर्थः ज्ञान का सार सभी पदार्थों में सबसे अच्छा है, क्योंकि इसे किसी के द्वारा पराजित नहीं किया जा सकता है, इसका मूल्य नहीं लिया जा सकता, और यह कभी नष्ट नहीं होगा।

## खबर एक नजर...

### भाजपा नेता की बारात में फायरिंग, महापौर भी थे मौजूद



**इंदौर।** इंदौर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष की बारात में हर्ष फायर किए गए। इसका वीडियो सामने आया है। हालांकि, बारात में शामिल बीजेपी पदाधिकारियों ने घटना की जानकारी न होने की बात कही है। वहीं, पुलिस जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही है। इख ट के नगर अध्यक्ष सौगात मिश्रा की बारात 5 दिसंबर को तेजाजी नगर इलाके से गोल्डन ब्लॉसम रिसॉर्ट तक गई थी। इसमें कई पार्टी नेता शामिल हुए थे। बारात में शराब माफिया, महू के एक गैंगस्टर के बेटे सहित कई स्थानीय लोग भी मौजूद थे। बारात के दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। इसी दौरान शराब माफिया और बीजेपी से जुड़े एक नेता ने बंदूक और पिस्तौल से हर्ष फायर किए। बारात में इंदौर के मेयर पुष्यमित्र भार्गव, राऊ विधायक के प्रतिनिधि, स्थानीय पार्षद भी शामिल हुए थे। मेयर का नाचते हुए वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। मामले पर क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने कहा- वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। जो भी वैधानिक कार्रवाई होगी, वह की जाएगी।

### एवरेस्ट विजेता भावना डेहरिया को मिलेगा विक्रम अवॉर्ड

**इंदौर।** माउंट एवरेस्ट फतह कर प्रदेश का नाम रोशन करने वाली पर्वतारोही भावना डेहरिया को विक्रम अवॉर्ड मिलने का रास्ता साफ हो गया है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने सोमवार को उनके चयन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी और राज्य सरकार के निर्णय को सही ठहराया। कोर्ट ने आदेश सुनाते हुए कहा कि 2023 के एडवेंचर स्पोर्ट्स कैटेगरी के लिए राज्य सरकार द्वारा लिया गया निर्णय नियमों के अनुरूप है और इसमें किसी प्रकार की त्रुटि नहीं है। भावना के एडवोकेट अनुनय श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से इस मामले में डिप्टी एडवोकेट जनरल श्रेय राज सक्सेना ने प्रभावी तरीके से पक्ष रखा, जिसे न्यायालय ने स्वीकार किया। यह याचिका मधुसूदन पाटीदार द्वारा दायर की गई थी। इसमें उन्होंने दावा किया था कि वे भावना डेहरिया से वरिष्ठ हैं और उन्हें ही पुरस्कार मिलना चाहिए। हालांकि कोर्ट ने पाया कि पाटीदार का एवरेस्ट आरोहण वर्ष 2017 का है, जो मध्य प्रदेश पुरस्कार नियम, 2021 के अनुसार निर्धारित पांच वर्ष की पात्रता अवधि से बाहर है।

### नहीं टूटेगी रानी सराय, पुलिस लाइन तोड़ बनेगा मेट्रो स्टेशन

**इंदौर।** अब मेट्रो परियोजना के लिए रीगल तिराहा स्थित 117 साल पुराने ऐतिहासिक रानी सराय पुलिस मुख्यालय को नहीं तोड़ा जाएगा। पलासिया पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे मेट्रो के अफसरों ने पुलिस अफसरों को बताया कि मेट्रो परियोजना में पुलिस की चार प्रॉपर्टी आ रही हैं, लेकिन रानी सराय स्थित पुलिस मुख्यालय को बचाया जा रहा है। पहले यहां बड़ा मेट्रो स्टेशन और पार्किंग बनाने की तैयारी थी। लोगों के विरोध और ऐतिहासिक धरोहर को देखते हुए मेट्रो के रूट को 200-300 मीटर दूर कर दिया है। नए प्लान के अनुसार, पुलिस मुख्यालय के पीछे स्थित अजाक थाना और पास की खंडहर पड़ी पुलिस लाइन तोड़ी जाएगी। पुलिस अफसरों ने दो दिन बाद मेट्रो अफसरों की बैठक करने को कहा है। इन सभी पर सहमति बनते ही कलेक्टर और अन्य विभागों से सामंजस्य बैठाकर कार्रवाई शुरू हो जाएगी।

### पुलिस कमिश्नर ने किया सुरक्षा का निरीक्षण, कलेक्टर होंगे शामिल

# रणजीत हनुमान प्रभातफेरी 12 को, आज ध्वजा पूजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में रणजीत हनुमान प्रभात फेरी 12 दिसंबर शुक्रवार को निकाली जाएगी। आज बजे मंदिर में ध्वजा पूजन किया जाएगा। कलेक्टर शिवम वर्मा सहित अन्य अधिकारी इसमें शामिल होंगे। इस अवसर पर 11 हजार ध्वजाओं का पूजन किया जाएगा। जिन्हें बाद में प्रभातफेरी में भक्तों (मातृ शक्ति और पुरुषों) को दिया जाएगा।

पं.दीपेश व्यास ने बताया कि, ये ध्वजा 12 दिसंबर को निकलने वाली प्रभातफेरी में मातृ शक्तियों और पुरुषों के हाथों में रहेगी। इन ध्वजाओं के साथ मातृ शक्तियां और पुरुष प्रभातफेरी में शामिल होकर चलेंगे। पं. व्यास ने बताया कि यह प्रभात फेरी का 140वां वर्ष है। चार दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन बुधवार को मंदिर परिसर को 51 हजार दीपों से रोशन किया जाएगा। इस दिन भजन संध्या होगी। तीसरे दिन गुरुवार को विग्रहों का महाभिषेक और सवा लाख रक्षा सूत्रों का अभिमंत्रित कर भक्तों में वितरित किया जाएगा। इसके बाद शुक्रवार सुबह 5 बजे स्वर्ण रथ में प्रभात फेरी निकाली जाएगी।



इस वर्ष किए जा रहे नवाचार में पहला मौका होगा जब दो नवीन विषयों पर भक्त झांकियों को निहार सकेंगे। इसमें पहली झांकी में माता अंजनी की गोद में बाल स्वरूप में हनुमान भक्तों को दर्शन देंगे।राम राज्य की कल्पना पर आधारित झांकी भी आकर्षण का केंद्र होगी। रणजीत बाबा के रथ को 500 सदस्य खींचेंगे। प्रभात फेरी का करीब 4 किमी लंबा यात्रा मार्ग रहेगा। प्रभातफेरी मंदिर परिसर से शुरू होकर द्रविड़ नगर चौराहे से महू नाका चौराहा। महू नाका चौराहे से दशहरा मैदान होते हुए अन्नपूर्णा मंदिर पहुंचेगी। अन्नपूर्णा मंदिर से यात्रा नरेंद्र तिवारी मार्ग होते हुए वापस मंदिर परिसर पर समाप्त होगी। पिछले साल यात्रा में करीब 5 लाख भक्त शामिल हुए थे। इस बार उम्मीद है कि 5 लाख से ज्यादा भक्त प्रभातफेरी में शामिल होंगे।

### पुलिस कमिश्नर ने लिए सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा

ध्वजा पूजन से एक दिन पहले सोमवार शाम को पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह रणजीत हनुमान मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने पुलिस अफसरों और मंदिर प्रबंध समिति की बैठक ली। उन्होंने प्रभात फेरी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मंदिर प्रबंधक नागेश्वर सिंह के अनुसार चार दिनी महोत्सव के लिए मंदिर में दो मेटल डिटेक्टर मशीन लगाई जाएगी। इससे होकर ही हर भक्त को प्रवेश मिलेगा। प्रभातफेरी में भी सीसीटीवी और ड्रोन के माध्यम से नजर रखी जाएगी। इस बार रागिनी मक्खर सहित कई कलाकारों की प्रस्तुति भी होगी। प्रभातफेरी से पहले युवाओं ने शांति मार्च निकालकर व्यवस्थाओं में सहयोग देने की अपील की।

### अवैध रूप से भारत में रह रहे पति को डिपोर्ट कराने, दूसरी शादी रोकने की मांग

# इंदौर की पाकिस्तानी बहू पहुंची हाईकोर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में पांच साल पहले ब्याही गई पाकिस्तानी युवती निकिता ने कानूनी लड़ाई शुरू कर दी है। पाकिस्तान के कराची में रहकर निकिता ने इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। दूसरी ओर इस मामले की जांच गृह मंत्रालय ने भी शुरू कर दी है।

सोमवार को निकिता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर पति विक्रम नागदेव को पाकिस्तान डिपोर्ट करने और दूसरी शादी करने से रोकने की मांग की है। निकिता की ओर से एडवोकेट दिनेश रावत ने यह याचिका दायर की है। इस मामले में अगले सप्ताह सुनवाई होने की संभावना है।

निकिता ने पति विक्रम नागदेव और उसकी मंगेतर शिवानी ढींगरा सहित भारत के विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय, आयकर विभाग, इंदौर कलेक्टर, इंदौर पुलिस कमिश्नर, सिंधी पंचायत के अध्यक्ष किशोर कोडवानी को भी पार्टी बनाया है।

मामले में गृह मंत्रालय ने भी जांच शुरू कर दी है। गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने सोमवार को विक्रम नागदेव से जुड़े दस्तावेज जुटाए हैं। गृह मंत्रालय के अधिकारी ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बताया कि विक्रम ने भारत में रहकर अपने नाम से जो भी संपत्ति खरीदी है, उसकी जांच की जाएगी।



इतना नहीं उसके आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित अन्य शासकीय दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी। गृह मंत्रालय ने कलेक्टर कार्यालय से विक्रम नागदेव के संबंध में मिली शिकायत की कॉपी भी मांगी है। यह शिकायत सिंधी पंचायत की ओर से गई थी। इसमें कहा गया था कि विक्रम नागदेव भारत में अवैध रूप से रह रहा है। और उसने यहां सभी जरूरी सरकारी दस्तावेज तैयार कर संपत्ति खरीदी है। बताया जा रहा है कि गृह मंत्रालय ने विक्र नागदेव के मामले में दर्ज की गई याचिका की जानकारी भी ली है।

**मैरिज सर्टिफिकेट में पाकिस्तान नागरिक यही सबसे बड़ा सबूत-** निकिता की ओर से दायर याचिका में उसने विक्रम नागदेव से हुई शादी का सर्टिफिकेट भी पेश किया है। यह पाकिस्तान की ओर से जारी किया गया है। इसमें विक्रम नागदेव और निकिता दोनों को पाकिस्तानी नागरिक बताया गया है। पाक सरकार की ओर से जारी मैरिज सर्टिफिकेट में शादी की तारीख 20 जनवरी 2020 लिखी है। निकिता का कहना है कि यह उसकी शादी का सबसे बड़ा सबूत है। इसके बावजूद विक्रम दिल्ली की शिवानी ढींगरा से सगाई कर ली है, जबकि हम दोनों के बीच तलाक भी नहीं हुआ है। निकिता ने ससुराल वालों पर आरोप लगाया कि उसे शादी के तीन माह बाद ही जबरन पाकिस्तान भेज दिया गया।

# पीथमपुर का जवान अरुणाचल प्रदेश में शहीद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पीथमपुर

पीथमपुर की वृंदावन कॉलोनी में रहने वाले 22 वर्षीय मनीष यादव, जो भारतीय सेना में तकनीकी पद पर तैनात थे, अरुणाचल प्रदेश में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए। ऊर्जा उपकरणों पर काम करते समय हुए शॉर्ट सर्किट के कारण उन्हें तेज करंट लगा और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना 3 दिसंबर की शाम पर्वतीय क्षेत्र में हुई, जहां उनकी यूनिट नियमित तकनीकी कार्य कर रही थी। उनकी शहादत की खबर मिलते ही पीथमपुर में शोक की लहर फैल गई। मनीष मूल रूप से बिहार के निवासी थे, लेकिन पिछले 20 वर्षों से पीथमपुर की वृंदावन कॉलोनी में रह रहे थे। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद 6 दिसंबर को सेना ने उनका पार्थिव शरीर विशेष विमान से बिहार स्थित पैतृक गांव भेजा। वहां पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। परिवार, ग्रामीण और सेना के जवानों की मौजूदगी में पूरा वातावरण भावुक हो उठा। मनीष की शहादत की सूचना जैसे ही पीथमपुर पहुंची, वृंदावन कॉलोनी में लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा होने लगे। देर रात तक मित्र, पड़ोसी और परिचित परिवार को सांत्वना देने पहुंचते रहे। स्थानीय लोगों ने कहा कि मनीष बचपन से ही अनुशासित, विनम्र और जिम्मेदार थे तथा सेना में भर्ती होना उनका सपना था।



# फर्जी कागजात बनाकर मां की संपत्ति हड़पने का मामला

### पुलिस ने नहीं सुनी तो अदालत गया फरियादी, कोर्ट के निर्देश पर भाई के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर की तिलक नगर पुलिस ने संपत्ति विवाद में कोर्ट के परिवाद के बाद देवास निवासी एक व्यक्ति पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपी ने मृत मां की संपत्ति अपने नाम करवाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किए और सात भाई-बहनों को अनजान रखकर भूखंड बेच दिया। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता अजय जायसवाल निवासी सिरोलिया रोड देवास ने पुलिस को बताया कि उनके भाई ओमप्रकाश जायसवाल निवासी महादेव तोतला नगर ने असत्य शपथपत्र और अन्य दस्तावेज तैयार करवाकर खुद को मृत मां पार्वती बाई का कानूनी वारिस बताते हुए नगर निगम में संपत्ति कर का खाता खुलवा लिया। इसके बाद 1995 में पार्वती बाई के नाम दर्ज महादेव तोतला नगर स्थित भूखंड का नामांतरण करवा लिया। अजय ने दिसंबर 2024 में इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर उन्होंने कोर्ट का रुख किया। कोर्ट के निर्देश के बाद तिलक नगर पुलिस ने ओमप्रकाश सहित अन्य संबंधियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




### माता-पिता ने नहीं किया था उत्तराधिकारी घोषित

परिवार के मुताबिक उनके पिता का निधन 2006 में और मां का 2007 में हुआ था। माता-पिता के जीवनकाल में कभी भी ऐसा अनुबंध नहीं हुआ, जिसमें सभी भाई-बहनों ने ओमप्रकाश को उत्तराधिकारी घोषित किया हो। इसके बावजूद उसने दस्तावेज तैयार कर संपत्ति अपने कब्जे में ले ली।

### 2022 में बेच दिया प्लाट, गोदाम बनाकर किराए पर दी

आरोप है कि वर्ष 2022 में ओमप्रकाश और उसकी बेटी ने यह प्लॉट दीपा पति राहुल चौहान को बेच दिया। बाद में यहां गोदाम बनाकर स्क्रैप व्यापारी को किराए पर दिया गया और किराया वसूला जाने लगा। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि खरीदार राहुल चौहान को संपत्ति विवाद और धोखाधड़ी की जानकारी पहले से थी। इसके बाद भी जून 2024 में ओमप्रकाश, राहुल और उनके सहयोगियों ने मिलकर विक्रय पत्र तैयार करवाया। मामले में ओमप्रकाश के दो दामाद अमित और कपिल की भूमिका भी सामने आई है।

## खबर एक नजर...

### मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष चुने जाने पर किया यादव का अभिनंदन

**उज्जैन।** श्री महाकाल बाबा के अनन्य भक्त वरिष्ठ समाजसेवी नारायण यादव को मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर वर्ल्ड रिकॉर्ड फाइन आर्ट्स ग्राफिक्स आर्टिस्ट संजय लश्करी ने प्रख्यात अभिनेता विनय आनंद के साथ अभिनंदन कर शुभकामनाएं प्रेषित की। संजय लश्करी ने बताया अभिनंदन करते हुए बाबा महाकाल से प्रार्थना की कि श्री यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की युवा प्रतिभाओं के उज्ज्वल भविष्य और सशक्त प्रतिभा को राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय पटल पर प्रोत्साहन प्राप्त हो।

### माधव कॉलेज में सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर कैडेट्स ने की धनराशि एकत्रित



**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस सांस की माधव महाविद्यालय, उज्जैन की 10 म.प्र. बटालियन की एनसीसी इकाई द्वारा सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में शिक्षकों कर्मचारीयों एवं विद्यार्थियों को भारतीय सेना के शूरवीरों के कारनामों से अवगत कराया।

एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. मोहन निमोले के नेतृत्व में आयोजन हुआ आपने बताया कि कैडेट्स ने महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों के सहयोग से आठ हजार एक सौ छियालीस रुपये की राशि एकत्रित कर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, उज्जैन की और प्रेषित की गई। इस अवसर पर छात्र संघ प्रभारी डॉ. जफर महमूद, डॉ. दिनेश जोशी, हवलदार यजविन्दर सिंह, डॉ. नीरज सारवान, डॉ. प्रमोद मालवीय, खेल अधिकारी नवीन कोरट, डॉ. जी.एल.खगोडे, डॉ. गणेश राठौर, प्रो. आनंद ठाकुर, राधेश्याम मेवाड़ा सहित एनसीसी कैडेट्स उपस्थित में राशि एकत्रित की गई।

### उपकेश्वर महादेव मंदिर से महाकाल मंदिर तक निकाला पैदल मार्च

# महाकालेश्वर मंदिर में व्याप्त अवस्थाओं को लेकर युवक कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, मंदिर प्रशासन के नाम ज्ञापन





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

विश्व प्रसिद्ध भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर में चल रही अव्यवस्थाओं को लेकर युवक कांग्रेस ने प्रदर्शन किया और निराकरण हेतु मंदिर प्रशासन के नाम ज्ञापन सोपा।

ज्ञापन में उल्लेखित प्रमुख रूप से उज्जैन के नागरिकों के लिए भस्म आरती दर्शन हेतु प्रथक से व्यवस्था की जावे, सप्ताह में तीन दिन सामान्य दर्शन दर्शनार्थियों को पृथक से दर्शन हेतु प्रवेश दिया जाए, भगवान महाकालेश्वर मंदिर में चढ़ने वाली दान राशि का प्रकाशन हो, भस्म आरती के नाम पर आम दशार्नार्थियों से लूटपाट बंद हो, भस्म आरती प्रोटोकॉल का मीडिया में प्रकाशन किया जावे, मंदिर में सालों से जमे हुए कर्मचारियों को रोट्रेट किया जावे, श्रद्धालुओं के साथ होने वाले दुर्व्यवहार पर रोक लगाई जावे, मंदिर की सुरक्षा में लगे हुए सुरक्षाकर्मी व स्टाफ को इस संबंध में ट्रेनिंग दी जावे, वीआईपी कल्चर शीघ्र बंद किया हो, सुरक्षा कर्मियों को बीमा व्यवस्था उपलब्ध कराई जावे और मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों के साथ होने वाली अनहोनी घटना पर उनकी मदद हेतु उन्हें मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जावे, मंदिर में दी जाने वाली दान सामग्री को भी सार्वजनिक किया जावे।

इन सब मांगो को लेकर युवक कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में उपकेश्वर महादेव मंदिर पर सैकड़ों युवाओं ने एकत्रित होकर महाकाल मंदिर तक पैदल मार्च करते हुए प्रदर्शन किया और मंदिर प्रांगण में मंदिर प्रशासक को ज्ञापन सोपा। जिस पर अव्यवस्थाओं के निराकरण हेतु मंदिर प्रशासन ने आश्वस्त किया कि आपकी मांगों का निराकरण शीघ्र किया जाएगा। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवव्रत यादव, चंदू यादव, चंद्रभान सिंह चंदेल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया ठाकुर, पार्षद छोटेलाल मंडलोई, लालचंद भारती, वरुण शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक लाला, सतीश मरमट, रहीम लाला, कांग्रेस दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष यशराज चढ़ा, यश जैन नागदा, विधानसभा अध्यक्ष वीरल गुर्जर, कृष्णा यादव, ऋतुराज चौहान, पूर्व पार्षद अर्जुन यादव, मनोज ठाकुर, बाबू यादव, नकुल यादव, योगेश दायमा, सौरभ यादव, तनिष्क, सावन तिलकर, संजू वर्मा, विकास मालवी, गोपाल आंजना, अमनदीप सिंह, शारिक मस्ताना, अर्जुन सोलंकी, देवेंद्र पाटनी, नीलम विश्वास, रश्मि त्रिवेदी आदि सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

## खेलो इंडिया में विश्नेश, प्रणव और आदित्य ने जीते पदक



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

जयपुर राजस्थान में आयोजित खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में क्षीरसागर मलखंब सेंटर के प्रणव विश्नेश और आदित्य ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के साथ कास्य पदक अर्जित किये।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी हेतु अखिल भारतीय विश्वविद्यालय चैम्पियनशिप जिसमे पूरे देश से लगभग 50 से 60 विश्वविद्यालयों की टीमें भाग लेती है इनमे से 8 सर्वोच्च विश्वविद्यालयों की टीम का चयन खेलो इंडिया मलखंब प्रतियोगिता हेतु किया जाता है। जिसमें उक्त खिलाड़ियों ने देश में तृतीय स्थान प्राप्त कर उज्जैन शहर एवं म.प्र. का नाम रोशन किया है वहीं बालिका टीम में क्षीरसागर की राजनंदनी कहार द्वारा सहभागिता की गई। खिलाड़ियों की इस सफलता पर जिला खेल अधिकारी ओपी हरोड़ ने प्रशिक्षक मोहनलाल बम्बोरिया, राहुल बारोड़ एवं खिलाड़ियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की।

## गीता भारतीय ज्ञान परम्परा का अद्भुत संवाद शास्त्र- डॉ. पूजा उपाध्याय

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में सोमवार को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अन्तर्गत भारतीय ज्ञान-परम्परा प्रकोष्ठ और विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में गीता जयन्ती महोत्सव का समापन समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. पूजा उपाध्याय, अध्यक्ष, विशिष्ट संस्कृत विभाग, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन थीं। उन्होंने उपस्थित सुधीजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि

गीता भारतीय ज्ञान परम्परा का अद्भुत संवाद शास्त्र है। जिसमें भगवान् श्री कृष्ण ने मनोवैज्ञानिक रीति से सात सोपानों के द्वारा अर्जुन के कर्ता भाव का जागरण किया है। कार्यक्रम की मुख्य



अतिथि सरोज अग्रवाल, प्रमुख, मध्य प्रान्त, अमृत परिवार विवेकानंद केंद्र ने अपने सम्बोधन में गीता से जीवन में कर्तव्य करने की प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा ने कहा कि गीता का तात्पर्य कर्मयोग है। हमें गीता में कहे मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. श्रेयस कोरान्ने ने बताया कि इस अवसर पर धर्मेन्द्र विपट, मनीष खंडेलवाल, डॉ. सदानन्द त्रिपाठी, डॉ. ममता मलिक, सुरितराम ध्रुव, शैलेश दुबे आदि स्टाफ सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# छात्र सम्मेलन के साथ हुए वामिका पूर्व छात्रा संगठन के चुनाव

### शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में हुई वार्षिक बैठक, रंगारंग कार्यक्रम हुए

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना के अंतर्गत विश्व बैंक पोषित एवं आइक्यूएसी के अंतर्गत वामिका पूर्व छात्रा संगठन, शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय उज्जैन की वार्षिक बैठक एवं पूर्व छात्र सम्मेलन डॉ. लीना शाह संयोजक, प्रभारी पूर्व छात्रा के निर्देशन में गांधी हॉल में रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम संगठन की वार्षिक बैठक की गई जिसमें संगठन के चुनाव किए गए। चुनाव के पश्चात संगठन की कार्यकारिणी समिति में सर्वसम्मति से डॉ. चित्ररेखा जैन अध्यक्ष, संगीता सक्सेना उपाध्यक्ष, रजनी नरवरिया सचिव, अलका राठौर सहसचिव, डॉ. रुचिका खंडेलवाल कोषाध्यक्ष, दीक्षा सोलंकी सदस्य, डॉ. लीना शाह सदस्य ने अपना पदभार ग्रहण किया।

तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पूर्व छात्राओं को महाविद्यालय के विकास हेतु शपथ दिलाई। डॉ लीना ने पूर्व छात्राओं को वामिका पूर्व छात्रा संगठन के उद्देश्य से परिचित कराते हुए एनएएसी में पूर्व छात्राओं की भूमिका के बारे में प्रकाश डाला। डॉ चित्ररेखा जैन वामिका पूर्व छात्रा अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में पूर्व छात्राओं और को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमें नवीन प्रौद्योगिकी से अपने ज्ञान को बढ़ाना चाहिए जिससे हममें आत्मविश्वास बढ़ेगा। कॉलेज का समय वह होता है जब हम अपने सपनों को गढ़ सकते हैं।

रजनी नरवरिया ने तलवारबाजी प्रशिक्षण देने की सहमति दी एवं अलका राठौर ने योग शिविर लगाने हेतु महाविद्यालय में अपनी स्वीकृति दी है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि छात्र जीवन व्यक्ति के जीवन का स्वर्ण काल होता है पूर्व छात्राएं महाविद्यालय की रीढ़ की हड्डी है। वें अपने जीवन की सफलताओं से वर्तमान विद्यार्थियों को लाभान्वित करें। पूर्व छात्राओं के स्वागत में वर्तमान छात्रा निशिका ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर मन मोह लिया। इसी कड़ी में कुछ छात्राओं ने अपने पुराने दिन याद किए। संगीत विभाग की डॉ. मीना मोघे के निर्देशन में पदमा जाधव ,सोहनी जैन, नीता जाधव और सादमा आदि ने संगीत के सुरों से समां बांध दिया। पूर्व छात्रा डॉ. नीता जाधव ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर स्वरचित कविता का पाठ किया।

सुहानी तिलचोपिया और नितिशा ने अपनी पुरानी यादों को कविताओं के रूप में प्रस्तुत किया। छात्राओं ने हरित ग्रंथालय एवं महाविद्यालय के गार्डन हेतु पौधे भेंटकर पौधारोपण किया। अंत में प्रस्तुति देने वाली सभी छात्रों को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र कुशवाह एवं आयुष वाघेला ने सहयोग किया। महाविद्यालय की वर्तमान छात्राएं बबीता पांचाल, आयुषी रावल, प्रियांशी चौहान, चंचल चौरसिया, पलक बेलिया ने भी सहयोग दिया। डॉ. पूजा साहू, डॉ. योगिता खटके, सीमा उपाध्याय, सरिता यादव, रुपाली जीनीवाल, डॉ. मीना मोघे, डॉ. कविता जैन, डॉ. स्मिता देराश्री, इंदु बंसल, डॉ. रूपा भावसार, डॉ. अंजना बुंदेला, डॉ. मीरा यादव, डॉ. मधुबाला राठौर, डॉ. मधुबाला खंडेलवाल, अब्दुल वाहिद, अजय हाडा, घनेंद्र, डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. शबाना, डॉ. आनंद सिंदल, डॉ. मनीष परमार, डॉ. भावना नागर एवं संपूर्ण महाविद्यालयीन परिवार उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर...

### षोडशी भण्डारा के साथ हुई साध्वी ज्ञानप्रभाजी की चादर विधि

**उज्जैन।** ब्रह्मलीन 108 श्री स्वामी निमूर्लानन्दजी महाराज का शरीर पंचतत्व में विलीन होने के पश्चात षोडशी भण्डारा व साध्वी ज्ञानप्रभाजी का चादर विधि समारोह आयोजित किया गया। हरिॐ आश्रम, गणेश कॉलोनी, जयसिंहपुरा में श्रृद्धांजलि सभा के पश्चात चादर विधि सम्पन्न हुई। तत्पश्चात षोडशी भण्डारा प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर चारधाम मंदिर पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर स्वामी शांतिस्वरूपानन्दजी महाराज, दण्डी स्वामी वितरागानंदजी महाराज, रामेश्वर गिरीजी महाराज, विध्यापुरीजी, गणेश गुरू, विश्व हिंदू परिषद से मुकेश खण्डेलवाल, महेश तिवारी, दिलीप शर्मा, कन्हैया पहलवान, सतीश सोनी, पंडित योगेश व्यास आदि भक्तगण उपस्थित थे। साथ ही आश्रम से स्वामी सुबोधानंद जी, स्वामी विष्णुदेवानन्दजी महाराज, साध्वी ज्ञान ज्योति साध्वी भगवती, स्वामी उमेशानन्द, स्वामी नित्य गोपालानंद हरिॐ आश्रम ट्रस्ट एवं समस्त गुरू परिवार मौजूद रहा, जानकारी महेश तिवारी ने दी।

### नया युग श्रम संहिता जागरूकता शिविर में दी चार श्रम संहिताएं की जानकारी

**उज्जैन।** दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड द्वारा नया युग श्रम संहिता जागरूकता शिविर ग्राम पंचायत जमालपुरा में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय इंदौर प्रभारी जगदीप सिंह ने चार श्रम संहिता कानून की जानकारी देते हुए बताया कि मोदी सरकार की गारंटी महिला कार्यबल के लिए चार श्रम संहिताएं लागू की गई है जिसमें लिंग के आधार पर भेदभाव वर्जित, समान कार्य के लिए समान वेतन, सहमति के साथ नाइट शिफ्ट में काम करने की अनुमति, घर से काम करने का प्रावधान, 3,500 का मेडिकल बोनस, सभी प्रकार के कार्यों (भूमिगत खनन एवं भारी मशीनरी सहित) में काम करने की अनुमति शामिल है। रेखा वाघमारे प्रभारी, मीनाक्षी गोस्वामी माध्यमिक शिक्षक, चित्र नायक व सहायक शिक्षक सरपंच जिनेन्द्र सुराता, सचिव रामप्रसाद राजोरिया, किरण सिसोदिया, राजकुमारी गुजराती आदि उपस्थित थे।

### दादा दयालु, सुख दुख के साथी है, जो सबके साथ खड़े हैं - मंगेश श्रीवास्तव

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के बड़े भाई समाजसेवी नारायण यादव के मध्यप्रदेश कुश्ती महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगेश श्रीवास्तव एवं सचिन खरे अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला अध्यक्ष आगर मालवा द्वारा अभिनंदन किया गया। तिलकेश्वर गौशाला पर मंगेश श्रीवास्तव द्वारा समाजसेवी नारायण यादव का फूलों की माला, मोतियों की माला एवं फूलों का गुलदस्ता के साथ केसरिया दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इसके साथ ही सुरेन्द्र यादव को कुश्ती महासंघ का प्रदेश उपाध्यक्ष तथा उमेश ठाकुर को प्रदेश सहसचिव बनाए जाने पर मंगेश श्रीवास्तव के साथ सचिन खरे अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला अध्यक्ष आगर मालवा, प्रियांश श्रीवास्तव, शिव श्रीवास्तव द्वारा स्वागत किया गया।

# वर्धमान ग्रुप ने किया श्री शांति नाथ मण्डल विधान का आयोजन

### सक्रिय सज्जन ही देश, राष्ट्र ओर दुनिया के लिए हितकारी है झ्रमुनि श्री 108 श्रवण सागर जी महाराज

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



धार्मिक, सामाजिक, संस्कारी कार्यक्रमों में सदैव अग्रणीय रहने वाले दिगम्बर जैन समाज के सबसे बड़े दंपति ग्रुप वर्धमान ग्रुप द्वारा श्री शांति नाथ जिनालय विनोद मिल परिसर में भव्य श्री शांति नाथ मण्डल विधान का आयोजन मुनि श्री 108 निर्णय सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में किया गया। जिसमें वर्धमान ग्रुप के दंपति साथियों ने इंद्र इंद्राणी बनकर पूजन विधान बड़े भक्ति भाव से किया।

ग्रुप के अध्यक्ष पंकज जैन, सचिव नमन बिलाला ने बताया कि कार्यक्रम का प्रारंभ श्री जी के कलशाभिषेक एवं शांति धारा से हुआ जो मुनि श्री 108 ओंकार सागर जी महाराज के मुखारबिंद से बोली गई। तत्पश्चात मुनि संघ के पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट कर उनके प्रवचन का लाभ संपूर्ण जैन समाज ने लिया, मंगलाचरण सभी संयोजकों ने सामूहिक रूप से किया।

समाज में चार प्रकार के लोग होते है। निष्क्रिय दुर्जन, निष्क्रिय सज्जन, सक्रिय सज्जन ओर सक्रिय दुर्जन

निष्क्रिय दुर्जन से समाज को न कोई खतरा है और न ही दुनिया को कोई फायदा है, वे तो सप्त व्यसन में ही लिप्त रहते हैं न किसी का बुरा करते है न किसी का भला होता है। सक्रिय दुर्जन रावण ओर आतंकवादी जैसे होते है जो समाज और देश, दुनिया के लिए खतरा होते हैं,सक्रिय सज्जन, राम जी जैसे होते है,वो किसी को छेड़ते नहीं पर कोई उन्हें छेड़ता है तो वे किसी को छोड़ते भी नहीं, मोदी जी जैसे ये समाज देश दुनिया ओर स्वयं के लिए भी अच्छे होते है

निष्क्रिय सज्जन मुनिराज जैसे जो समाज को कोई नुकसान नहीं देते स्वयं का कल्याण करते हैं। अतः हमको समाज पर, देश पर, दुनिया पर बोझ नहीं बनना हैं और सक्रिय सज्जन की तरह अपना जीवन जीना हैं।

मण्डल विधान के संयोजक सलिल जैन, नितिन जैन, अखिलेश जैन, राहुल जैन, शशांक जैन स्वप्निल जैन और सुमित जैन ने बताया कि आर्यिका 105 पूर्णमति माताजी द्वारा रचित मण्डल विधान में सौ धर्म इंद्र इंद्राणी अभिषेक अर्पिता राणा, सनत इंद्र इंद्राणी दिवेश रश्मि सेठी, ईशान इंद्र इंद्राणी तन्मय नैन्सी सिंघई, महेंद्र इंद्र इंद्राणी सौरभ रोशनी जैन, कुबेर इंद्र इंद्राणी नीरज पिंकी जैन को बनने का सौभाग्य मिला एवं झंडारोहण कर्ता मयूर नेहा जी जैन ने किया। सम्पूर्ण विधान में लगने वाली द्रव्य सामग्री के पुण्यार्जक शैलेन्द्र संगीता जैन थे। मुनि श्री 108 निर्णय सागर जी महाराज ने अपने प्रवचनों में वर्धमान ग्रुप के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि क्लब संस्कृति से दूर वर्धमान ग्रुप जैन धर्म के मूल भूत सिद्धांतों का पालन करते हुए समाज के युवाओं को जोड़ कर धार्मिक सामाजिक कार्यों को कर रहा हैं जो आज के समय की महती आवश्यकता हैं।

# हाथ कांपे, आवाज लड़खड़ाई पर अमां चवंदी हुई सिंधी संस्कृति को साझा किया मंच

### बुजुर्गों की स्मृतियां को संस्मरण, भाषण, गीत, कविता, मुहावरे तथा कहानी, के माध्यम से साझा किया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम ₹अमां चवंदी हुई₹ का शुभारंभ 7 दिसम्बर की शाम वरिष्ठ गीतकार ईश्वरचंद्र चंचलानी के कर कमलों से दीप प्रज्वलित कर आरंभ हुआ। संस्था निदेशक डॉ. पल्लवी किशन ने बताया अमां चवंदी हुई कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ ही सिंधी संस्कृति के उन अनछुए पहलुओं को मंच पर लाना था जो हम घर के बुजुर्गों से बातों ही बातों में सुनकर हमारे जेहन में संस्कारों के रूप धारण कर लेता है। मंच पर लोगों ने अपने बुजुर्गों की स्मृतियां को संस्मरण, भाषण, गीत, कविता, मुहावरे तथा कहानी, के माध्यम से साझा किया।

इस अवसर पर हिमांशु हंस, कुमारी स्तुति खत्री, एवं हिया रामानी ने शास्त्रीय नृत्य कथक पर आधारित सिंधी गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी।

इस अवसर कई ऐसे लोग भी थे जो पहली बार मंच पर प्रस्तुति देने के लिए आए, उनके हाथ कांपते, शब्द लड़खड़ाते नजर आए लेकिन बाद में हिम्मत जुटाकर मां से जुड़ी अनेक मीठी स्मृतियों को मंच पर साझा करने खुश नजर आए।

डॉ.पल्लवी किशन ने बताया कि इस कार्यक्रम में चयनित लोगों को 14 दिसंबर को होने वाले मुख्य कार्यक्रम में मंच पर प्रस्तुति की देने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षाविद् चिमनदास लखाणी, कुमार किशन, राजकुमार पारसवानी, विजय भागचंदानी, चंदीराम जेठवानी, जी डी वाधवानी, नरेंद्र सबनानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मीना वाधवानी ने किया एवं सहयोग श्री योगिता रोचवानी, सूर्यदेव ओल्हन ने किया।

### उत्तरवाहिनी सेवा समिति ने श्रीमती उपाध्याय को अर्पित की श्रद्धांजलि

**उज्जैन।** सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यों में समर्पित स्वर्गीय राधा बाई उपाध्याय को संस्था उत्तरवाहिनी सेवा समिति द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर श्रद्धांजलि सभा के अध्यक्ष एवं उत्तरवहिनी सेवा समिति के सक्रिय सदस्य अविनाश राठौर ने स्वर्गीय राधा बाई उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सामाजिक कार्यों एवं सभी के सुख दुख में सदैव तत्पर रहते हुए पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन आपके द्वारा किया गया। श्रद्धांजलि सभा में रामकृष्ण उपाध्याय, राजेश तिवारी कमलेश शर्मा भोपाल, अश्विन जोशी, अशोक खत्री महेन्द्र उपाध्याय सहित समिति के कार्यकर्ता उपस्थित थे। उपस्थित सभी व्यक्तियों ने स्व.श्रीमती उपाध्याय जी के सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यों के प्रति निष्ठा कि भूरि-भूरि प्रशंसा की,

# 51 असहाय एवं वृद्धजन को कराई निःशुल्क आध्यात्मिक यात्रा




**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

फोटोग्राफर एसोसिएशन और साधना कैमरा द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क आध्यात्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें 51 असहाय एवं वृद्धजन को उज्जैन से पशुपतिनाथजी, सांवरिया सेठ, खाटूश्याम, मेंहदीपुर बालाजी, गोकुल गोवर्धन परिक्रमा बरसाना मथुरा, वृंदावन की यात्रा कराई गई।

उज्जैन फोटोग्राफर एसोसिएशन और साधना कैमरा फोटो वीडियो परिवार की तरफ से की गई इस अनूठी पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर बुजुर्गों को यात्रा कराना है' फोटोग्राफी के क्षेत्र के साथ उज्जैन आध्यात्मिक बाबा महाकाल की नगरी है। यात्रा में शामिल लोगों ने कहा कि यह पहल निश्चित रूप से समाज के लिए एक प्रेरणा है और उम्मीद है कि उज्जैन फोटोग्राफर एसोसिएशन और साधना कैमरा आगे भी इसी तरह के आयोजन करेंगे ' यह पहल सभी के लिए गर्व की बात है '

# 11 जनवरी तक कालिदास अकादमी में होगा अंतर्राष्ट्रीय ठहाका महोत्सव

### मंजर भोपाली और पॉपुलर मेरठी सहित 200 से अधिक कवि आएंगे अंतर्राष्ट्रीय ठहाका महोत्सव में

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

26वां अंतर्राष्ट्रीय ठहाका सम्मेलन 11 जनवरी को कालिदास अकादमी में शाम 6 बजे से आयोजित किया जाएगा।

उक्त जानकारी देते हुए अंतर्राष्ट्रीय ठहाका सम्मेलन के संस्थापक-संयोजक डॉ. महेन्द्र यादव ने बताया कि कला, साहित्य और संस्कृति को समर्पित चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ठहाका महोत्सव 8 से 11 जनवरी तक भव्य रूप से मनाया जाएगा। डॉ. यादव के अनुसार महोत्सव में कला व संस्कृति के विविध आयोजनों का समावेश किया गया है, जिनमें उभरते कलाकारों को मंच प्रदान किया जाएगा। 8 जनवरी को ओपन माइक, 9 जनवरी संगीत प्रतियोगिता, 10 जनवरी नृत्य प्रतियोगिता, 11 जनवरी प्रातः 9 बजे से कवि समागम होगा जिसमें देश-विदेश से आने वाले 200 से अधिक कवियों की उपस्थिति रहेगी। 11 जनवरी शाम 6 बजे अंतर्राष्ट्रीय ठहाका सम्मेलन का भव्य समापन समारोह होगा।

डॉ. यादव ने बताया कि समापन सत्र में फिल्म कलाकारों, स्टैंड-अप कॉमेडियन, मिमिक्री कलाकार और प्रसिद्ध हास्य कवियों को आमंत्रित किया गया है। ठहाका महोत्सव को भव्य स्तर पर आयोजित करने हेतु विभिन्न समितियाँ बनाई गई हैं, जो अपने-अपने दायित्व निभाएंगी। ओपन माइक शो के विभागीय प्रभारी रवि भूषण श्रीवास्तव, संगीत प्रतियोगिता के प्रीति दीक्षित, नृत्य प्रतियोगिता रजनी नरवरिया, कवि समागम के विभागीय प्रभारी नमिता नमन (दिल्ली) रहेंगे। आयोजन समिति में डॉ. महेन्द्र यादव, हरि सिंह यादव, ललित लुल्ला, राजेन्द्र शाह, रितिक यादव, आशीष खंडेलवाल, मनोहर परमार, पण्डित विजय तिवारी, राहुल प्रजापति, प्रभात शर्मा, जितेन्द्र जोशी, शरद वाघमारे आदि शामिल है।

## खबर एक नजर...

### नई दिल्ली के वीरेंद्र शर्मा को आजीवन उपलब्धि सम्मान

**उज्जैन।** प्रतिष्ठित कला संस्था ₹कलावर्त न्यास₹ द्वारा अपने वार्षिक कला आयोजन चार दिवसीय अंतर राष्ट्रीय कला पर्व के अवसर पर प्रतिवर्ष दिए जाने वाले राष्ट्रीय कला अलंकरणों की श्रृंखला में दिया जाने वाला गौरव पूर्ण ,₹आजीवन उपलब्धि सम्मान₹ (लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड) इस वर्ष नई दिल्ली के वरिष्ठ कला साधक विजेंद्र शर्मा को दिया जाएगा।

न्यास के सचिव पवन गरवाल ने बताया कि इस संदर्भ में न्यास समिति की विशेष बैठक मे वीरेंद्र शर्मा का चयन सर्व सम्मति से किया गया। गरवाल के अनुसार वीरेंद्र शर्मा को यह प्रतिष्ठा सम्मान इस वर्ष आयोजित हो रहे 27वे अंतरराष्ट्रीय कला उत्सव के शुभारंभ दिवस 25 दिसंबर की संध्या संपन्न होने वाले राष्ट्रीय अलंकरण समारोह में प्रदान किया जाएगा। सम्मान के तहत श्री शर्मा को न्यास के वरिष्ठ मार्गदर्शक डीएचएल इंफ्रा बुल्स प्रा. ली.इंदौर के चेयरमैन डॉ. संतोष सिंह द्वारा 51000 रुपए की सम्मान निधि के साथ ही महाकाल का उत्तरीय, रजतमाला तथा वाग्देवी की प्रतिमा भेट की जावेगी।

### उज्जैन में बनेगा अद्भुत जैन जहाज मंदिर, भूमिपूजन खाद मुहुर्त हुआ

**उज्जैन।** प्रवचन प्रभावक जैनाचार्य श्री सागरचंद्रसागर सूरिजी की पावन निश्रा में भूखी माता मंदिर रोड़ पर गुरूद्वारे के पास एक अद्भुत जहाज मंदिर निर्माण के संकल्प के साथ भूमिपूजन किया गया। आ. गुरूदेव अशोक सागर सूरिश्वरजी के आशीर्वाद से श्री शक्रस्तव पद्मावती शक्ति पीठ के तत्वावधान में रविवार 7 दिसंबर को सुबह 7 बजे नवग्रह पूजन, क्षेत्रपाल पूजन आदि विधि विधान पूर्वक शुभमुहूर्त में जैनमंदिर का खाद मुहूर्त हुआ। प्रसन्न लोढ़ाके सुप्रयत्नसे एवं उज्जैन के अनेक संघों के सहयोग एवं उज्जैन के माणिभद्र तीर्थधाम भेरुगड़, सहित अनेक संघों का इसमें साथ सहयोग रहा।

ट्रस्ट के मीडिया प्रमुख विकास कोठारी ओर प्रदीप दख ने बताया कि सूरत आगमोध्दारक धानेरा भवन से ट्रस्टीगण राजू भाई आदि वेसु जैनसंघ व नूतन मंदिर के प्रतिष्ठा मुहूर्त हेतु पधारे थे। रतलाम से सुराणा परिवार, महिदपुर, नागदा, सूरत, नवसारी आदि अनेक शहर से अतिथिगण आये। इस प्रसंग परसा. पूणयशा श्रीजी मसा भी पधारे। पूरा मंदिर दूर से एक विशाल जहाज जैसा भव्य दिखेगा एवं उसमें शिल्प विधिनानुसार प्रभुजी विराजमान होंगे।

उज्जैन एक ऐतिहासिक नगरी है। यहां क्षिप्रा नदी के पावन तट पर अनेक मंदिर तीर्थधाम है। इतिहास अनुसार जहां कर्क रेखा का मध्यबिंदू है, जहां से क्षिप्रा दो प्रवाह में विभक्त होती है और वो भी दक्षिण से उत्तर की तरफ प्रवाहित होती है वो भूमि शुकेंद्र द्वारा सिध्दसेनजी को शक्रस्तव स्तोत्र की अर्पण भूमि एवं माता पद्मावती की वरदान भूमि है।

**राज्य शासन से गुहार लगाई, जल्द से जल्द गौ माता को राजमाता घोषित करें**

# मुक्तेश्वर महादेव धाम पर हुई श्री पावन धाम गौशाला हिंदू संगठन की बैठक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री पावन धाम गौशाला हिंदू संगठन के तत्वावधान में गौशाला के संस्थापक रमेश चंद्र गुरु महाराज, प्रदेश अध्यक्ष लखन बाथम के सानिध्य मे मुक्तेश्वर महादेव धाम नागदा पर विशाल हिंदू सेना के राष्ट्रीय संरक्षक मानक नाथ महाराज व योगी पुष्कर नाथ महाराज के मार्गदर्शन में सभी हिंदू संगठन के वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारी व जिला पदाधिकारी श्री पावन धाम गौशाला हिंदू संगठन मे अपना समर्थन कर बैठक आयोजित की गई।



गौ माता को राजमाता का दर्जा दिलाने के लिए, सनातन धर्म की रक्षा के लिए तीन राज्य के हिन्दू संगठन मुक्तेश्वर महादेव धाम पर एकत्रित हुए। जिसमें मुख्य रूप से मध्यप्रदेश पावन धाम हिंदू संगठन के प्रदेश अध्यक्ष लखन बाथम, गुजरात प्रदेश अध्यक्ष भरत परमार, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल बोडाना, गौ सेवक अभीषेक शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री जानकी लाल परमार, गुजरात प्रदेश महामंत्री पियूश पटेल, प्रदेशसह संगठन मंत्री कमल कुमावत, गौ सेवक अशोक रायकवार, पिपलोदा सागोती माता की पुरी टीम मौजूद रही। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष लखन बाथम ने कहा की मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पूरे मध्य प्रदेश में गौ माता के प्रति सनातनी धर्म के बहुत बड़े अच्छे कार्य कर रहे हैं। गौशालाओं का कार्य संपूर्ण मध्य प्रदेश में कर रहे हैं। ऐसे सनातनी मुख्यमंत्री को श्री पावन धाम गौशाला हिंदू संगठन की टीम ने बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। साथ ही राज्य शासन से गुहार लगाई कि जल्द से जल्द गौ माता को राजमाता घोषित करें। संगठन में नई कार्यकारिणी भी घोषित करते हुए नए पदाधिकारी की नियुक्तियां की गई। नियुक्ति पत्र देकर फूल माला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया। जगदीश यादव को प्रदेश प्रभारी, रोहित गोसर युवा मोर्चा उज्जैन संभाग अध्यक्ष, खाचरोद तहसील के उपाध्यक्ष दिलीप बूंदीवाल, खाचरोद के मीडिया प्रभारी गिरधारी लाल गहलोत, संदीप दावरे को नगर अध्यक्ष घोषित किया गया। यह जानकारी दयाराम चंद्रवंशी, उज्जैन ने दी।

### महाकाल नगरी में होगा ऐतिहासिक हनुमान ध्वज महासम्मेलन, सुंदरकांड महोत्सव

**उज्जैन।** 9 दिसंबर सुबह 10 बजे से हिन्दू संस्कृति संघ धर्मवीर बजरंग दल द्वारा उज्जैन जिले के इतिहास का सबसे विशाल सनातनी आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य कार्यक्रम में उज्जैन जिले के सभी 1551 श्री हनुमान मंदिरों से पवित्र धर्म ध्वजा आमंत्रित की जा रही है। सभी ध्वजाओं का विधि-विधान से पूजन होगा तथा विश्व विख्यात बागेश्वर धाम के सुंदरकांड मंडल द्वारा बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी के दिव्य मार्गदर्शन में भव्य सुंदरकांड पाठ संपन्न होगा। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर इस आयोजन में वर्चुअल वीडियो कॉलिंग के माध्यम से उपस्थित रहेंगे। आयोजन में जिले के सभी संत-महंत, कथावाचक, हनुमान मंदिर समितियां, सुंदरकांड-रामायण-हनुमान चालीसा मंडलियां, झंडा समितियां, गोशाला समितियां, गौसेवक दल, सभी हिन्दू संगठन एवं व्यायामशाला प्रमुख शामिल होंगे। संस्थापक एवं अध्यक्ष राजेश आंजना धर्मवीर ने पत्रकारवार्ता के माध्यम से बताया कि इस कार्यक्रम के चार प्रमुख लक्ष्य हैं। गाँव-गाँव एवं मोहल्लों में बंद पड़ी मंगलवार ध्वज-झंडा यात्रा को पुनः शुरू कराना, तथा भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की दिशा में गुरुकुल, व्यायामशाला एवं गौशाला युक्त हिन्दू संस्कृति केंद्रों की स्थापना।

### वरिष्ठ लोक संस्कृति मनीषी डॉ अनसूया अग्रवाल, छत्तीसगढ़ का हुआ सारस्वत सम्मान

**उज्जैन।** देश की प्रतिष्ठित संस्था राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, साहित्य और परंपराएं पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

आयोजन की मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ अनसूया अग्रवाल, राजसमुन्द छत्तीसगढ़ थीं। मुख्य वक्ता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलानुशासक प्रो शैलेंद्र कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि हरेराम वाजपेयी अध्यक्ष हिन्दी परिवार इन्दौर, राष्ट्रीय संयोजक श्री पदमचंद गांधी जयपुर, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ प्रभु चौधरी ने विषय के विविध पक्षों पर विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी में वरिष्ठ लोक संस्कृति मनीषी डॉ अनसूया अग्रवाल, छत्तीसगढ़ के जन्मदिवस के अवसर पर उनका सारस्वत सम्मान किया गया। मुख्य वक्ता प्रो शैलेंद्रकुमार शर्मा उज्जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और परम्पराएँ अत्यंत समृद्ध हैं। छत्तीसगढ़ प्रागैतिहासिक काल से लेकर रामायण - महाभारत और ऐतिहासिक काल तक अनेक महत्वपूर्ण घटनाओं का साक्षी रहा है।

# 14 दिसंबर को मनाया जाएगा श्रीश्री मौनीबाबा महाराज का 116वां पावन जन्मोत्सव

### श्रीश्री मौनीबाबा के जन्म जयंती महोत्सव पर मनेगा श्रद्धा पर्व, श्रद्धा, साधना और संस्कृति का महान उत्सव

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री मौनतीर्थ पीठ के अधिष्ठाता कलिपावनावतार, अखण्ड मौनव्रती सद्गुरु देव ब्रह्मऋषि श्रीश्री मौनीबाबा जी महाराज का 116वां जन्मोत्सव प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 14 दिसंबर को अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

यह पावन अवसर पीठ के पीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित श्रीश्री 1008 ब्रह्मनिष्ठ महामण्डलेश्वर स्वामीश्री डॉ. सुमनानंद गिरि जी महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा, जिनकी दिव्य उपस्थिति समूचे आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा और साधना की महिमा से आलोकित करेगी। जन्मोत्सव के मुख्य कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से आरंभ होंगे। सर्वप्रथम श्री मौनतीर्थ पीठ परिसर में स्थापित भगवान गंगाधर सदाशिव का विशेष अभिषेक एवं पूजन संपन्न



होगा। इस अनुष्ठान में भक्तगण शिव कृपा की कामना के साथ जल, दुग्ध और पंचामृत से अभिषेक करेंगे, जिससे वातावरण में पवित्रता और आध्यात्मिकता का अद्भुत संचार होगा। इसके बाद प्रातः 10 से 11 बजे तक अखण्ड महामृत्युञ्जय महायज्ञ का आयोजन होगा। पूज्य गुरुदेव महामण्डलेश्वर डॉ. सुमनानंद गिरि जी महाराज के मार्गदर्शन और सान्निध्य में होने वाला यह यज्ञ शांति, आरोग्य, दीघार्यु और विश्वकल्याण का प्रमुख अनुष्ठान माना जाता है। यज्ञस्थल पर मंत्रोच्चारण की दिव्य ध्वनि और हवन की पवित्र आहुतियाँ जनमानस में अलौकिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेंगी।

प्रातः 11:30 बजे श्रीश्री मौनीबाबा जी महाराज समाधि मंदिर में पावन अभिषेक एवं विशेष पूजा का आयोजन होगा, जहाँ भक्तगण अपने आराध्य सद्गुरु के प्रति कृतज्ञता और समर्पण भाव व्यक्त करेंगे। समाधि परिसर में गूंजती स्तुति और भक्ति के स्वर वातावरण को अत्यंत पवित्र और भावविभोर बना देंगे। इन सभी आध्यात्मिक अनुष्ठानों के पश्चात दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें दूर-दूर से आने वाले भक्तों, श्रद्धालुओं और साधु-संतों का ससम्मान स्वागत किया जाएगा। यह भंडारा सदैव से पीठ की उदार सेवा-परंपरा का प्रतीक रहा है, जहाँ हर आने वाले अतिथि को प्रेम, स्नेह और सम्मान से भोजन कराया जाता है। इस पावन अवसर पर श्री मौनतीर्थ पीठ हिंदी विद्यापीठ का 5वां राष्ट्रीय अधिवेशन भी शाम 4 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस अधिवेशन में देशभर से पधारे प्रख्यात हिंदी विद्वानों, साहित्यकारों और भाषासेवियों का सारस्वत सम्मान किया जाएगा तथा उन्हें विशिष्ट उपाधियाँ प्रदान की जाएँगी। हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति के संवर्धन हेतु समर्पित यह आयोजन मातृभाषा के गौरव और उसकी समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण अवसर बनेगा। पीठ प्रबंधन के अनुसार यह संपूर्ण आयोजन न केवल आध्यात्मिक प्रेरणा और साधना का केंद्र होगा, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरण और हिंदी के उत्थान का भी महत्वपूर्ण माध्यम सिद्ध होगा। श्रद्धालु जनों में इस पावन पर्व को लेकर अत्यंत उत्साह है और बड़ी संख्या में भक्तों के उपस्थिति की संभावना है।

# शहर की भीड़ भरी सड़कों पर बज रहे डीजे से आमजन परेशान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर पर बढ़ता शोर अब सिर्फ असुविधा नहीं, बल्कि एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बनता जा रहा है। विवाह-सीजन, धार्मिक शोभायात्राओं और जुलूसों में हाई-वाल्यूम डीजे के उपयोग ने कई इलाकों में ध्वनि प्रदूषण को खतरनाक स्तर तक पहुँचा दिया है। शोर नियंत्रण के नियम साफ तौर पर कहते हैं कि रात 10 बजे के बाद किसी भी तरह का तेज संगीत नहीं बज सकता। सामान्य क्षेत्रों में आवाज 55 डेसिबल से ऊपर नहीं होनी चाहिए। डीजे पर प्रतिबंध की जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट तस्वीर पेश करती है। शहर में अधिकांश इलाकों के रहवासी रात को ढंग से सो नहीं पा रहे हैं। इन



इलाकों में देर रात 90 से 110 डेसिबल अधिक का शोर होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक यह स्थिति ह्यस्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारकइ श्रेणी में आती है। शादी-ब्याह में लगे 12-14 स्पीकर्स और सबवूफर का संयोजन एक मिनी-स्टेडियम जैसे शोर पैदा कर रहा है। खासकर मोबाइल डीजे यूनिट ट्राले पर लगाए तीन से पांच हजार वाट के सिस्टम से सबसे ज्यादा शोर पैदा हो रहा है। इनकी क्षमता नियमों की सीमा से कई गुना अधिक है। जिले में छोटे-बड़े मिलाकर 500 से 700 डीजे हैं, जिन्हें संचालकों ने लोडिंग वाहनों पर बनवाए हैं। इनमें अत्याधिक तीव्र ध्वनि वाले बाक्स, लाइटिंग आदि लगाए गए हैं, जिनके सामने कमजोर हृदय वाले लोग खड़े नहीं हो पाते हैं।

### डीजे साउंड की तेज आवाज का यह होता है असर

सामान्य मानक के अनुसार 85 डेसिबल से ऊपर का शोर अगर लगातार एक घंटे तक सुना जाए तो सुनने की क्षमता को नुकसान पहुँचाने की शुरूआत हो सकती है। डीजे सिस्टम में शोर अक्सर 100 से 110 डेसिबल तक जाता है। इससे कान में घंटी बजने जैसी आवाज, सुनाई देने में कमी, चक्कर, सिरदर्द जैसी समस्याएं तुरंत महसूस हो सकती हैं। 110 डेसिबल से ऊपर का शोर सिर्फ 10-15 मिनट में स्थायी हानि की शुरूआत कर सकता है। इस शोर के कारण शरीर का स्ट्रेस हार्मोन बढ़ने लगता है। इससे दिल की धड़कन तेज होती है, ब्लड प्रेशर बढ़ता है, सांस फूलने जैसी स्थिति बनती है।

विवाह-बरात का दौर शुरू हुआ है तब से यह डीजे सारे नियमों का उल्लंघन कर बजाए जा रहे हैं। सबसे खराब स्थिति सड़क से गुजर रही बरातों और शोभायात्राओं के दौरान झेलना पड़ रहा है। मोडीफाइ कराए ट्रकों पर 20 फीट तक ऊंचे साउंड सिस्टम बांधकर अनियंत्रित आवाज में देर तक यह डीजे बजाया जा रहा है।

# टैंकर की टक्कर से एक बाईक सवार दुर्घटनाग्रस्त, ग्रामीणों ने बांगरोद-रतलाम रोड पर चक्काजाम किया

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

जिले के बांगरोद में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन डिपो के पास सोमवार सुबह टैंकर की टक्कर से एक बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आए दिन हो रहे हादसों से नाराज ग्रामीणों ने बांगरोद-रतलाम रोड पर चक्काजाम कर दिया। करीब 10.30 बजे शुरू हुआ यह प्रदर्शन प्रशासनिक अधिकारियों और इंडियन ऑयल प्रबंधन के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ। ग्रामीणों ने प्रशासन को सुधार के लिए 15 दिन का समय दिया है।

बांगरोद में इंडियन ऑयल का डिपो स्थित है, जहां आने-जाने वाले टैंकर ग्रामीण क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। यहां सड़क की चौड़ाई कम है। सोमवार सुबह तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक चालक को टक्कर मार दी। इस घटना से गुस्साए ग्रामीण सुबह 10.30 बजे बांगरोद से रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर धरने पर बैठ गए और रास्ता जाम कर दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि टैंकरों के कारण क्षेत्र में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने मांग रखी कि रोड का चौड़ीकरण किया जाए और दोनों किनारों पर खाली जगहों में मिट्टी डालकर समतल किया जाए। इसके अलावा, रास्ते में आ रही अनावश्यक पेड़ की डालियां हटाई जाएं, स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं ताकि रफ्तार कम हो और अंधेरे को दूर करने के लिए स्ट्रीट लाइट लगाई जाए।

## अधिकारियों के आश्वासन पर खत्म हुआ जाम

चक्काजाम की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार संदीप इवने, नामली थाना प्रभारी गायत्री सोनी और बांगरोद चौकी प्रभारी मुकेश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इंडियन ऑयल डिपो के अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया। काफी देर तक समझाइश और अधिकारियों द्वारा आश्वासन देने के बाद ग्रामीण सड़क से हट गए।

भाजपा मंडल महामंत्री शोनु समोत्रा ने बताया कि आए दिन टैंकरों की ओवर स्पीड के कारण ग्रामीण क्षेत्र में हादसे होते हैं। सोमवार सुबह भी एक बाइक को स्पीड में टैंकर ने टक्कर मारी है। अधिकारियों ने 15 दिन का आश्वासन दिया है। मांगें नहीं मानी गईं तो फिर से आंदोलन करेंगे। वहीं, चौकी प्रभारी मुकेश यादव ने बताया कि सड़क मार्ग पर ग्रामीणों की स्थानीय समस्या थी, जिसे अधिकारियों के आश्वासन पर खत्म करा दिया गया है। प्रदर्शन में मंडल उपाध्यक्ष देवेंद्रसिंह शेखावत, जनपद सदस्य हरीश पटेल, आशीष धाकड़, संजय पाटीदार आदि शामिल रहे।



## एसआईआर को लेकर ब्लॉक में कांग्रेस के बीएलओ निभा रहे है अपना दायित्व

**मल्हारगढ़।** अखिलभारतीय कांग्रेस कमेटी,प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मल्हारगढ़ ब्लॉक में कांग्रेस के बीएलए-2 पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों को निभा रहे है।सोमवार को प्रातः 10 बजे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने भी अपने बूथ क्रमांक 82 पर पहुंच कर मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के तहत मतादाता सूची के बीएलओ द्वारा वाचन को सुना और गहन अध्ययन किया। इसी प्रकार पंकज बोराना,कैलाश बंगारिया सहित कांग्रेस के नियुक्त बीएलए 2 अपने अपने बूथों पर जुटे हुवे है।शर्मा ने कहा कि जो मतादाता अपने नाम से वंचित रह गए है उनके नाम भी जोड़ने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है बीएलए ऐसे नामो के लिए भी फार्म 6 भरकर बीएलओ के डर व रसीद भी प्राप्त करे। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल बोराना,नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामप्रसाद फरक्या,मंडलम अध्यक्ष किशोर उणियारा, ओमप्रकाश सैनी, मांगीलाल धोबी।बीएलओ एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मंदसौर से 1500 कि.मी. दूर झारखण्ड से पुलिस ने तीन साइबर ठगों को पकड़ा

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

थाना शहर कोतवाली द्वारा साइबर ठगी के 3 आरोपियों को 1500 कि.मी. दूर झारखंड के देवघर जिले से गिरफ्तार कर उनसे 1 लाख रु. नगद, 5 मोबाइल फोन एवं 10 मोबाइल सिम जब्त की।

पुलिस ने बताया कि थाना कोतवाली पर 1 दिसम्बर को फरियादी राजेश (55) पिता रामनिवास परमार निवासी माल गोदाम रोड मंदसौर ने आवेदन दिया कि उनके साथ 1 से 7 दिसम्बर के मध्य सायबर ठगो के द्वारा कुल 7 लाख 40 हजार 560 रुपये धोखा धड़ी से फरियादी के बैंक के खाते से प्राप्त कर लिये। पुलिस धारा 318 (4) बीएनएस का पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान मे लिया गया। अनुसंधान के दौरान तकनीकी जानकारी सायबर सेल से प्राप्त की



जाकर 2 पुलिस टीम जिसमें एक का नेतृत्व उनि संदीप मौर्य थाना कोतवाली एवं दूसरी टीम का नेतृत्व उनि विनय बुंदेला एवं उनि अविनाश सोनी के द्वारा किया गया। दोनों पुलिस टीम द्वारा झारखंड के थाना सारठ के जिला देवघर से उपरोक्त प्रकरण के 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है साथ ही आरोपियों के कब्जे से लग्जरी 5 मोबाइल जिसमें 3 आईफोन व 2 स्मार्टफोन शामिल है तथा 10 मोबाइल सिम एवं धोखाधड़ी से प्राप्त 1 लाख रुपये जब्त किया गया। उक्त दोनो पुलिस टीमों को आरोपियों को गिरफ्तार करने मे गांवों एवं खेतों मे रात्रि के समय दबिश देने पर ग्राम वासियों से काफी परेशानी आई।

गिरफ्तार आरोपियों में बोलबम (26) पिता रामचंद्र रवानी निवासी ग्राम नवाडी थाना सारठ, राजरोशन (22) पिता पवन रवानी निवासी सियाटांक पोस्ट टापोवन व पिंटू उर्फ पिंटू (22) पिता रामचंद्र रवानी निवासी नवाडी थाना सारठ तीनों जिला देवघर (झारखंड) है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत करने हेतु आरोपियों का ट्रांजिट वारंट झारखंड के जिला देवघर के न्यायालय से प्राप्त किया गया। उन्हें न्यायालय पेश किया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

## 12 को आपकी पूंजी आपका अधिकार शिविर का आयोजन

**मन्दसौर।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक मंदसौर संजय कुमार मोदी द्वारा बताया गया कि निष्क्रिय खातों को सक्रिय कर अपनी राशि पुनः प्राप्त करने की प्रक्रिया हेतु वित्त मंत्रालय एवं भारतीय रिजर्व बैंक के निदेर्शानुसार पुरे देश में 1 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत 12 दिसंबर को मंदसौर में आपकी पूंजी आपका अधिकार (डीईएएफ) जागरूकता शिविर का आयोजन नगरपालिका सभागृह मंदसौर में प्रातः 11 बजे से दोप. 2 बजे तक किया जा रहा है जिसमे नगर के ग्राहकों की ऐसी जमा राशि जिन्हें 10 वर्ष से अधिक होकर सरकार को जमा हो चुकी है के संबंध में विभिन्न बैंकों द्वारा स्टॉल लगाये जा रहे है। अतः नगर मंदसौर के ऐसे सभी व्यक्ति जिनकी जमा राशि अत्यंत लम्बे समय से बैंकों में जमा होकर प्राप्त नहीं हुई है, उपस्थित होकर सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर अपनी राशि प्राप्त करने हेतु शिविर का लाभ उठाएं। नगर के अलावा जिले के अन्य ग्राहक निष्क्रिय खातों की राशि प्राप्त करने हेतु अपनी बैंक शाखा से सम्पर्क करे।

## साप्ताहिक जैविक हाट बाजार

**नीमच।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में नगर पालिका, परियोजना संचालक आत्मा एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में साप्ताहिक जैविक हाट बाजार दशहरा मैदान नीमच में सूबह 10.30 बजे से शाम 4 तक सम्पन्न हुआ जैविक खेती में रसायनों के प्रयोग को वर्जित करते हुए जैविक संसाधनों का उपयोग कर फसल उत्पादन किया जाता है।

## प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह शक्तावत ने बरूजना गांव में की शोक संवेदना व्यक्त



**पिपलिया मंडी।** मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव बरूजना में सत्यनारायण पाटीदार एवं नरेंद्र पाटीदार के पूज्य पिता रमेशचंद्र पाटीदार (मोलावत) के पुणार्यू में स्वर्गवासी हो जाने पर दिनांक 8 दिसंबर को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने उनके निज निवास पर उपस्थित होकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की तथा दिवंगत आत्मा को प्रभु अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें इस प्रकार की ईश्वर से प्रार्थना की एवं शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए स्वयं को उनके परिवार का एक सदस्य बताया और परिवार को आश्वासन दिया की मैं हर परिस्थिति में आपके साथ हमेशा खड़ा मिलूंगा, स्वर्गीय रमेशचंद्र पाटीदार किसान हितेषी होने के साथ ही साथ किसानों के प्रेरणा स्त्रोत थे उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में भी अलख जगाई और परिवार के सभी सदस्यों को शिक्षित बनाने में अहम भूमिका अदा की कुंवर शक्तावत ने उनके पद चिन्हों पर चलने हेतु संपूर्ण परिवार से अपील की।

# ज्ञानोदय इंटरनेशनल का शैक्षणिक भ्रमण प्राकृतिक स्थल की यात्रा की



ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल दिनांक 06.12.2025 शनिवार स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों के लिए फन और मस्ती से भरा दिन था। पूर्व प्राथमिक व प्राथमिक कक्षाओं का शहर के भागीरथी ज्ञानोदय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में नन्हें छात्र.छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण किया। जिसमें हॉस्पिटल स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा ।हॉस्पिटल में सभी बच्चों को फर्स्ट एड बॉक्स में रखी सामग्री व पट्टी बांधने की विधि समझाई गई। जहां सभी बच्चों ने स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं के बारे में उत्साहपूर्वक जाना और समझाया।

बच्चों ने बालरोग विभाग, स्किन विभाग, नेत्र विभाग, दंत विभागए आथोर्पेडिक विभाग, पैथोलोजी विभाग देखा। डॉक्टरों ने बताया कि ऑपरेशन कैसे किए जाते हैं और बेहोशी दवा एनेस्थीसिया की क्या भूमिका होती है। डॉक्टरों ने कहा कि स्वच्छता और संतुलित भोजन, स्वस्थ जीवन की कुंजी है और बीमार होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

इस अवसर पर निर्देशिका श्रीमती डॉ. गरिमा चौरसिया ने कहा कि डॉक्टर मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप है। डॉक्टर केवल जिन्दगी की नहीं बचाते बल्कि वे रोगी के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करते हैं। इसके उपरांत बच्चों को शहर में स्थित किलेश्वर मंदिर में बने खूबसूरत पार्क में पिकनिक पर ले जाया गया। बच्चों का कौतूहल और उत्साह देखने के काबिल था। कई बच्चे पहली बार ग्रुप में पिकनिक पर गए थे और सभी ने जम कर मजे किए।

# संबंधित विभाग नवीन आधार केंद्र के लिए शीघ्र एनओसी जारी करें -अपर कलेक्टर

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

सुशासन भवन स्थित सभागार में सोमवार को साप्ताहिक अंतर-विभागीय समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत नवीन निर्मित आधार केंद्रों के लिए संबंधित विभागों को तत्काल एनओसी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनओसी जारी होने के पश्चात आधार केंद्र संचालक का कार्य होगा। साथ ही स्पष्ट किया कि सभी आधार केंद्र शासकीय कार्यालयों में ही संचालित किए जाएंगे।अपर कलेक्टर ने सभी नगर पालिका सीएमओ को निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्रों में भूमिहीन व्यक्तियों का तत्काल सर्वे किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। उन्होंने सीएम मॉनिट एवं सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं संतुष्टि पूर्वक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। भूमि आवंटन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या को तत्काल अवगत कराने के लिए कहा गया। सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने बैठक में सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों की भी समीक्षा करते हुए बताया कि सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत संकुल स्तर के साथ-साथ विधानसभा स्तर पर भी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके लिए शिक्षा विभाग, डीपीसी एवं खेल विभाग को आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## 11 को निकलेगा भव्य वाहन रैली

**नीमच।** मालवा मेवाड़ की गौरव, आन,बान व शान रहीं हरिवंशीय कीर समाज की वीरांगना माँ पूरीबाई कीर का जन्मोत्सव हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 11 दिसंबर को बडे ही उत्साह और जोश व धूमधाम के साथ राजस्थान व मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में मनाया जायेगा।

## जन अभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण के लिए बंधान बनाया

**जावरा ।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर चित्रांश वेलफेयर सोसायटी सेक्टर द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उपलाई में जल संरक्षण अभियान के अंर्तगत 150 बोरी का बंधान बनाया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक युवराज सिंह पंवार ने कहा कि जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान से कूप आदि रिचार्ज होते हे।,पशुओं के लिए पीने का पानी उपलब्ध होता है एवं खेतों के लिए भी यह उपयोगी है। इस प्रकार के कार्य से ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति महत्व की भावना जागृत होती है । चित्रांश वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष शिवेंद्र माथुर ने कहा कि च्गांव का विकास जल संरक्षण से ही संभव है।

यह बंधान आने वाले समय में पूरे गांव के लिए बड़ा सहायक सिद्ध होगा। इस कार्य में प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष महेश धाकड़,सरपंच प्रतिनिधि सुमेर सिंह सोलंकी ,दिग्विजय सिंह सोलंकी,नारायण ठन्ना सहायक सचिव,गोपाल प्रजापत गणपत प्रजापत,दशरथ राठौर,मुकेश मेहता,प्रभुलाल बोडाना, हरीश परमार,भोम सिंह सोलंकी,धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, सुमित शर्मा,समिति सचिव महेश मेहता सहित अनेक ग्रामीण जन उपस्थिति थे।



# भोपाल में परफॉर्मेंस के दौरान गिरे सिंगर मोहित चौहान

## लाइटिंग से टकराया पैर, स्टेज पर गिरे, कुछ सेकेंड में फिर संभले, गाया नादान परिंदे

एम्स भोपाल के वार्षिक फेस्ट रेटिना 8.0 में सिंगर मोहित चौहान स्टेज पर परफॉर्म करते वक्त गिर पड़े। रात करीब 12 बजे मोहित चौहान अपने सेट का अंतिम गीत नादान परिंदे गा रहे थे। गाते-गाते वे स्टेज के पिछले हिस्से की तरफ बढ़े। स्टेज के पिछले हिस्से में होने से वो ज्यादातर लोगों की नजर से गायब हो गए। इसी बीच नीचे लगी एक लाइट उनके पैर से टकरा गई, जिससे संतुलन बिगड़ा और वे गिर पड़े।

59 वर्षीय मोहित को उनके साथ मौजूद टीम मेंबर्स ने तुरंत उठाया और स्टैंडिंग पोजिशन में लाया। चूंकि घटना सेकेंड में हुई और वे तुरंत फिर से गाने लगे, इसलिए दर्शकों का ध्यान इस ओर नहीं गया। सोमवार को इसका वीडियो सामने आया है। जिस समय मोहित परफॉर्म कर रहे थे, उस दौरान स्टेज पर लगी एलईडी स्क्रीन पर क्राउड के दृश्य दिखाए जा रहे थे, न कि मोहित की लाइव फ्रेमिंग। यही वजह रही कि मौजूद हजारों लोग इस क्षण को देख ही नहीं पाए। स्टेज के पास मौजूद एक व्यक्ति ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाया। जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिखता है कि वे गीत गाते हुए वे पीछे जाते हैं, पैर लाइटिंग सेटअप से टकराता है और वे अचानक नीचे की ओर गिर जाते हैं। इस बीच, सिंगर मोहित चौहान की मैनेजमेंट टीम ने घटना को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। मोहित की टीम के सदस्य नीरज ने कहा कि वायरल वीडियो आंशिक और भ्रामक है। उनके अनुसार, यह वीडियो गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है। हम इसे अपलोड करने वालों से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं।



### तान्या मित्तल का मजाक उड़ाना

# जेमी लीवर को पड़ा भारी

## यूजर्स ने कॉमेडियन को लगाई फटाकर, बोले- किसी की बॉडी-एक्सप्रेशन का मजाक उड़ाना बंद करो





बॉलीवुड एक्टर जॉनी लीवर की बेटी जेमी लीवर पिता की तरह ही एक कॉमेडियन और मिमिक्री आर्टिस्ट हैं। अक्सर वो अपने सोशल मीडिया पेज पर अपना काम पोस्ट करती हैं। लेकिन इस बार सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बिग बॉस 19 की कंटेस्टेंट तान्या मित्तल की मिमिक्री उन्हें भारी पड़ गई।

दरअसल, जेमी ने एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें तान्या शो में रोती नजर आ रही हैं। फिर उसी वीडियो में जेमी उनके एक्सप्रेशन को कॉपी करती दिखती हैं।

तान्या की नकल उतरना सोशल मीडिया यूजर्स को पसंद नहीं आया और वो कमेंट में जेमी को इसके लिए खरी-खोटी सुनाने लगे। उनका कहना है कि जेमी तान्या की बॉडी शेमिंग कर रही हैं। एक यूजर ने तान्या को सपोर्ट करते हुए लिखा- 'वो तुमसे काफी बेहतर है।' वहीं, एक दूसरे यूजर ने लिखा- 'ये दुख की बात है कि तुम इतनी फेमस होने के बावजूद किसी की बॉडी शेमिंग कर रही हो। ये फनी कैसे है?' एक अन्य यूजर ने लिखा- 'किसी की बॉडी और एक्सप्रेशन का मजाक उड़ाना बंद करो।' बता दें कि तान्या मित्तल बिग बॉस 19 के टॉप फाइव कंटेस्टेंट में शामिल हो चुकी हैं। आज रात इस शो का फिनाले है। तान्या रियलिटी शो बिग बस 19 की सबसे चर्चित कंटेस्टेंट में है। पूरे शो के दौरान वो अक्सर अपनी लैविश लाइफस्टाइल पर बात करते नजर आईं, जिसकी वजह से वो खूब ट्रोल भी हुई हैं।



# गौरी मेरी लाइफ में शांति लेकर आई- आमिर खान

## एक्स वाइफ रीना और किरण राव को बताया परिवार, नई गर्लफ्रेंड के लिए बोले- वो अद्भुत हैं

आमिर खान दिल्ली में चल रहे 2025 हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट में शामिल हुए। उन्होंने यहां पर अपनी फिल्मों के अलावा एक्स वाइफ और नई गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के बारे में खुलकर बात की। समिट के दौरान एक्टर से एक्स वाइफ रीना दत्ता और किरण राव के साथ दोस्ती, उनके मिश्रित परिवार के रिश्तों के बारे में सवाल पूछा गया।

जवाब में एक्टर ने कहा- इससे पता चलता है कि हम अच्छे इंसान हैं। मतलब, क्या कहूं। रीना एक अद्भुत इंसान हैं। मैं उनके साथ बड़ा हुआ हूं। मैंने उनके साथ 16 साल बिताए हैं और पति-पत्नी के तौर पर हम अलग हो गए। इसका मतलब यह नहीं कि हम इंसान के तौर पर भी अलग हो गए। मुझे लगता है कि मेरे दिल में रीना के लिए बहुत प्यार और सम्मान है और मैं उसके साथ बिताए समय की सच्ची कद्र करता हूं। मैं असल में उसके साथ ही बड़ा हुआ हूं। जब हमारी शादी हुई थी, तब हम दोनों बहुत छोटे थे। और वह एक बेहतरीन इंसान हैं। इसलिए जब हमारे बीच मतभेद हुए और हम अलग हुए, तो मुझे लगता है कि हम इंसानियत के नाते अलग नहीं हुए क्योंकि शायद हमें ऐसा करने का मन नहीं था। और किरण के साथ भी यही हुआ।' वहीं, किरण के बारे में बात करते हुए आमिर ने बताया- 'मुझे लगता है कि किरण एक बेहतरीन इंसान हैं और उन्होंने और मैंने पति-पत्नी के तौर पर अलग होने का फैसला किया है, लेकिन हम एक परिवार हैं। और मैं यह मजाक नहीं कर रहा हूं।

# फिल्ममेकर विक्रम अरेस्ट: पुलिस ने साली के घर से पत्नी समेत पकड़ा

फिल्ममेकर विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी को मुंबई और राजस्थान पुलिस ने रविवार को अरेस्ट किया है। उन पर उदयपुर के एक व्यापारी से 30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप है। पुलिस टीम ने मुंबई के यारी रोड इलाके के गंगा भवन अपार्टमेंट से उन्हें पकड़ा यह घर उनकी साली का है। अब राजस्थान पुलिस उन्हें अपने साथ उदयपुर ले जाने के लिए बांद्रा कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड के लिए अप्लाई करेगी।

**व्यापारी की पत्नी की बायोपिक बनाने के नाम पर रुपए लिए-** राजस्थान के इंदिरा ग्रुप ऑफ कंपनीज के मालिक डॉ. अजय मुर्डिया ने 17 नवंबर को विक्रम भट्ट समेत 8 लोगों के खिलाफ 30 करोड़ की धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कराई थी। उनका आरोप है कि एक इवेंट में उनकी मुलाकात दिनेश कटारिया से हुई थी।

दिनेश कटारिया ने उन्हें पत्नी की बायोपिक बनाने का प्रस्ताव दिया और कहा कि फिल्म के जरिए पूरा देश उनकी पत्नी के योगदान को जान पाएगा। इस सिलसिले में दिनेश कटारिया ने 24 अप्रैल 2024 को मुंबई स्थित वृंदावन स्टूडियो बुलाया था। यहां उनकी मुलाकात फिल्ममेकर विक्रम भट्ट से कराई गई थी। उन्होंने बायोपिक बनाने पर चर्चा की थी।

> फिल्म बनाने के नाम पर व्यापारी से 30 करोड़ ठगने का आरोप

बातचीत के दौरान यह तय हुआ था कि फिल्म बनाने की पूरी जिम्मेदारी विक्रम भट्ट लेंगे और उन्हें सिर्फ पैसे भेजते रहना होगा।

विक्रम भट्ट ने अजय मुर्डिया से कहा कि उनकी पत्नी श्वेतांबरी और बेटी कृष्णा भी फिल्ममेकिंग से जुड़ी हैं। विक्रम भट्ट ने पत्नी श्वेतांबरी की फर्म वीएसबी एलएलपी को पार्टनर बनाया था। उनके बीच बायोनिक और महाराणा नाम की दो फिल्मों के लिए 40 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट हुआ था।



31 मई 2024 को विक्रम भट्ट को 2.5 करोड़ रुपए आरटीजीएस किए गए। कुछ दिन बाद 7 करोड़ रुपए की मांग हुई और कहा गया कि 47 करोड़ में 4 फिल्में बनेंगी, जिससे करीब 100-200 करोड़ तक का मुनाफा होगा।

विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी के कहने पर अजय मुर्डिया ने उनके बताए हुए वेंडर्स को ऑनलाइन पेमेंट की। 2 जुलाई 2024 को अजय मुर्डिया ने इंदिरा एंटरटेनमेंट एलएलपी रजिस्टर करवाई थी। इस फर्म के खाते से करीब 3 लाख रुपए की पेमेंट की गई थी। मामले की शुरुआती जांच में सामने आया कि जिन वेंडर्स को इंदिरा एंटरटेनमेंट के खाते से पेमेंट हुई, वे फर्जी थे। जिन वेंडर्स को पेमेंट हुई, वे पुताई वाले या ऑटो वाले निकले। पेमेंट के बाद रकम का एक बड़ा हिस्सा विक्रम भट्ट की पत्नी के खाते में ट्रांसफर किया जाता था। **पिछले हफ्ते लुकआउट नोटिस जारी हुआ था-** सात दिन पहले विक्रम भट्ट, उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट सहित 6 आरोपियों के खिलाफ उदयपुर पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी किया था। सभी आरोपियों को 8 दिसंबर तक उदयपुर पुलिस के सामने पेश होने के लिए भी नोटिस दिए गए था। इसके अलावा इनमें से कोई भी आरोपी अब बिना मंजूरी के विदेश नहीं जा पाएंगे। वहीं, मामला सामने आने के बाद फिल्ममेकर ने कहा था कि उन्हें अब तक इस मामले में कोई नोटिस नहीं मिला है। उन्हें इस मामले की जानकारी मीडिया के जरिए मिली है।

विक्रम भट्ट ने एएनआई से बातचीत में कहा था- मुझे लगता है कि राजस्थान पुलिस को गुमराह किया जा रहा है। मुझे न तो कोई लेटर मिला है, न नोटिस, कुछ भी नहीं। अगर शिकायतकर्ता ने ऐसे दावे किए हैं, तो उनके पास उसका कोई लिखित प्रमाण होना चाहिए। वरना पुलिस ऐसे मामले दर्ज नहीं करती। अगर उन्हें इंडस्ट्री की समझ नहीं थी, तो उन्होंने खुद ही इतनी सारी फिल्में क्यों शुरू कीं? और अगर मैं उन्हें धोखा दे रहा था, तो फिर उन्होंने मेरे साथ तीसरी फिल्म क्यों बनाई? विक्रम भट्ट ने यह भी कहा कि वह पिछले 30 सालों से फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा हैं और उन्होंने कभी ऐसा कुछ अनुभव नहीं किया है। फिल्ममेकर ने कहा कि उनकी एक फिल्म विराट को आधे में रोका गया, जिसकी वजह उनकी कंपनी के बिजनेस डिसीजन थे, खासतौर पर आने वाला आईपीओ। कि शिकायतकर्ता अजय मुर्डिया द्वारा प्रोड्यूस की जा रही फिल्म में देरी इसलिए हुई, क्योंकि उन्होंने फिल्म से जुड़े टेक्नीशियंस को भुगतान नहीं किया था। उनके पास ईमेल्स और कॉन्ट्रैक्ट समेत अपनी बात साबित करने के लिए पुख्ता सबूत हैं।

## सूर्या बोले- हार्दिक और गिल पूरी तरह फिट: पंड्या की वापसी से टीम बैलेंस्ड होगी

# आज साउथ अफ्रीका से पहला टी-20

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कटक





भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का कहना है कि हार्दिक पंड्या की वापसी से टीम को फिर से वह संतुलन मिल गया है जिसकी कमी महसूस हो रही थी। हार्दिक नई गेंद से गेंदबाजी करते हैं, जिससे टीम कई तरह की प्लेइंग कॉम्बिनेशन मैदान में उतार सकती है।

हार्दिक चोट के कारण एशिया कप का फाइनल नहीं खेल पाए थे, लेकिन अब वे पूरी तरह फिट हैं और शानदार लय में लौटे हैं। उनकी मौजूदगी से भारत तीन या चार स्पिनरों के साथ भी आसानी से खेल सकती है।

सूर्यकुमार ने माना कि आईसीसी टूर्नामेंट के बड़े मैचों में हार्दिक का अनुभव टीम के लिए बहुत अहम है। कप्तान ने यह भी बताया कि शुभमन गिल अब पूरी तरह फिट हैं और पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला मंगलवार को कटक में खेला जाएगा।

**हार्दिक और गिल की वापसी**–कप्तान सूर्यकुमार ने बताया कि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और उप-कप्तान शुभमन गिल पूरी तरह से फिट हैं और चयन के लिए उपलब्ध हैं। एशिया कप के दौरान चोटिल हुए हार्दिक अब पूरी तरह ठीक हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अपनी फिटनेस साबित करने के बाद उनकी वापसी हुई है। सूर्या ने कहा, जब हार्दिक नई गेंद से गेंदबाजी करते हैं, तो हमें प्लेइंग इलेवन में 3 से 4 स्पिनर खिलाने की छूट मिल जाती है। गर्दन में जकड़न के कारण गिल साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट और वनडे सीरीज से बाहर हो गए थे, लेकिन अब वे पूरी तरह स्वस्थ हैं।

**रिंकू सिंह बाहर, दुबे अंदर क्यों?** रिंकू सिंह के स्क्वॉड में न होने और शिवम दुबे को मौका मिलने पर सवाल पूछे जाने पर सूर्या ने टीम के फ्लेक्सिबिलिटी प्लान को समझाया।

सूर्या ने कहा, दुबे और हार्दिक दोनों ऑलराउंडर हैं, इसलिए उनकी तुलना नहीं की जा सकती। हमारी टीम में नंबर 3 से लेकर 7 तक के बल्लेबाज किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। जैसे तिलक वर्मा नंबर 6 पर खेल सकते हैं या दुबे नंबर 3 पर। यह मैच की स्थिति पर निर्भर करेगा।

**संजू सैमसन की भूमिका-** संजू सैमसन को लेकर कप्तान ने कहा कि ओपनर्स के अलावा बाकी सभी को अपनी बल्लेबाजी क्रम को लेकर लचीला रहना होगा। संजू किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी के लिए तैयार हैं।

**वर्ल्ड कप 2026 की तैयारी और रणनीति-** फरवरी 2026 में भारत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप को लेकर सूर्या ने कहा कि तैयारी 2024 का वर्ल्ड कप जीतने के तुरंत बाद ही शुरू हो गई थी। उन्होंने कहा, हम ज्यादा प्रयोग या बदलाव नहीं करेंगे। पिछले 5-6 सीरीज से हम एक ही कॉम्बिनेशन के साथ खेल रहे हैं और यह हमारे लिए काम कर रहा है। हम इसी प्रक्रिया पर टिके रहेंगे।

**कटक में लाल मिट्टी की पिच-** कटक के बाराबती स्टेडियम में पहली बार लाल मिट्टी की पिच का इस्तेमाल होगा। सूर्या ने कहा कि अगर पिच तेज रहती है, तो यह अच्छी बात है। ओस का प्रभाव भी मैच में देखने को मिल सकता है।

भारत की साउथ अफ्रीका टी-20 सीरीज के लिए टीम कप्तान- सूर्यकुमार यादव, उप-कप्तान- शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा और वॉशिंगटन सुंदर।

## आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल में भारत को 3 मेडल



### सिमरनप्रीत कौर ने 25 मीटर पिस्टल में गोल्ड जीता, ऐश्वर्य तोमर को सिल्वर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दोहा

दोहा में चल रहे आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल 2025 में भारत की युवा शूटर सिमरनप्रीत कौर ने 25 मीटर पिस्टल इवेंट में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा। रविवार को हुए फाइनल में उन्होंने 41/50 स्कोर करते हुए जूनियर वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की।

वहीं, मनु भाकर क्वालिफिकेशन में नौवें स्थान पर रहीं और फाइनल से बाहर हो गईं। पुरुषों के 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने सिल्वर जीता। जबकि अनीश भनवाला ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में सिल्वर जीता। इसके साथ ही भारत के 6 मेडल हो गए हैं। सिमरनप्रीत का पहला वर्ल्ड कप फाइनल मेडल 21 साल की सिमरनप्रीत ने फाइनल राउंड में शानदार प्रदर्शन किया। उनका 41/50 का स्कोर रिपब्लिक ऑफ कोरिया की पेरिस 2024 ओलिंपिक चैंपियन यांग जी-इन के बनाए गए जूनियर वर्ल्ड रिकॉर्ड के बराबर रहा। यांग चौथे स्थान पर रहीं। चीन की याओ कियानशुन ने 36/50 के साथ सिल्वर और जर्मनी की डोरीन वेनकैंप ने 30/45 के साथ ब्रॉन्ज जीता। मनु भाकर फाइनल में जगह नहीं बना पाई ओलिंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल क्वालिफिकेशन में नौवें स्थान पर रहीं और फाइनल में जगह नहीं बना सकीं। इससे पहले शनिवार को वे 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में पांचवें स्थान पर रही थीं।

## फिफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप का ऐलान

# डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना ग्रुप-जे में



### ओपनिंग मैच मेक्सिको-साउथ अफ्रीका के बीच होगा 19 जुलाई को फाइनल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कनाडा

फिफा वर्ल्ड कप अगले साल 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में खेला जाएगा। शुक्रवार देर रात इसके ग्रुप का ऐलान किया गया। ड्रॉ में 48 टीमों को 12 ग्रुप्स (ए से एल) में बांटा गया है। हर ग्रुप में चार टीमें हैं। यह घोषणा वॉशिंगटन डीसी में एक ड्रॉ सेरेमनी के दौरान हुई।

यह वर्ल्ड कप का 23वां एडिशन होगा। इसके मुकाबले 16 शहरों में खेले जाएंगे। पहली बार टूर्नामेंट की मेजबानी एक साथ तीन देश कर रहे हैं। इस बार वर्ल्ड कप का ओपनिंग मैच 11 जून 2026 को मेक्सिको सिटी में खेला जाएगा। इसमें मेजबान देश मेक्सिको और साउथ अफ्रीका आमने-सामने होंगे। यह पहला मौका होगा जब तीन देश अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा वर्ल्ड कप की मेजबानी कर रहे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आखिर 'पीस प्राइज' ले ही लिया। मौका था फीफा वर्ल्ड कप के ड्रॉ का। इस दौरान ट्रम्प को 'फीफा पीस प्राइज' दिया गया। फुटबॉल की वर्ल्ड बॉडी फीफा ने नवंबर में यह नया वार्षिक पुरस्कार घोषित किया था। ट्रम्प इसके पहले विजेता बने हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आखिर 'पीस प्राइज' ले ही लिया। मौका था फीफा वर्ल्ड कप के ड्रॉ का। इस दौरान ट्रम्प को 'फीफा पीस प्राइज' दिया गया। फुटबॉल की वर्ल्ड बॉडी फीफा ने नवंबर में यह नया वार्षिक पुरस्कार घोषित किया था।

## रायपुर वनडे में स्लो ओवर रेट की वजह से जुमार्ना



### भारतीय प्लेयर्स की 10% फीस कटी, साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज 2-1 से जीती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दूसरे वनडे में स्लो ओवर रेट के कारण भारतीय खिलाड़ियों पर मैच फीस का 10% जुर्माना लगाया गया। यह मुकाबला 3 दिसंबर को रायपुर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला गया था। मैच में मेहमान टीम ने भारत के खिलाफ वनडे में सबसे बड़ा 359 रन के लक्ष्य का सफल पीछा करते हुए सीरीज 1-1 से बराबर कर ली थी। हालांकि, उसके बाद विशाखापट्टनम में भारत ने 9 विकेट से जीत दर्ज की और सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। भारत निर्धारित समय में दो ओवर पीछे रह गया भारत निर्धारित समय में दो ओवर पीछे रह गया था। इसी कारण आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने टीम इंडिया पर यह जुर्माना लगाया। आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के मुताबिक, निर्धारित समय में ओवर पूरे न होने पर हर ओवर के बदले खिलाड़ियों की मैच फीस का 5% काटा जाता है।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

आवश्यकता है
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

फार्म हाउस
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

आवश्यकता
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5
(सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

खरीदना है
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

भूमि बेचना है
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

बेचना है
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

किराए से देना है
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

घर में पकने वाली

## थाली की कीमत एक साल में 13% घटी



### आलू, टमाटर-प्याज के भाव घटने का नवंबर में दिखा असर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एक साल में घर बनने वाले खाने की थाली की कीमत में करीब 13 फीसदी कमी देखने मिली है। नवंबर 2024 में शाकाहारी थाली की कीमत 32.7 रुपये थी जो इस साल घटकर 28.4 रुपये रह गई। वहीं मांसाहारी थाली की कीमत 61.5 रुपये से 53.8 रुपये पहुंच गई।

सब्जियों और दालों के भाव घटने से घर में पकने वाली शाकाहारी और मांसाहारी थाली एक साल में 13 फीसदी तक सस्ती हो गई। क्रिसिल रेटिंग के अनुसार, नवंबर में शाकाहारी थाली की कीमत 28.4 रुपये रह गई जो नवंबर, 2024 में 32.7 रुपये थी। इसी दौरान मांसाहारी थाली का दाम 61.5 रुपये से घटकर 53.8 रुपये पर आ गया। क्रिसिल के अनुसार, मासिक आधार पर अक्तूबर में मांसाहारी थाली की कीमत 54.4 रुपये और शाकाहारी थाली की कीमत 27.80 रुपये रही थी। घर पर थाली बनाने की औसत लागत की गणना उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में कीमतों के आधार पर की जाती है। आलू व टमाटर की कीमतों में क्रमशः 5 और फीसदी की वृद्धि हुई। इससे थालियों की कुल लागत में वृद्धि हुई। अन्य प्रमुख वस्तुओं की कीमतें लगभग स्थिर रहीं। अधिक आपूर्ति के कारण टमाटर की कीमतों में पिछले वर्ष की तुलना में 17 फीसदी की गिरावट आई। उच्च आधार के कारण आलू के दाम इस दौरान 29 फीसदी घट गए। पिछले रबी सीजन से अधिक स्टॉक की उपलब्धता और कमजोर निर्यात के कारण प्याज की कीमतों में 53 फीसदी की कमी आई है। स्टॉक में वृद्धि से चालू वित्त वर्ष में दालों की कीमतों में 17 फीसदी की गिरावट आई है।

# हर महीने एक करोड़ यात्री, हर दिन 2200 से ज्यादा उड़ानें, फिर इंडिगो से कहां हो गई चूक?



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इंडिगो सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन है। एयर इंडिया के मुकाबले इंडिगो के विमानों की संख्या दोगुनी से भी ज्यादा और उड़ानों की संख्या चार गुना से भी ज्यादा है। बड़ा सवाल यही है कि क्या विमानों का इतना बड़ा बेड़ा और इतनी ज्यादा उड़ानों की वजह से यह मौजूदा संकट पैदा हुआ है...

भारतीय विमानन क्षेत्र की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो इस समय अपने इतिहास के सबसे बुरे परिचालन संकट से गुजर रही है। पिछले चार दिनों में एयरलाइन की समय की पाबंदी धड़ाम होकर सिंगल डिजिट पर आ गई है। इससे हजारों यात्रियों को देशभर के हवाई अड्डों पर मुसीबत झेलनी पड़ रही है। आखिर 400 से ज्यादा विमानों और करोड़ों यात्रियों का भरोसा जीतने वाली इंडिगो अचानक संकट में क्यों है? क्या यह सिर्फ क्रू की कमी है या इसके पीछे की कहानी कुछ और है? आइए विस्तार से समझते हैं हर पहलू...

**पहले समझिए- इंडिगो कितनी बड़ी एयरलाइन है** – संकट की गहराई को समझने के लिए इंडिगो के विशाल आकार के बारे में जानना जरूरी है। यह महज एक एयरलाइन नहीं, बल्कि भारतीय एविएशन की रीढ़ है। एयरलाइन के पास 434 विमानों का बेड़ा है। इसने 920 से अधिक नए विमानों का ऑर्डर भी दे रखा है। इंडिगो हर दिन 2,200 से अधिक उड़ानें संचालित करती है। 3.2 लाख से अधिक यात्रियों को हवाई सफर करवाती है। यह 128 गंतव्यों के लिए अपनी सेवाएं देती है। वित्त वर्ष 2025 के लिए एयरलाइन का राजस्व लगभग ?80,803 करोड़ रुपये रहा। नवंबर 2024 से इंडिगो ने हर महीने लगातार एक करोड़ से अधिक यात्रियों को हवाई सफर कराया है। वित्त वर्ष 2025 में कुल 11.9 करोड़ यात्रियों ने इंडिगो से सफर किया, जो पिछले साल के मुकाबले 12.5% अधिक है।

**स्थिति कब और कैसे बिगड़ी-** इंडिगो के लिए वर्तमान संकट अचानक नहीं आया, लेकिन बीते तीन-चार दिनों में इसमें बेतहाशा वृद्धि हुई। सबसे ज्यादा असर एयरलाइन की यूएसपी यानी 'ऑन-टाइम परफॉर्मेंस' (ओटीपी) पर पड़ा है। इससे जुड़े आंकड़े चौकाने वाले हैं। वित्तीय वर्ष 2025 में एयरलाइन ने 73.8% की ओटीपी हासिल की थी। 1 दिसंबर को ओटीपी गिरकर 50% पर आ गई। 2 दिसंबर को यह और गिरकर 35% पर पहुंच गई। 3 दिसंबर को हालात और खराब हो गए और ओटीपी 19.7% रह गई। 4 दिसंबर को एयरलाइन का सिस्टम पूरी तरह चरमरा गया और ओटीपी ऐतिहासिक निचले स्तर 8.5% पर आ गई।

जानकारों के अनुसार, मुख्य कारण नए एफडीटीएल (फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन) नियमों के दूसरे चरण का लागू होना और उसके बाद क्रू (पायलट और केबिन स्टाफ) की गंभीर कमी है।

**नए एफडीटीएल नियम क्या हैं और दिक्कत कहां है-** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पायलटों की थकान को कम करने और सुरक्षा बढ़ाने के लिए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियमों में बदलाव किए थे। इसे दो चरणों में लागू किया गया। पहले फेज में क्रू के लिए साप्ताहिक आराम की अवधि बढ़ाई गई थी। इंडिगो ने इसे बिना किसी बड़ी परेशानी के लागू कर लिया था। दूसरे फेज में 'रेड आई' उड़ानों यानी देर रात की उड़ानों के लिए क्रू के इस्तेमाल पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए।

**नए नियमों के बाद क्या बदला-** इस बदलाव के बाद अब रात 12 बजे से सुबह 6 बजे के बीच फ्लाइट क्रू के लिए 'नाइट लैंडिंग' की सीमा छह से घटाकर दो कर दी गई। इसका मतलब है कि एक पायलट जो पहले रात में छह लैंडिंग कर सकता था, अब केवल दो कर सकेगा। इसके लिए एयरलाइन को उसी काम के लिए अब अधिक पायलट्स की आवश्यकता पड़ेगी।

**पायलट संगठनों ने क्या कहा-** एयरलाइन का कहना है कि वे नियमों के अनुकूल होने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन पायलट संगठनों ने मौजूदा हालात को 'कुप्रबंधन' करार दिया है। फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स यानी एफआईपी ने आरोप लगाया है कि इंडिगो को नए नियमों की तैयारी के लिए दो साल का समय मिला था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने समय रहते भर्तियां नहीं कीं। उल्टा, 'हायरिंग फ्रीज' (भर्ती पर रोक) लगा दी। एफआईपी के अध्यक्ष कैप्टन सीएस रंधावा ने कहा, ₹इंडिगो का नेटवर्क बहुत विशाल है, जिसने समस्या को कई गुना बढ़ा दिया। मौजूदा संकट का पहला और सबसे बड़ा कारण स्टाफ की कमी है।₹ वहीं, एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया यानी एएलपीए ने इसे संसाधनों की खराब योजना का नतीजा बताया है। उनका आरोप है कि कुछ एयरलाइंस अब डीजीसीए पर दबाव बनाकर नियमों में ढील मांग रहे हैं, जबकि गलती वे खुद कर रहे हैं।

**इंडिगो ने डीजीसीए से क्या गुहार लगाई-** देश के विमानन क्षेत्र में संकट गहराने के बाद इंडिगो ने नियामक का दरवाजा खटखटाया। इंडिगो ने एयरबस ए320 ऑपरेशंस के लिए रात की ड्यूटी के नियमों से 10 फरवरी 2026 तक की छूट मांगी है। एयरलाइन ने तर्क दिया कि यात्रियों की असुविधा को कम करने और सुरक्षा मार्जिन बनाए रखने के लिए यह राहत जरूरी है। इस बीच, डीजीसीए ने विमानन कंपनियों में चालक दल के सदस्यों के लिए साप्ताहिक विश्राम से जुड़े अपने हालिया सख्त निर्देशों को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया है।

**इंडिगो पर ही सबसे ज्यादा असर क्यों-** टाटा समूह की एयर इंडिया या अन्य एयरलाइनों के मुकाबले इंडिगो इस संकट से ज्यादा प्रभावित क्यों हुई? इसके तीन मुख्य कारण हैं।

**पहला-** इंडिगो का लो-कॉस्ट मॉडल और हाई यूटिलाइजेशन। इंडिगो एक लो-कॉस्ट कैरियर है। इसका मुनाफा विमानों और क्रू के अधिकतम उपयोग पर निर्भर करता है। इसके विमान और क्रू अन्य भारतीय एयरलाइनों की तुलना में ज्यादा घंटे उड़ान भरते हैं।

**दूसरा-** उड़ानों की अधिक संख्या है। इंडिगो के पास अन्य एयरलाइनों की तुलना में 'हाई-वॉल्यूम नाइट फ्लाइट्स' ज्यादा हैं। 400 से अधिक विमानों के साथ यह 90 घरेलू और 45 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ती है। ऐसे में रात के समय लैंडिंग पर कैप लगने से एयरलाइन बुरी तरह प्रभावित हुई।

**तीसरा-** लीन स्टाफिंग सिस्टम। इंडिगो कम से कम स्टाफ के साथ काम करने के मॉडल पर चलती है। इंडिगो के लिए 10% उड़ानें रद्द होने का मतलब है 230 उड़ानें, जो एक बहुत बड़ी संख्या है। वहीं, देश की दूसरी सबसे बड़ी एयरलाइन एअर इंडिया, इंडिगो की तुलना में आधे से भी कम उड़ानें संचालित करती है, इसलिए उन पर प्रभाव कम दिखता है।

दूध-तेल चीनी सस्ता; लगातार तीसरे माह कीमतों में गिरावट दर्ज की गई

# राहत: वैश्विक खाद्य कीमतों में गिरावट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र के एफएओ के अनुसार नवंबर में वैश्विक खाद्य कीमतों में लगातार तीसरे महीने गिरावट दर्ज की गई। दूध, तेल, चीनी और मीट सस्ते हुए, जबकि अनाज में 1.8% की बढ़ोतरी रही। एफएओ का वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक नवंबर में 125.1 पॉइंट पर आया, जो मार्च 2022 के रिकॉर्ड स्तर से 22% कम है।

वैश्विक महंगाई के दबाव के बीच नवंबर उपभोक्ताओं के लिए राहत भरा महीना साबित हुआ। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के मुताबिक लगातार तीसरे महीने विश्व स्तर पर खाद्य कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। दूध, तेल, चीनी और मीट जैसी प्रमुख वस्तुएं सस्ती हुईं, जबकि अनाज समूह में बढ़ोतरी देखी गई। एफएओ का वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक नवंबर में 125.1 पॉइंट रहा, जो अक्तूबर 2025 की तुलना में 1.2 फीसदी कम है और मार्च 2022 के रिकॉर्ड स्तर से करीब 22 फीसदी नीचे आ चुका है।



एफएओ की सितंबर 2025 की ताजा रिपोर्ट बताती है कि दुनिया भर में बढ़ती महंगाई के बीच खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नवंबर में बड़ी नरमी दर्ज हुई। सूचकांक अक्टूबर के मुकाबले गिरा और वर्ष दर वर्ष आधार पर भी यह नवंबर 2024 की तुलना में 2.1 फीसदी नीचे रहा। अनाज को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख श्रेणियों दूध, तेल, चीनी और मीट में कीमतें घटीं, जिसने उपभोक्ताओं को काफी राहत प्रदान की।

**गेहूं और मक्के में उछाल-** दूसरी ओर अनाज मूल्य सूचकांक नवंबर में 105.5 अंक रहा जो अक्टूबर की तुलना में 1.8 और कुल मिलाकर 1.3 फीसदी ऊपर है। हालांकि यह अभी भी पिछले वर्ष की तुलना में 5.3 फीसदी नीचे बना हुआ है। गेहूं के दाम वैश्विक स्तर पर 2.5 फीसदी बढ़े। इसकी वजह चीन द्वारा अमेरिका से बड़े आयात, ब्लैक सी क्षेत्र में तनाव और रूस में अगले वर्ष की फसल के लिए कम बुवाई का अनुमान रहा। मक्के के दाम ब्राजील में मजबूत मांग और अर्जेंटीना-ब्राजील में बारिश से आपूर्ति बाधित होने के कारण बढ़े। जौ और ज्वार के भाव भी ऊपर गए, जिन पर सोयाबीन की बढ़ती वैश्विक कीमतों का सीधा असर दिखा। इसके विपरीत, चावल मूल्य सूचकांक नवंबर में 1.5 फीसदी घटा। उत्तरी गोलार्ध में फसल कटाई की शुरूआत और इंडिका व सुगंधित चावल की कमजोर आयात मांग ने कीमतों को नीचे खींचा।

### पाम, सूरजमुखी और डेयरी में गिरावट

खाद्य तेल मूल्य सूचकांक नवंबर में 165 अंक पर रहा और इसमें 2.6 फीसदी की कमी आई। पाम, सूरजमुखी और रेपसीड तेल के दाम घटे, जबकि सोया तेल ब्राजील में बायोडीजल की मांग बढ़ने से थोड़ा महंगा हुआ।मलेशिया में पाम तेल का उत्पादन अपेक्षा से अधिक रहने और क्रूड ऑयल के सस्ते होने का स्पष्ट प्रभाव वैश्विक तेल बाजार पर दिखा।

**चीनी में तीखी गिरावट, उत्पादन बढ़ने की उम्मीद-** चीनी मूल्य सूचकांक नवंबर में 88.6 अंक रहा जो अक्टूबर से 5.9 और पिछले साल से 29.9 फीसदी कम है। लगातार तीसरे महीने चीनी सस्ती हुई और लगातार दूसरे महीने इंडेक्स दिसंबर 2020 के बाद के सबसे निचले स्तर पर रहा। ब्राजील में गन्ने का बड़ा हिस्सा इस बार इथेनॉल की जगह चीनी उत्पादन में गया, जिससे वैश्विक आपूर्ति मजबूत हुई। भारत में 2025-26 फसल वर्ष की अच्छी शुरूआत और थाईलैंड में अनुकूल मौसम ने भी उत्पादन बढ़ने के अनुमान को मजबूती दी, जिससे कीमतों पर दबाव और बढ़ा।

उत्तर प्रदेश में 18000 स्टार्टअप, एक लाख रोजगार सृजित

# 6800 से अधिक कंपनियों में एक महिला निदेशक भी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

उत्तर प्रदेश के स्टार्टअप परिदृश्य में उल्लेखनीय बदलाव आया है। इस राज्य में 18,568 स्टार्टअप सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। यह संख्या इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश अब उद्यमिता का मजबूत गढ़ बन चुका है। इनमें से लगभग आठ हजार स्टार्टअप्स का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। सरकार की नीतियों में यह दृष्टिकोण साफ झलकता है।

**युवाओं को मिला तकनीकी सहयोग-** स्टार्टअप नीति ने युवाओं को न केवल उद्यम आरंभ करने का अवसर दिया है बल्कि उन्हें जरूरी मेंटरशिप, वित्तीय सहयोग और तकनीकी सहयोग भी उपलब्ध कराया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, इनक्यूबेशन सेंटरों की संख्या में तेजी से हुई वृद्धि ने नए उद्यमियों को जमीन स्तर से लेकर उद्योग स्थापना को मजबूत आधार दिया है।

**स्टार्टअप में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी-** 2019 में स्टार्टअप की संख्या 807 से बढ़कर 2023 में 3,426 हो गई। यह बढ़ते उद्यमशीलता विश्वास और सरकारी समर्थन को दशार्ता है। इस अवधि में इन उद्यमों ने 34,000 रोजगार सृजित किए। स्टार्टअप में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देखने को मिल रही है। 6,800 से अधिक स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला निदेशक है।

**कई यूनिकॉर्न भी शामिल-** हाल में स्टार्टअप कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया था कि कई यूनिकॉर्न भी शामिल हैं। सरकार ने इनक्यूबेटरों को बढ़ावा देने और स्टार्टअप्स को बढ़ने में मदद करने के लिए 137 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है। श्रम मंत्रालय के मुताबिक, स्टार्टअप्स में वृद्धि के साथ उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र का केंद्र बना हुआ है। राज्य में 96 लाख एमएसएमई हैं, जो 1.75 करोड़ रोजगार प्रदान करते हैं। यह सभी इकाइयों का 14.2 प्रतिशत है।

## दादरा और नगर हवेली के इंडस्ट्रियल एरिया में भीषण आग लगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली के दादरा में स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में भीषण आग लग गई। मौके पर फायर टेंडर मौजूद हैं। आग के कारणों का फिलहाल पता नहीं लग पाया है। फायर डिपार्टमेंट के असिस्टेंट डायरेक्टर अमृतलाल ने बताया कि सोमवार रात करीब 10.14 बजे फोन पर आग लगने की खबर मिली। इसके बाद फायर टेंडर की टीम मौके पर पहुंची। आग बुझाने का काम जारी है।

## पुणे- सोशलिस्ट लीडर बाबा अधव का 95 साल की उम्र में निधन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



महाराष्ट्र के वरिष्ठ सोशलिस्ट लीडर और मजदूर-अधिकार आंदोलन की प्रमुख आवाज डॉ. बाबा अधव का सोमवार शाम पुणे में 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे और उनका इलाज पुणे के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। अधव ने हमालों, रिक्शा चालकों, कंस्ट्रक्शन वर्कर्स और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के अधिकारों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया था। डॉ. अधव महाराष्ट्र के लेबर मूवमेंट का एक बड़ा नाम रहे। उन्होंने हमाल पंचायत जैसे प्रभावी मजदूर संगठन खड़े किए और एक गांव एक पानी स्त्रोत जैसे सामाजिक सुधार अभियानों का नेतृत्व किया। शिव, फुले, शाहू और अंबेडकरवादी विचारधारा से प्रभावित अधव ने अपने अंतिम दिनों तक सामाजिक न्याय और वंचित समुदायों के अधिकारों के लिए सक्रिय रूप से काम किया। बाबा अधव का पार्थिव शरीर मंगलवार सुबह मार्केट यार्ड स्थित हमाल भवन में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। अंतिम संस्कार देर शाम पुणे में किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने  पर लिखा कि बाबा अधव को समाज सेवा और मजदूरों की भलाई के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने परिवार और अनुयायियों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### 7 दिन में 4500 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हुईं

# सरकार बोली- इंडिगो की उड़ानों में कटौती करेंगे, कुछ स्लॉट दूसरी कंपनी को दिए जाएंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



देश की सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन इंडिगो की सोमवार को भी 562 फ्लाइट्स रद्द हुईं। पिछले 7 दिन में कंपनी 4500 से ज्यादा उड़ानें रद्द होने के बाद नागरिक विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि इंडिगो के विंटर फ्लाइट शेड्यूल में कटौती की जाएगी। कंपनी के कुछ स्लॉट दूसरी एयरलाइन्स को देंगे। उन्होंने कहा- इंडिगो अभी 2200+ फ्लाइट्स ऑपरेट कर रही है। हम निश्चित रूप से उन्हें कम करेंगे। 1 से 8 दिसंबर (शाम 5 बजे तक) के बीच कैंसिल की गईं 7.30 लाख टिकट के लिए 745 करोड़ रुपए का रिफंड दिया गया है।

नायडू ने कहा कि देश के एविएशन सेक्टर में जिस तरह की क्षमता और मांग बढ़ रही है, उसे देखते हुए कम से कम 5 बड़ी एयरलाइंस की जरूरत है। नई एयरलाइन शुरू करने का यही सही समय है। यहां बहुत तेज ग्रोथ हो रही है।

वहीं इंडिगो ने सोमवार को नोटिस का जवाब दिया है। एयरलाइन ने कहा कि हमें इस घटना पर अफसोस है और अपने कस्टमर्स से माफी मांगते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमने फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन फेज-क्क की चुनौतियों के बारे में DGCA से बात की थी।

सिविल एविएशन सेक्रेटरी समीर कुमार सिन्हा ने दिल्ली एयरपोर्ट पर अठक से कहा कि सरकार इंडिगो के ऑपरेशनल संकट और फ्लाइट कैंसिलेशन पर जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। रिपोर्ट मिलने पर कारणों की समीक्षा कर सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विस्तृत जांच अगले 15 दिनों में पूरी हो जाएगी।

इंडिगो मामले में जांच के लिए बना DGCA का पैनल बुधवार को CEO पीटर्स एल्बर्स और COO इसिड्रे पोरक्वेरस को बुला सकता है। ये जांच का हिस्सा है। 5 दिसंबर को बने 4 सदस्यीय पैनल को ऑपरेशनल रुकावटों की असली वजहों का पता लगाने का काम सौंपा गया है।

### इंडिगो: DGCA की गाइडलाइन के हिसाब से तैयारी नहीं की

DGCA की तरफ से जारी फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन यानी FDTL रेगुलेशन पहली बार जनवरी 2024 में नोटिफाई किए गए थे। इंडिगो के पास इन गाइडलाइंस के हिसाब से तैयारी के लिए काफी समय था। हालात बिगड़े तो उसने 5 दिन में 4 हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दीं। इससे अलग-अलग रूट पर यात्री फंस गए और एयरपोर्ट पर अव्यवस्था फैल गई।

DGCA: नियमों का पालन करवाना था, इंडिगो के मामले में अनदेखी की- फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन के नियमों का पालन करवाने की जिम्मेदारी DGCA की थी।




## उत्तराखंड के रेस्क्यू सेंटर में गुलदारों के लिए शाही भोजन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उत्तराखंड में ज्यादातर क्षेत्र जंगल से जुड़े हुए हैं। जिसमें हजारों की संख्या में वन्यजीव मौजूद हैं, लेकिन कुछ वन्य जीव ऐसे होते हैं जो आमजन के लिए खतरा बन जाते हैं। ऐसे में इन वन्यजीवों को पकड़कर हरिद्वार के चिड़ियापुर स्थित रेस्क्यू सेंटर में रखा जाता है। रेस्क्यू सेंटर में सिर्फ भोजन पर ही खर्च नहीं होता, बल्कि इनकी दवाइयों, मेडिकल जांच, बाड़ों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और सेंटर के संपूर्ण रखरखाव पर भी अलग से खर्च आता है। रेस्क्यू सेंटर में जानवरों की गतिविधियों और व्यवहार पर वन्यजीव विशेषज्ञों और डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी रखती है। इनकी देखरेख में खर्चा इतना अधिक है कि इनकी डाइट में ही 1200 रुपए प्रतिदिन खर्च किए जाते हैं और बात सालाना की करें तो एक करोड़ से अधिक पूरे साल रेस्क्यू सेंटर में इन वन्य जीवों की देखरेख में खर्च हो जाते हैं। मांस गुलदारों के लिए प्रोटीन का मुख्य स्त्रोत है, जो उनकी शक्ति और मांसपेशियों के लिए जरूरी है। रेस्क्यू सेंटरों में गुलदारों को उनकी उम्र, वजन और स्वास्थ्य के अनुसार संतुलित आहार दिया जाता है, जिसकी लागत ज्यादा होती है।

### मध्यप्रदेश के इंदौर में ठंड का 10 साल का रिकॉर्ड टूटा; बिहार में शीतलहर-कोहरे का अलर्ट

# उत्तराखंड में बर्फबारी, केदारनाथ में तापमान -17⁰

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। उत्तराखंड के चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ समेत कई जिलों में सोमवार दोपहर को तेज बर्फबारी हुई। पहाड़ पूरी तरह से सफेद नजर आए। पूरे राज्य में सर्दी बढ़ गई है। पहाड़ी इलाकों में आज पाला गिरेगा।

बफीर्ली हवाओं ने मध्यप्रदेश में सर्दी बढ़ा दी है। प्रदेश के ज्यादातर शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है। इंदौर में पिछले 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। रात में यहां पारा 5.7 डिग्री रहा, जो साल 2015 से 2024 के बीच सबसे कम है।

बिहार में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने मंगलवार को राज्य के कई इलाकों में शीतलहर और कोहरे का अलर्ट जारी किया है। तापमान में 2-3 डिग्री तक की गिरावट आ सकती है।

मध्य प्रदेश में अगले 3 दिन कोल्ड वेव यानी शीतलहर का अलर्ट है। भोपाल, इंदौर, राजगढ़, विदिशा, सीहोर, शाजापुर, जबलपुर, सिवनी, शहडोल में मंगलवार को कोल्ड वेव और नरसिंहपुर में कोल्ड डे का असर रहेगा। वहीं, कई शहरों में पारा 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा सकता है। बफीर्ली हवाओं की वजह से इन दिनों ठंड तीखे तेवर दिखा रही है। कई शहरों में रात का पारा 6 डिग्री से नीचे आ गया है। शहडोल के कल्याणपुर में तापमान 4.2 डिग्री रहा। वहीं, दिन में भोपाल, इंदौर समेत कई शहरों में कोल्ड वेव का असर है। भोपाल में पिछले 4 दिन से सर्द हवाएं चल रही हैं।

उधर, रविवार-सोमवार की रात में प्रदेश के अधिकांश शहरों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। इंदौर में पिछले 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया। रात में यहां पारा 5.7 डिग्री रहा, जो साल 2015 से 2024 के बीच सबसे कम है। इससे पहले 24 दिसंबर 2015 को पारा 7 डिग्री रहा था।



### राजस्थान में शीतलहर की चेतावनी

राजस्थान में एक बार फिर से कोल्ड-वेव (शीतलहर) का दौर शुरू होगा। कोल्ड-वेव का प्रभाव 10 दिसंबर से महसूस होने लगेगा। शीतलहर का ज्यादा असर शेखावाटी जिलों और उसके आस-पास के एरिया में देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने इसके लिए 4 जिलों सीकर, चूरू, झुंझुनूं और नागौर में 2 दिन का यलो अलर्ट जारी किया है। तापमान में भी 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट देखने को मिल सकती है। इसके अलावा राजस्थान के सभी हिस्सों में मौसम अगले एक सप्ताह तक साफ रहेगा और जबकि सीकर, चूरू, झुंझुनूं और नागौर को छोड़कर अन्य शेष स्थानों पर कोल्ड-वेव से राहत रहेगी।

### तीन तरफ की हवाएं एमपी को ठंडा कर रहीं

मौसम विभाग के अनुसार, कश्मीर घाटी और हिमाचल की वादियां, राजस्थान के रेगिस्तान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली सहित उत्तर के मैदानी इलाके सभी ठंडे हो रहे हैं। इन सभी इलाकों में तापमान कम है। ये तीन तरफ की हवाएं भोपाल सहित मध्य प्रदेश को ठंडा कर रही हैं। इसके अलावा 1.5 किमी ऊंचाई पर 100 किमी प्रति घंटे से भी तेज हवा चल रही है। इनका असर मध्य प्रदेश में हो रहा है। अरब सागर में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन के कारण हमारे यहां नमी आई।



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी श्री राजाराम भैसोलिया पिता श्री रणछोडलालजी भैसोलिया, निवासी ग्राम बामोरा तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में भवन पुराना नं.-5/193 का भाग याद का नंबर-76 वर्तमान म्यु. क्रमांक-13 जो कि ₹लाला लाजपतराय मार्ग गली क्रमांक-3 उज्जैन (म. प्र.) में मुख्य सड़क से अन्दर की ओर स्थित है। भवन एक मंजिला आर. सी. सी. की छत का बना है। भवन की पैमाईश में लम्बाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर 4.97 मीटर बतरफ दक्षिण 7.00 मीटर, चौड़ाई उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व 2.30 मीटर बुतरफ पश्चिम 3.00 मीटर होकर भवन का कुल क्षेत्रफल-30.93 वर्गमीटर है। भवन की चर्तुःसीमा में-पूर्व दिशा में-ओपन व मकान ग्यारसीवाई का एवं वी. डी. क्लॉथ मार्केट, पश्चिम दिशा में गली, उत्तर दिशा में ओपन व बाद मकान नर्मदाबाई का एवं दक्षिण दिशा में मकान रेखाबाई का स्थित है। उक्त पैमाईश व चर्तुःसीमा के मध्य स्थित भवन को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भवन स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक 08.12.2025

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-अ-1 भरतपुरी काम्पलेक्स,**
**देवास रोड उज्जैन (म० प्र०)**
**मो. नं.-94259-46659**


एक थाई सैनिक और चार नागरिक मारे गए , दोनों देशों ने एक दूसरे पर पहले हमला करने का आरोप मढ़ा

# थाईलैंड ने कंबोडिया पर किया हमला

ब्रह्मास्त्र ›› बैंकॉक

थाईलैंड ने सोमवार को कंबोडिया से लगती विवादित सीमा पर हवाई हमले शुरू किए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर उस संघर्ष विराम समझौते को तोड़ने का आरोप लगाया है, जिसके कारण पहले हुई लड़ाई रुक गई थी।





अधिकारियों ने बताया, ताजा झड़पों में एक थाई सैनिक और चार कंबोडियाई नागरिक मारे गए हैं। थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकुल ने टेलीविजन पर दिए भाषण में कहा कि देश की रक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए आवश्यकतानुसार सैन्य अभियान चलाए जाएंगे। रविवार को सीमा पर एक और झड़प हुई, जिसके बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे पर पहले गोली चलाने का आरोप लगाया। थाई सेना ने कहा, कंबोडियाई गोलीबारी में उसके दो सैनिक घायल हुए और उसके जवाब में थाई सैनिकों ने पलटवार किया।

दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी का यह सिलसिला करीब 20 मिनट तक चला। थाई सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल विनथाई सुवरी ने सोमवार को कहा, कंबोडियाई सैनिकों ने थाईलैंड के कई क्षेत्रों में पहले गोलीबारी की। थाई रक्षा मंत्रालय ने कहा, 50 हजार से अधिक लोग सीमा के निकटवर्ती क्षेत्रों को छोड़कर आश्रय स्थलों में चले गए हैं। कंबोडिया का दावा, हमने जवाबी कार्रवाई नहीं कीः उधर, कंबोडिया ने कहा कि पहले गोलीबारी थाई पक्ष ने की और उसके सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई नहीं की। थाईलैंड ने हमलों से निपटने के लिए कई क्षेत्रों में सैन्य ठिकानों पर हमला करने के लिए विमान का इस्तेमाल किया। कंबोडिया के सूचना मंत्री नेथ फेकट्रा ने कहा, सीमा पास के कई गांवों के लोगों को वहां से निकाल लिया गया है। दोनों देशों के बीच इस झगड़े की जड़ें एक सदी से भी ज्यादा पुरानी हैं। 1907 में कंबोडिया पर फ्रांस के कब्जे के बाद दोनों देशों की सीमा तय हुई थी।

## अक्तूबर में दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम समझौता हुआ था

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अक्तूबर में कराए गए एक संघर्ष विराम समझौते के बाद भी थाईलैंड और कंबोडिया के बीच तनाव बना हुआ है। इससे पहले दोनों पड़ोसी देशों के बीच क्षेत्रीय विवाद के कारण जुलाई में पांच दिनों तक संघर्ष हुआ था, जिसमें कई सैनिक और आम नागरिक मारे गए थे। संघर्ष के लिए दोनों देशों की सेनाएं एक-दूसरे पर दोष मढ़ रही हैं।

**23 जुलाई-** थाईलैंड ने कंबोडिया से राजदूत को बुलाया, कहा- कंबोडियाई राजदूत को निकाले देगा।

**24 जुलाई-** सीमा पर हिंसक झड़पें। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पहले गोलीबारी का आरोप लगाया।

**25 जुलाई-** लड़ाई तेज हुई और कई पोस्टों पर भारी गोलीबारी, रॉकेट हमले हुए। लड़ाई में 48 लोग मारे गए। लाखों लो बेघर हुए।

**12 नवंबर-** दोनों देशों ने एक-दूसरे पर गोलीबारी का आरोप लगाया। एक व्यक्ति की मौत हुई।

**8 दिसंबर-** थाईलैंड ने हवाई हमले शुरू किए, कहा कि उसके सैनिक कंबोडियाई गोलीबारी के शिकार हुए हैं।

# आसिम मुनीर की धमकी- भारत गलतफहमी में न रहेः अब हमला हुआ तो पाकिस्तान भी कड़ा जवाब देगा



ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद

पाकिस्तान के नए चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज बने फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने सोमवार को अपना पद संभाल लिया। रावलपिंडी के GHQ में हुए कार्यक्रम में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अपने भाषण में उन्होंने कहा कि अगर भविष्य में पाकिस्तान पर कोई हमला होता है तो पाकिस्तान का रिस्पॉन्स पहले से भी ज्यादा तेज और कड़ा होगा। उन्होंने भारत को चेतावनी देते हुए कहा कि भारत किसी गलतफहमी में ना रहे। मुनीर ने कहा कि आधुनिक युद्ध अब साइबरस्पेस, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम, स्पेस, इन्फॉर्मेशन वॉर, अकऔर क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे नए क्षेत्रों तक बढ़ गया है। फोर्सेज को आधुनिक चुनौतियों के अनुरूप खुद को ढालना जरूरी है।

# ट्रम्प बोले- भारत के कारण अमेरिकी किसानों को घाटा, सस्ता चावल भेज रहा, जिससे उन्हें सही दाम नहीं मिल रहा

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका भारत से आने वाले चावल और कनाडा से आने वाली खाद पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है।

उनका कहना है कि दूसरे देशों से आने वाला सस्ता सामान अमेरिकी किसानों को नुकसान पहुंचा रहा है। ट्रम्प ने यह बात सोमवार को व्हाइट हाउस में उस समय कही, जब वे किसानों के लिए नई आर्थिक मदद की घोषणा कर रहे थे। ट्रम्प ने कहा कि भारत, वियतनाम और थाईलैंड जैसे देश अमेरिका में बहुत सस्ता चावल बेच रहे हैं, जिससे यहां के किसानों की कमाई कम हो रही है।

उन्होंने इसे 'डंपिंग' बताया और कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए। ट्रम्प ने अपने वित्त मंत्री से यह भी पूछा कि क्या भारत को चावल के मामले में किसी तरह की छूट मिली हुई है। मंत्री ने बताया कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर अभी बातचीत चल रही है।



ट्रम्प ने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो अमेरिका कनाडा से आने वाली खाद पर भी कड़े टैरिफ लगा सकता है। उन्होंने कहा कि बहुत सी खाद कनाडा से आती है। अगर यह बहुत सस्ती हो गई तो हम उस पर सख्त टैरिफ लगा देंगे। कनाडा अमेरिका को पोटाश खाद की सबसे ज्यादा सप्लाई करता है। अब तक इसे व्यापार समझौते की वजह से संरक्षण मिला हुआ है। अमेरिका में महंगाई और बढ़ती कीमतों की वजह से ट्रम्प पर दबाव बढ़ रहा है। किसान भी बढ़ती लागत से परेशान हैं। अगर खाद पर नया टैरिफ लग गया तो उनकी मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। अमेरिका ने हाल ही में पोटाश और फॉस्फेट को क्रिटिकल मिनरल्स की लिस्ट में शामिल किया था, ताकि उनकी सप्लाई बनी रहे, लेकिन किसान अभी भी इसे लेकर परेशान हैं।

## अमेरिकी विधेयक में भारत से सहयोग पर जोर

ब्रह्मास्त्र ›› न्यूयॉर्क/वाशिंगटन

अमेरिका के वार्षिक रक्षा नीति विधेयक में भारत के साथ क्वाड के माध्यम से सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया है। इसका मकसद हिंद-प्रशांत क्षेत्र को मुक्त एवं खुला बनाए रखने के साझा लक्ष्य को आगे बढ़ाना और चीन से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना है।

अमेरिकी कांग्रेस के नेताओं ने रविवार को वित्त वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकार अधिनियम (एनडीएए) जारी किया। इसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रक्षा गठबंधनों और साझेदारियों पर अमेरिकी संसद की राय को रेखांकित किया गया है। विधेयक में कहा गया है कि रक्षा मंत्री को चीन के साथ रणनीतिक प्रतिस्पर्धा में बढ़त बढ़ाने के लिए अमेरिकी रक्षा सहयोगियों और साझेदारों को मजबूत करने के प्रयास जारी रखने चाहिए।

परमाणु दायित्व नियमों पर संयुक्त मूल्यांकन होः विधेयक के एक अन्य हिस्से में अमेरिका और भारत के बीच परमाणु दायित्व नियमों पर संयुक्त मूल्यांकन की बात कही गई है। इसके तहत 2008 के भारत-अमेरिका नागरिक परमाणु समझौते के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए एक परामर्श तंत्र बनाया जाएगा। कहा गया है कि इसका उद्देश्य भारत के परमाणु दायित्व नियमों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लाने के अवसरों पर चर्चा करना है।

### हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा पहल शुरू करें

रक्षा नीति विधेयक में यह भी प्रावधान है कि रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री मिलकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत करने के लिए एक सुरक्षा पहल शुरू करें। विधेयक में भारत को औपचारिक रूप से सहयोगी या भागीदार देश की श्रेणी में शामिल किया गया है।

## जापान में 7.5 तीव्रता का भूकंपःसुनामी की छोटी लहरें आनी शुरू; 50 किमी की गहराई में केंद्र था

जापान में आओमोरी प्रान्त के पास 7.5 तीव्रता का भूकंप आया है। देश की मौसम विज्ञान एजेंसी ने आओमोरी, इवाते और होक्काइडो प्रान्तों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है। इससे पहले इसकी तीव्रता 7.6 बताई गई थी। भूकंप स्थानीय समयानुसार रात 11:15 बजे आया। आओमोरी में सुनामी की छोटी लहरें आनी शुरू हो गई हैं। फिलहाल इनकी ऊंचाई 40 सेमी तक है। एजेंसी ने चेतावनी दी है कि बाद में और भी ऊंची सुनामी जापान के उत्तर-पूर्वी तटों तक पहुंच सकती है। यहां 3 मीटर तक ऊंची लहरें उठ सकती हैं। भूकंप का केंद्र जापान के तट से 70 किमी दूर समुद्र में 50 किमी की गहराई में था। भूकंप के बाद आओमोरी प्रांत में 2,700 घरों में बिजली गुल हो गई है। आओमोरी शहर में आग लगने की 2 घटनाएं हुई हैं। आओमोरी प्रीफ में सड़क ढहने से 1 और होक्काइडो में गिरने से 2 लोग घायल हुए हैं।

## आसान भाषा में डंपिंग का मतलब जानिए

डंपिंग का मतलब है कि कोई देश अपनी चीजें दूसरे देश में बहुत ही कम दाम पर बेच देता है। यह इतना कम होता है कि वहां की लोकल कंपनियां और किसान उस कीमत पर सामान बना ही नहीं पाते।

इससे उस देश का बाजार सस्ते विदेशी माल से भर जाता है और स्थानीय लोगों का कारोबार नुकसान में चला जाता है। इसके बाद धीरे-धीरे लोकल मार्केट पर विदेशी कंपनियों या प्रोडक्ट का कब्जा हो जाता है। अगर ट्रम्प भारतीय चावल पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगा देते हैं तो भारत से अमेरिका जाने वाला चावल काफी महंगा हो जाएगा। इससे वहां भारतीय चावल खरीदने वाले लोगों की जेब पर सीधा असर पड़ेगा, क्योंकि कीमतें बढ़ जाएंगी। साथ ही भारत के उन किसानों और निर्यातकों को भी नुकसान उठाना पड़ सकता है, जो अपनी फसल का बड़ा हिस्सा अमेरिका भेजते हैं।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | ■ |

### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | ध | र | अ | ■ | सु | ह | शि |
| चा | का | ■ | म | ही | ना | ■ | ■ | ना |
| र | न | र | ■ | न | व | जी | व | न |
| ■ | क | म | ला | ■ | च | ■ | ■ | ओं |
| म | ■ | ला | स | ■ | ला | स | ■ | ल |
| मो | ■ | ■ | मा | ■ | ना | र | द | ■ |
| कर | न | प | र | ज | ■ | ह | र | ण |
| म | ■ | ■ | ना | कर | रा | ■ | क | ला |
| ना | ट | क | ■ | म | ह | क | ना | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 33 / 22 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ्र | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | के | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौ | बी | जा | ह | कि | नि | ला | रा |
| आ | इ | व | मो | य | आ | व | त | थि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | जीं | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ग्रा | र | अ | प | श |
| य | शि | वा | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
एक गिलास जूस पीने के बाद
गोलू- एक गिलास और जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....

0000000000

पिता (बेटे से)- मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक रचना छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....

0000000000

लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं, आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...

0000000000

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई
गर्लफ्रेंड- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए
बॉयफ्रेंड- चल पगली कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं....

0000000000


टीचर- खुशी का कोई ठिकाना ना रहा, का वाक्य प्रयोग कीजिए
मयंक- एक लड़की थी, उसका नाम खुशी था खुशी रात दिन बॉयफ्रेंड से चैट करती थी इस बात से तंग आकर घरवालों ने उसे घर से निकाल दिया बॉयफ्रेंड ने भी नहीं अपनाया अब खुशी का कोई ठिकाना ना रहा.....

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# जितने साल मोदी पीएम, उतने साल नेहरू जेल में रहे

# वंदे मातरम की डिबेट में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को भी घसीटा गया



**सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम पर 10 घंटे की बहस में सरकार और विपक्ष की तरफ से कई बड़े दावे हुए। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के आगे घुटने टेक दिए और वंदे मातरम के टुकड़े कर दिए। नेहरू को लगता था कि इससे मुसलमानों को चोट पहुंच सकती है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने मोदी पर ही निशाना साधते हुए कहा कि जितने दिन से वो प्रधानमंत्री है, नेहरू उतने दिन जेल में रह चुके हैं। कांग्रेस ने फ्रर पर भी आरोप लगाया कि संघ ने आजादी के आंदोलन में हिस्सा नहीं लिया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा- मोदी जी अब वह पीएम नहीं रहे, जो पहले थे। जहां तक नेहरू जी की बात है। जितने साल मोदी जी प्रधानमंत्री रहे, लगभग उतने साल के लिए नेहरू जेल में थे।**

### सच्चाई क्या है?

पं. जवाहर लाल नेहरू आजादी की लड़ाई के दौरान कुल 9 बार जेल गए। पहली बार 1922 में जेल गए और 1945 में आखिरी बार रिहा हुए। इसमें सबसे कम 13 दिन और सबसे ज्यादा 1042 दिन उन्होंने जेल में काटे।

# नेहरू क्यों नहीं चाहते थे 'वंदे मातरम' राष्ट्रगान बने



कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए

पीएम मोदी ने कहा- कांग्रेस ने वंदे मातरम के टुकड़े कर दिए। कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए। तुष्टीकरण की राजनीति के दबाव में कांग्रेस वंदे मातरम के बंटवारे के लिए झुकी। इसलिए कांग्रेस को एक दिन भारत के बंटवारे के लिए भी झुकना पड़ा।

### सच्चाई क्या है?

वंदे मातरम के 4 छंद हटाने का फैसला कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने लिया था, जिसमें महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, सुभाष चंद्र बोस, राजेंद्र प्रसाद, अबुल कलाम आजाद, सरोजनी नायडू और अन्य सीनियर लीडर शामिल थे।

वंदे मातरम की वजह से देश में सांप्रदायिक तनाव बढ़ रहा था। नेहरू को यह एक साजिश का हिस्सा लग रहा था। इसके सबूत 1937 में ही उनकी सुभाष चंद्र बोस को लिखी चिट्ठी में मिलते हैं।

किताब वंदे मातरमः बायोग्राफी ऑफ ए सॉन्ग के मुताबिक नेहरू ने लिखा था, 'वंदे मातरम के खिलाफ उठा विवाद सांप्रदायिक सोच के लोगों का बनाया हुआ है। हमें जो भी करना है वो सांप्रदायिक भावनाओं को बढ़ावा देने नहीं, बल्कि समस्या का असल समाधान निकालने के लिए करना चाहिए।'

वंदे मातरम में बदलाव का फैसला मुस्लिम लीग के सामने झुकना नहीं था, इसका एक सबूत 1948 में नेहरू की कांग्रेस लीडर जी. सी. रॉय को लिखी अन्य चिट्ठी में मिलता है। इस समय उन्होंने वंदे मातरम को राष्ट्रगान बनाने का विरोध किया था।

उन्होंने लिखा था, 'कुछ मुसलमानों का वंदे मातरम पर आपत्ति जताने का सवाल ही नहीं उठता। यहां ज्यादातर लोगों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हमसे से कई लोग इस बात से सहमत हैं कि वंदे मातरम राष्ट्रगान के रूप में बिल्कुल उपयुक्त नहीं है।'

उन्होंने वंदे मातरम की कठिन भाषा, बैंड और म्यूजिक पर इसे बजाने में आने वाली मुश्किलें और विदेशियों को गीत समझ न आने को इसकी मुख्य वजह बताई थी।

### नेहरू ने नेताजी से कहा कि वंदे मातरम से मुसलमानों को चोट पहुंच सकती है

पीएम मोदी ने कहा- नेहरू ने 20 अक्टूबर 1937 को नेताजी को चिट्ठी लिखी कि वंदे मातरम की आनंदमठ वाली पृष्ठभूमि से मुसलमानों को चोट पहुंच सकती है। इसका जो बैकग्राउंड है, उससे मुस्लिम भड़केंगे।

### सच्चाई क्या है?

हां, जवाहरलाल नेहरू ने 20 अक्टूबर 1937 को सुभाष चंद्र बोस को ऐसी एक चिट्ठी लिखी थी। दरअसल, मुस्लिम लीग के वंदे मातरम के विरोध को समझने के लिए नेहरू उन दिनों आनंदमठ का अंग्रेजी अनुवाद पढ़ रहे थे।

किताब वंदे मातरमः बायोग्राफी ऑफ ए सॉन्ग के मुताबिक, नेहरू ने चिट्ठी में लिखा, वंदे मातरम की पृष्ठभूमि मुसलमानों को परेशान करने वाली है। इसकी भाषा भी काफी कठिन है। बिना डिक्शनरी के मैं इसे समझ नहीं पा रहा हूं। नेहरू ने इस चिट्ठी में वंदे मातरम के मुद्दे पर टैगोर से सलाह लेने की भी बात की थी। 26 अक्टूबर 1937 को टैगोर ने सलाह देते हुए नेहरू को चिट्ठी लिखी, ह्यवंदे मातरम के पहले दो छंद से किसी को समस्या नहीं हो सकती क्योंकि इसमें हमारी मातृभूमि की सुंदरता का बखान है।

## गाने पर अंग्रेजों ने बैन लगाया

1905 में अंग्रेजों ने बंगाल का दो हिस्सों में विभाजन कर दिया।




**पहला हिस्सा**

हिंदू बहुल पश्चिम बंगाल, जिसकी राजधानी बनी कलकत्ता।


**दूसरा हिस्सा**

मुस्लिम बहुल पूर्वी बंगाल, जिसकी राजधानी ढाका थी।

विरोध में स्वदेशी आंदोलन की शुरूआत हुई। आनंदमठ से निकलकर वंदे मातरम् इस आंदोलन का नारा बन गया।



बंगाल में हर सुबह प्रभात फेरी निकलती जिसमें वंदे मातरम् गाया जाता। **रवींद्रनाथ टैगोर** भी इन फेरियों में शामिल होते और खुद यह गीत गाते हुए चलते।







इस गीत के बढ़ते प्रभाव से परेशान अंग्रेजों ने पूर्वी बंगाल के स्कूलों और कॉलेजों में **वंदे मातरम्** गाने पर बैन लगा दिया।

रंगपुर के स्कूल में वंदे मातरम् गाने की वजह से 200 छात्रों पर 5 रुपए फाइन लगा। 1906 में सभी सार्वजनिक स्थानों पर वंदे मातरम् गाने से बैन लगा दिया गया।

बंगाल से निकलकर यह गीत बंबई, अमृतसर, रावलपिंडी और लाहौर तक आजादी की आवाज बना।




## आनंदमठ उपन्यास से चर्चित हुआ वंदे मातरम

प्रसिद्ध बंगाली लेखक और कवि **बंकिम चंद्र चटर्जी** ने एक गीत लिखा, जिसमें धरती को मां बताया। गीत था- वंदे मातरम




7 नवंबर 1875 को इसे पहली बार साहित्य पत्रिका **'बंगदर्शन'** में प्रकाशित किया गया। उस समय इसकी कोई खास चर्चा नहीं हुई।

हालांकि किसी कवि के लिए यह बड़ी विचित्र रचना थी। वंदे मातरम् के पहले दो छंद संस्कृत में थे, जबकि आगे के चार छंद बांग्ला भाषा में।



7 साल बाद 1882 में बंकिम चंद्र चटर्जी ने इस गीत को अपने ही उपन्यास **'आनंदमठ'** में शामिल किया। यह उपन्यास संन्यासी विद्रोह पर लिखा गया था।





यह गीत उस दौर की बात करता है जब बंगाल भीषण अकाल से जूझ रहा था। उस पर अंग्रेज और मुगल नवाब आम प्रजा का शोषण कर रहे थे।

इनके विरोध में संन्यासियों के एक दल ने हथियार उठा लिए। इसका नेतृत्व पंडित भवानीचरण पाठक, देवू रानी चौधरी और मजनू शाह जैसे नेताओं ने किया था।



AI GENERATORED IMAGES

संन्यासियों का नारा था- **वंदे मातरम् यानी मां को नमन।** ये संन्यासी देश की धरती को ही अपनी मां मानते थे। इस संदर्भ में यह गीत बेहद लोकप्रिय हो गया।



1896 में कांग्रेस पार्टी के कलकत्ता अधिवेशन में पहली बार इसे गाया गया था और गाने वाले थे **गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर**। तब कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष थे रहमतुल्लाह सयानी।

■ वर्ष-12 अंक-37 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 09 दिसम्बर, 2025

## सुभाषितानि

**सद्विद्या यदि का चिन्ता वराकोदर पूरणे।**
**शुकोऽप्यशनमाप्नोति रामरामेति च ब्रुवन्।।**

**भावार्थ** : यदि आपके पास अच्छा ज्ञान है, तो पेट भरने के बारे में चिंता करने का कोई कारण नहीं है। तोते को राम राम कहने से भी भोजन मिलता है।

**मातेव रक्षति पितेव हिते नियुंक्ते कान्तेव चापि रमयत्यपनीय खेदम्।**
**लक्ष्मीं तनोति वितनोति च दिक्षु कीर्तिम् किं किं न साधयति कल्पलतेव विद्या।।**

**भावार्थ** : विद्या माता के समान रक्षा करती है, पिता के समान लाभ करती है, पत्नी के समान थकान दूर करती है, मन को प्रसन्न करती है, सौन्दर्य को प्राप्त करती है और चारों दिशाओं में यश फैलाती है। वास्तव में यह विज्ञान कल्पवृक्ष के समान क्या सिद्ध नहीं करता?

## सम्पादकीयम्

### अधुना कोलकाता नगरे घटना

भारते महिलानां सुरक्षाविषये प्रश्नाः निरन्तरं क्रियन्ते। अस्मिन् वर्षे जूनमासे अमेरिका स्वनागरिकाणां कृते सल्लाहकारं जारीकृतवती आसीत् यत् भारते महिलाः एकाकी न गन्तव्यम् इति। अस्मिन् सल्लाहकारे केषाञ्चन राज्यानां उल्लेखं कुर्वन् भारते बलात्कारप्रकरणाः तीव्रगत्या वर्धमानाः सन्ति इति उक्तम्। यदा एषः उपदेशः आगतः तदा बहु कोलाहलः आसीत्। एतत् भारतस्य अपमानरूपेण दृश्यते स्म, परन्तु इण्डोर-कोलकाता-देशयोः अद्यतनघटनासु दृश्यते यत् देशे महिलानां सुरक्षा खलु चिन्ताजनकः विषयः अस्ति। न केवलं द्वौ प्रकरणौ : ऑस्ट्रेलिया-महिला-क्रिकेट-दलस्य द्वौ खिलाडौ इण्डोर-नगरे उत्पीडितौ आस्ताम्, यदा तु कोलकाटा-नगरस्य पञ्चतारा-होटेलस्य नाइटक्लबे एका महिलायाः यौन-प्रहारः कृतः इन्डोर-घटना व्यापक-दिन-प्रकाशे अभवत्, कोलकाता-घटना रात्रौ, परन्तु द्वयोः घटनायोः जनसङ्ख्यायुक्तेषु क्षेत्रेषु अभवत्। उभयस्थानेषु पुलिसैः तत्कालं कार्यवाही इति दावितं, परन्तु एषा समस्या केवलं एतयोः प्रकरणयोः कृते एव सीमितं न भवति। सर्वत्र असुरक्षितम्: अत्र एकः सामान्यः विश्वासः अस्ति यत् स्त्रियः दूरस्थक्षेत्रेषु, लघुनगरेषु वा नगरेषु वा देशस्य नगरेषु सुरक्षिताः सन्ति - तत्र ते यत् रोचन्ते तत् धारयितुं शक्नुवन्ति, कुत्रापि गन्तुं शक्नुवन्ति, परन्तु एतौ प्रकरणौ एतां धारणा गलतम् सिद्धयन्ति।

### रामगोपाल वर्मा उर्मिला सर्वाधिकं प्रतिभाशाली इति वदति

# अफवाः प्रकरणं केवलं व्यवस्थायाः उत्पादः वदति




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

चलच्चित्रनिमार्ता रामगोपाल वर्मा पुनः एकवारं वातार्यां वर्तते। अस्मिन् समये चर्चा तस्य वक्तव्यानां विषये अस्ति, यस्मिन् सः न केवलं उर्मिला मातोण्डकर इत्यनेन सह स्वस्य अफवाः सम्बन्धस्य विषये मुक्ततया उक्तवान्, अपितु श्रीदेवीविषये स्वस्य पूर्वटिप्पणीनां रक्षणमपि कृतवान् सामाजिकमाध्यमेषु वर्धमानस्य वादविवादस्य, चलच्चित्रक्षेत्रे महिलानां परितः द्वन्द्वस्य च मध्ये वर्मा अवदत् यत् तस्य पूर्ववचनानां बहवः दुर्व्याख्याः कृताः, यदा ते केवलं प्रशंसाः एव आसन्।

एकस्मिन् साक्षात्कारे रामगोपालवर्मा इत्यनेन पृष्टं यत् १९९०-२००० दशकेषु तया सह बहुधा सहकार्यं कृत्वा उर्मिला मातोण्डकरस्य तस्य च मध्ये सम्बन्धस्य अफवाः किमर्थं प्रचलन्ति इति सः स्पष्टतया अवदत् यत उर्मिला तस्य करियरस्य प्रतिभाशालिषु अभिनेत्रीषु अन्यतमः अस्ति, अतः एव सः तया सह बहुवारं कार्यं कृतवान्। तस्य मते उर्मिला सर्वाधिकं प्रतिभाशाली अभिनेत्री अस्ति, अतः एव मया तया सह एतावन्तः चलच्चित्राः कृताः। अमिताभबच्चन इत्यनेन सह अपि बहु कार्यं कृतवान्, परन्तु तस्य विषये कोऽपि न वदति। एतत् सर्वं यथा सामाजिकमाध्यमाः, व्यवस्था च भिन्नदिशि विषयान् प्रसारयति।

उर्मिला मातोण्डकर इत्यनेन सह तस्य चलच्चित्राणि-रङ्गीला, दाऊरः, सत्यः, प्यार ट्यूने क्या किया च-अद्यापि शास्त्रीयाः इति मन्यन्ते। एतेषां चलच्चित्रेषु उर्मिला तस्य युगस्य अत्यन्तं आकर्षकं प्रभावशाली च मुखं कृतम्, तथैव रामगोपालवर्मा इत्यस्य लेखनशैल्याः, चलच्चित्रनिर्माणशैल्याः च विशिष्टा परिचयः प्राप्तः एतेषां चलच्चित्रेषु सफलतायाः अनन्तरं उत्पन्नाः चर्चाः स्वयमेव स्पष्टाः इति वर्मा अवदत्, यदा तु तस्य उर्मिलायाश्च व्यावसायिकसम्बन्धात् अधिकं किमपि नास्ति सः श्रीदेवीविषये स्वस्य विवादास्पदं टिप्पणमपि स्पष्टीकरोति स्म–गर्जन ऊरुः– वर्मा अवदत्, अहं न मन्ये यत् एतत् दोषपूर्णम् आसीत्। यदा अहं श्रीदेवीविषये एवम् उक्तवान् तदा तस्याः गुणाः सूचयितुं एव आसीत्, न तु तस्याः विषयीकरणं कर्तुं। तस्याः शारीरिकगुणाः, तस्याः अभिनयेन सह अपि तस्याः लक्षणाः आसन्। तत् गलत् इति वक्तुं वस्तुतः मम टिप्पणीयाः दुर्व्याख्या एव। रामगोपालवर्मा इत्यनेन १९९१ तमे वर्षे श्रीदेवी इत्यनेन सह क्षनक्षणम् इति चलच्चित्रं निर्मितम्, यत् तत्कालीनस्य प्रसिद्धेषु चलच्चित्रेषु अन्यतमम् आसीत्।

### सर्वोच्चन्यायालयेन

# न्यायपालिकायां एआइ-विनियमनं याचमानं

## पीआईएल-पत्रं तत्क्षणमेव निरस्तं कृत्वा सुझावस्य द्वारं उद्घाटितम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

सर्वोच्चन्यायालयेन न्यायपालिकायां कृत्रिमबुद्धेः यन्त्रशिक्षणस्य च उपयोगस्य नियमनं याचमानं जनहितमुकदमं खारिजं कृत्वा तान् अनियंत्रितम् असुरक्षितं च इति उक्तम्। भारतस्य मुख्यन्यायाधीशस्य नेतृत्वे एकेन पीठिकायां उक्तं यत् यद्यपि एआइ-सम्बद्धानां आव्हानानां जोखिमानां च विषये सा सम्यक अवगतः अस्ति तथापि एतादृशेषु प्रकरणेषु न्यायिक-आदेशस्य आवश्यकता नास्ति, यतः न्यायपालिका एव एतान् विषयान् प्रशासनिक-स्तरस्य उत्तमरीत्या सम्बोधयितुं शक्नोति न्यायालयेन याचिकाकतार्याः स्वचिन्ताः सुझावः च लिखितरूपेण सर्वोच्चन्यायालयस्य प्रशासनिकयन्त्राणां समक्षं प्रत्यक्षतया प्रस्तूय स्वतन्त्रता अपि प्रदत्ता।

सुनवायीकाले मुख्यन्यायाधीशः निर्विवादरूपेण अवदत् यत् कृत्रिमबुद्धिः न्यायिककार्यस्य सहायकरूपेण उपयोगी भवितुम् अर्हति, परन्तु कस्यापि परिस्थितौ न्यायिकचिन्तनं, तर्कं, विवेकं, निर्णयनिमार्णं वा प्रभावितुं न शक्नोति सः इदमपि रेखांकितवान् यत् न्यायव्यवस्थायाः मौलिकः तत्त्वः मानवीयः निर्णयः एव, तस्य स्वतन्त्रस्य निर्णयस्य अतिक्रमणं कर्तुं कोऽपि यन्त्रशिक्षणप्रतिरूपः एआइ-उपकरणं वा न अनुमन्यते न्यायालयेन एतदपि सूचितं यत् विश्वे न्यायिकसंस्थाः एआइ-इत्यस्य सहाय्यरूपेण प्रयोगं कुर्वन्ति, भारतमपि अस्मिन् दिशि गच्छति, परन्तु सावधानी सर्वोपरि वर्तते इति। पीआईएल इत्यनेन चिन्ता प्रकटिता यत् एआइ तथा एमएल उपकरणानां अनियंत्रितप्रयोगेन न्यायिकप्रक्रियायां गम्भीराः समस्याः।

# ईडी अनिल अम्बानी समूहस्य सम्पत्तिः जब्धः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

प्रवर्तननिदेशालयः अनिल अम्बानी तस्य रिलायन्स् समूहस्य च विषये स्वस्य पकडं निरन्तरं कठिनं कुर्वन् अस्ति। नवीनतमकार्यवाहीयां ईडी इत्यनेन रिलायन्स् होम फाइनेन्स लिमिटेड् (आरएचएफएल), रिलायन्स कमर्शियल फाइनेन्स् लिमिटेड् (आरसीएफएल), तथा च येस बैंक इत्यनेन सह कथित-धोखाधड़ी-प्रकरणानाम् सन्दर्भे अनिल अम्बानी-समूहस्य १८ अधिकानि सम्पत्तिः जब्तानि सन्ति, येषां मूल्यं १,१२० कोटिरूप्यकाणि सन्ति एतेन कार्येण अद्यावधि जप्तानाम् सम्पत्तिनां कुलमूल्यं १०,११७ कोटिरूप्यकाणि भवति। ईडी इत्यनेन उक्तं यत् अस्मिन् नूतने जब्दे रिलायन्स् इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड् इत्यस्य ७ सम्पत्तिः, रिलायन्स् पावर लिमिटेड इत्यस्य २ सम्पत्तिः, रिलायन्स् वैल्यू सर्विसेज प्राइवेट् लिमिटेड इत्यस्य ९ सम्पत्तिः च सन्ति।

## राशिफल

**मेष** : आज का दिन प्रगति और आत्मविश्वास से भरा रहेगा। प्रेम संबंधों में पहले से बेहतर सामंजस्य बनेगा।

**वृषभ** : आज आपको रिश्तों में धैर्य और समझदारी दिखानी होगी। परिवार के किसी सदस्य के साथ मतभेद दूर हो सकता है।

**मिथुन** : कम्युनिकेशन आज आपकी सबसे बड़ी ताकत रहेगी। लव लाइफ में रोमांस और समझदारी दोनों बढ़ेंगे।

**कर्क** : प्रेम जीवन में नजदीकियां बढ़ेंगी और गलतफहमियाँ दूर होंगी। आर्थिक लाभ के योग बन रहे हैं।

**सिंह** : कार्यक्षेत्र में आपके आइडिया महत्वपूर्ण साबित होंगे, इसलिए आत्मविश्वास बनाए रखें।

**कन्या** : पैसे को लेकर थोड़ा सतर्क रहें, अचानक खर्च आ सकता है। ऑफिस में काम का दबाव रहेगा।

**तुला** : पार्टनर आपके प्रति ज्यादा सहयोगी रहेंगे। आर्थिक लाभ मिलेगा लेकिन निवेश में सावधानी रखें।

**वृश्चिक** : प्रेम जीवन भी सकारात्मक रहेगा और पार्टनर आपका समर्थन करेंगे। आर्थिक लाभ होने के संकेत हैं।

**धनु** : बातचीत करने का सही समय है। करियर में नौकरी बदलने या नई दिशा खोजने पर विचार कर सकते हैं।

**मकर** : आपकी क्षमता सबको प्रभावित करेगी। लव लाइफ में स्थिरता आएगी और पार्टनर आपका साथ देंगे।

**कुंभ** : ऑफिस में किसी बड़ी सफलता का योग है। धन की स्थिति मजबूत होगी और कोई पुराना निवेश मुनाफा दे सकता है।

**मीन** : आज आपकी क्रिएटिविटी चरम पर रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी और खर्चों पर नियंत्रण रहेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# गुरु का 3 राशियों में गोचर, जानें 2026 में मीन राशि वालों के जीवन में क्या बदलाव आएंगे

साल 2026 में बृहस्पति का गोचर तीन राशियों में होने जा रहा है। साल की शुरूआत में उनका गोचर मिथुन राशि में रहेगा। 2 जून 2026 को बृहस्पति मिथुन से निकलकर अपनी उच्च राशि कर्क में प्रवेश करेंगे। 31 अक्तूबर 2026 को बृहस्पति कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। 13 दिसंबर 2026 को बृहस्पति सिंह राशि में वक्री हो जाएंगे। आइए समझते है कि मीन राशि के लिए यह परिवर्तन कैसा रहने वाला हैं।

वैदिक ज्योतिष में गुरु को ज्ञान, धर्म, भाग्य, विवाह, संतान, धन और आध्यात्मिक उन्नति का कारक ग्रह माना जाता है। गुरु जहां बैठते हैं, वहां विस्तार, विकास और सीख का मार्ग खोलते हैं। जब गुरु शुभ होते हैं तो व्यक्ति के जीवन में उन्नति, सुख-समृद्धि और मान-सम्मान बढ़ता है।

साल 2026 में बृहस्पति का गोचर तीन राशियों में होने जा रहा है। साल की शुरूआत में उनका गोचर मिथुन राशि में रहेगा। इसके बाद 2 जून 2026 को बृहस्पति मिथुन से निकलकर अपनी उच्च राशि कर्क में प्रवेश करेंगे। फिर 31 अक्टूबर 2026 को बृहस्पति कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश करेंगे।

इसके बाद 13 दिसंबर 2026 को बृहस्पति सिंह राशि में वक्री (वक्री चाल) हो जाएंगे। ऐसे में देव गुरु का 3 राशियों में गोचर सभी राशियों को प्रभावित करने वाला है। आइए समझते है कि मीन राशि के लिए यह परिवर्तन कैसा रहने वाला हैं।

**गुरु मिथुन राशि में (जनवरी से 1 जून 2026)** - इस अवधि में गुरु आपके चतुर्थ भाव में रहेंगे, जिससे घर-परिवार और मानसिक सुख पर प्रभाव पड़ेगा। माता के स्वास्थ्य पर ध्यान देना आवश्यक होगा और पारिवारिक मामलों में कुछ जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। मकान, वाहन या संपत्ति से जुड़े मामले जोर पकड़ सकते हैं, लेकिन अंतिम परिणाम में देरी संभव है। नौकरी करने वालों को स्थान परिवर्तन या ट्रांसफर का योग बन सकता है। मन थोड़ा अस्थिर रह सकता है, इसलिए भावनात्मक फैसले लेने से बचें। अध्ययन में रुचि कम और घरेलू मामलों में व्यस्तता अधिक रहेगी। यह समय धैर्य रखना और पारिवारिक संतुलन बनाए रखने की परीक्षा करेगा। ध्यान और साधना करने से मानसिक शांति मिलेगी।

**गुरु कर्क राशि में उच्च (2 जून से 30 अक्टूबर 2026)**- यह समय मीन राशि वालों के लिए बेहद शुभ और उन्नतिकारी रहेगा। गुरु आपके पंचम भाव में उच्च के होकर विराजमान होंगे, जिससे शिक्षा, प्रेम और संतान से जुड़े मामलों में लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए यह समय सफलता दिलाने वाला रहेगा। प्रेम संबंधों में विश्वास बढ़ेगा और विवाह के योग मजबूत होंगे। संतान सुख की प्राप्ति संभव है या संतान से जुड़ी कोई शुभ सूचना मिल सकती है। रचनात्मक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को नई पहचान मिलेगी। निवेश से लाभ और भाग्य का साथ मिलेगा। मानसिक रूप से आप अधिक स्थिर और आत्मविश्वासी महसूस करेंगे। यह समय जीवन में खुशियाँ और संतोष बढ़ाने वाला सिद्ध होगा।

**गुरु सिंह राशि में (31 अक्टूबर से 13 दिसम्बर 2026)** - अब गुरु आपके छठे भाव में प्रवेश करेंगे, जिससे स्वास्थ्य, नौकरी और प्रतिस्पर्धा से जुड़े क्षेत्रों पर असर पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां बढ़ेंगी और मेहनत अधिक करनी पड़ेगी। पुराने शत्रु सक्रिय हो सकते हैं, लेकिन आपकी सूझबूझ से आप उन पर विजय प्राप्त कर लेंगे। इस समय स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना जरूरी होगा, खासकर पेट और ब्लड प्रेशर संबंधी समस्याओं पर। ऋण से जुड़े मामलों में सतर्कता रखें। हालांकि प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। यह समय अनुशासन और संयम सिखाएगा और आपको आत्मनिर्भर बनाएगा।

**13 दिसम्बर 2026 से गुरु सिंह राशि में वक्री**- गुरु वक्री होने से स्वास्थ्य और कामकाज में कुछ रुकावट आ सकती है। बीमारी का पुराना मामला फिर से उभर सकता है। काम में देरी और तनाव महसूस हो सकता है। इस समय उधारी देने या नया कर्ज लेने से बचना चाहिए। सहकर्मियों के साथ विवाद की स्थिति बन सकती है, इसलिए वाणी पर नियंत्रण रखें। यह समय आपको मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनने की सीख देगा। सेवा कार्य और आध्यात्मिक साधना से आपको संतुलन मिलेगा। यदि आप संयम से काम लेंगे, तो यह चुनौतीपूर्ण समय आपको और परिपक्व बनाकर आगे बढ़ाएगा।

## खबर एक नजर...

### रिमांड खत्म होने पर कियोस्क संचालक को भेजा जेल

**उज्जैन।** शगुन एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर संचालित करने वाले आनंद बागडिया की सोमवार को रिमांड अवधि खत्म होने पर जीवाजीगंज थाना पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। एसआई डीएल रावत ने बताया कि आरोपी द्वारा 62 लोगों के जनधन खातों से 34 लाख 41 हजार 670 रूपयों की अमानत में खयानत कर अपने परिचितों के खाते में ट्रांसफर की थी। मामले में प्रकरण दर्ज कर उसे गिफ्तार किया गया था। इस दौरान सामने आया कि उस पर कर्ज हो गया था और क्रिप्टों करंसी के जाल में फंस गया था। जिसके चलते उसने खाताधारकों के साथ धोखाधड़ी की। ट्रांसफर किये गये रूपयों में से 17 लाख क्रिप्टो में गंवाये थे, वहीं 25 लाख कर्जदारों को दिये है। एसआई रावत के अनुसार रिमांड अवधि में उससे ढाई लाख रुपए नगद बरामद किये गये है। मामले की जांच जारी है, 62 खाताधारको की जानकारी बैंकों से मांगी गई है। जिसके सामने आने पर विवेचना आगे बढ़ाई जायेगी।

### नृसिंहघाट ब्रिज के पास मिली वृद्ध की लाश

**उज्जैन।** नृसिंह घाट ब्रिज के पास सोमवार को एक वृद्ध का शव महाकाल पुलिस ने लोगों की सूचना पर बरामद किया। मृतक 60 से 65 साल के लगभग है, जिसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस के अनुसार मौत की वजह संभवतः ठंड हो सकती है। वह हुलिये से भिक्षुक भी प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। मृतक के परिजनों का पता लगाया जा रहा है। पहचान नहीं होने पर पुलिस द्वारा अंतिम संस्कार कराया जायेगा।

### एक्सीलेंस और मॉडल स्कूल के छात्रों में चाकूबाजी

**उज्जैन।** शास्त्रीनगर एक्सीलेंस स्कूल और चिमनगंज क्षेत्र स्थित मॉडल स्कूल के नाबालिग छात्रों के बीच सोमवार को चाकूबाजी हो गई। एक छात्र गंभीर घायल हुआ है। दूसरे को मामूली चोंट लगी है। नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि एक्सीलेंस स्कूल में कक्षा 11 वीं के छात्र का दूसरे छात्र से विवाद हो गया था। एक छात्र ने चिमनगंज क्षेत्र के मॉडल स्कूल के पढ़ने अपने साथियों को बुला लिया। वह विवाद करने वाले छात्र को मारने पहुंचे। लेकिन उनके बीच चाकूबाजी हो गई। एक्सीलेंस में पढ़ने वाले छात्र के पास चाकू था, उसने मॉडल स्कूल से आये 2 छात्रों को चाकू से हमला कर दिये। एक को पेंट में गंभीर चोंट लगी है। दूसरे के हाथ पर चाकू का घाव लगा है। सूचना मिलते ही पुलिस एक्सीलेंस स्कूल पहुंच गई थी। दोनों घायल छात्रों को अस्पताल पहुंचाया गया है। गंभीर घायल का उपचार आईसीयू में चल रहा है। दूसरे छात्र को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी गई। चाकू मारने वाले छात्र नाबालिग है, जिनके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है।

### आदतन 5 बदमाशों को 6 माह के लिये किया जिलाबदर

**उज्जैन।** कानून व्यवस्था को बनाये रखने और अपराधों पर अंकुश रखने के लिये पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 5 आदतन बदमाशों को 6 माह के लिये जिले की सीमा से निष्कासित कर दिया है। पुलिस द्वारा लगातार अपराधिक गतिविधियों में शामिल रहने वाले बदमाशों पर जिलाबदर और रासुका की कार्रवाई की जाती है। सोमवार को जिले के पांच बदमाशों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये जिलाबदर की कार्रवाई की गई है। जिलाबदर किये गये बदमाशों में चिमनगंज थाना क्षेत्र के इंदिरानगर में रहने वाला नितिन पिता प्रमोद रमानी, यश उर्फ तोत्तू पिता अशोक शर्मा निवासी एम.पी. नगर, नागदा थाना क्षेत्र की नई आबाद बोरखेड़ी पिपल्या मंडी का जीवन पिता गणपत सेठिया, भाटपचलाना थाना क्षेत्र के बालचंद पिता चुन्नीलाल चौधरी निवासी ग्राम भाटपचलाना और मुश्ताक उर्फ मुन्ना पिता अब्बास पटेल निवासी माधोपुरा शामिल है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 768-1 | 259-6 |
| मेन बाजार | 569-0 | 269-7 |
| मिलन डे | 167-4 | 230-5 |
| मिलन नाइट | 123-6 | 450-9 |

4 6 9

## महिदपुर कन्या छात्रावास की 5 छात्राओं को किया उज्जैन रैफर

# छात्रावास में कुछ लड़कियां प्रभावित कुछ नहीं, रहस्य बना घटनाक्रम





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रविवार रात को अचानक से आंखो में जलन,सांस लेने में तकलीफ,उल्टी के उबके आने जैसी शिकायत होने पर कस्तूरबा कन्या छात्रावास की 15 छात्राओं को महिदपुर अस्पताल में भर्तीकिया गया था। सोमवार पूर्वान्ह में इनमें से 5 छात्राओं को उज्जैन रैफर किया गया है। एसडीएम अजय हिंगे के अनुसार छात्राओं को ऐसा क्यों हुआ इसके कारण अभी सामने नहीं आया है। प्रारंभिक रूप से छात्राओं को उपचार दिलाना प्राथमिकता थी,अब इसके कारणों की जांच की जा रही है।

उज्जैन जिले के महिदपुर अनुभाग मुख्यालय के दशहरा मैदान क्षेत्र में स्थित कस्तूरबा गांधी छात्रावास की 15 छात्राओं को रविवार रात को आंखों में जलन, गले में जलन,सांस लेने में दिक्कत एवं उल्टी के उबके आने की शिकायत सामने आने के बाद छात्रावास स्टाफ ने महिदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया था। छात्राएं खाना खाने के बाद छात्रावास के प्रथम तल पर अपने कमरों में थी उसी दौरान ऐसा होना सामने आया था। ये सभी छात्राएं कक्षा 9 वीं से 12 वीं की हैं। रात को छात्राओं ने छात्रावास में बना भोजन किया था। इसके बाद सभी अपने-अपने कक्ष में चली गई थी। रात 9 बजे के दरमियान छात्रावास के प्रथम तल पर रहने वाली छात्राओं ने आंखों ,गले में जलन,सांस लेने में दिक्कत एवं उल्टी के उबके आने की शिकायत दर्ज करवाई थी। इसकी सूचना मिलने पर एसडीएम श्री हिंगे छात्रावास पहुंचे थे। शिकायत करने वाली सभी छात्राओं को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया था। इस दौरान अनुभाग प्रशासन ने इनके इलाज के लिए वरिष्ठ चिकित्सकों को भी बुला लिया था। अस्पताल में जिन छात्राओं को सांस लेने में ज्यादा परेशानी हो रही थी उन्हें आक्सीजन भी दिया गया था। अस्पताल में डॉ. दिनेश सक्सेना, डॉ. महेश सिंघल और डॉ. मैत्री मिश्रा की टीम ने इन्हें उपचार दिया था ।एसडीएम अजय हिंगे, एसडीओपी जेंडेन लिंगजरपा ने छात्रावास का निरीक्षण भी किया। विधायक दिनेश जैन बोस ने अस्पताल में पहुंचकर छात्राओं के उपचार की व्यवस्था को जाना था। सोमवार सुबह तक सभी छात्राओं की स्थिति सामान्य हो गई थी लेकिन पूर्वान्ह में एक बार फिर से 5 छात्राओं ने सांस लेने में समस्या बताई थी जिस पर उन्हें महिदपुर अस्पताल से उज्जैन रैफर कर दिया गया। उज्जैन जिला अस्पताल में 5 छात्राओं को गहन चिकित्सा ईकाई में उपचार दिया जा रहा है। एसडीएम अजय हिंगे के अनुसार छात्राओं की हालत स्थिर थी लेकिन चिकित्सकों के परामर्श अनुसार उन्हें उज्जैन रैफर किया गया।

### आसपास के भवनों के सीसी टीवी कैमरा खंगाले जा रहे

छात्रावास में कुल 107 छात्राएं हैं और छात्रावास भूतल एवं प्रथम तल का है। समस्याग्रस्त सभी छात्राएं प्रथम तल पर अपने कमरों में थी उसी दौरान उन्हें यह परेशानी हुई। खास पहलु यह है कि एक कमरे में रहने वाली 4-5 छात्राओं में से 2-3 को ही इस तरह की परेशानी हुई है। छात्रावास एवं आसपास के भवनों के सीसी टीवी कैमरा खंगाले जा रहे हैं। छात्राओं को यह परेशानी क्यों हुई इसे लेकर जांच की जा रही है।

## रेलवे स्टेशन पर फ्लैग मार्च के साथ चैकिंग अभियान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रेलवे स्टेशन पर सोमवार को जीआरपी, बीडीएस टीम और देवासगेट थाना पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च करते हुए चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई और यात्रियों का सामान चैक किया। जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिये चैकिंग अभियान चलाया गया है। प्लेटफार्म पर जीआरपी-आरपीएफ लगातार सर्चिंग करती रही है। समय-समय पर संयुक्त टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया जाता है, ताकि देशभर से आने वाली ट्रेनों और यात्रियों की सुरक्षा को मजबूत किया जा सके।



## मोबाइल लोकेशन से पकड़ाया कार चोरी करने वाला बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

**15 माह से थी तलाश, पंचर होने पर रास्ते में छोड़ भाग था**

15 माह पहले कार चोरी करने के साथ उसमें रखा मोबाइल लेकर भागे बदमाश को पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस होने पर देवास जिले के भौरासा से गिरफ्तार किया गया है। चोरी के बाद कार कुछ दिन बाद लावारिस हालत में मिल गई थी। लेकिन उसमें रखा मोबाइल गायब था।

नानाखेड़ा थाना एसआई सुरेश कलेश ने बताया कि 10 सितंबर 2024 को पंथपिपलाई से इंदौर के रहने वाले भारतसिंह चौहान की आल्टो कार चोरी हो गई थी। भारतसिंह ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि वह उज्जैन से इंदौर जा रहे थे। पंथपिपलाई में एक दुकान पर रुके, उन्होने कार से चाबी नहीं निकाली थी, वह कुछ मिनट में दुकान से वापास लौटे तो कार गायब थी, जिसमें मोबाइल भी रखा था। अज्ञात बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज कर कार की तलाश शुरू की गई थी। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने पर पंथपिपलाई से कुछ किलोमीटर आगे कार लावारिस हालत में खड़ी बरामद हो गई थी, लेकिन उसमें रखा मोबाइल नहीं मिला था। बदमाश की तलाश में लगातार मोबाइल लोकेशन को ट्रेस किया जा रहा था, 15 माह बाद मोबाइल लोकेशन भौरासा जिला देवास में होना सामने आई। जिसके आधार पर कार और उसमें रखा मोबाइल चोरी करने वाले देवराज सेंधव को हिरासत में लिया गया। जिससे उज्जैन लाकर पूछताछ कर मोबाइल बरामद किया, आरोपी ने बताया कि वह नशे की हालत में था, उसे घर जाना था, जिसके चलते उसने कार में चाबी लगी देखी तो चोरी कर ली थी, लेकिन रास्ते में कार पंचर होने पर छोड़ कर भाग निकला था, मोबाइल साथ ले गया था। एसआई कलेश के अनुसार आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। बदमाश का पता लगाने में आरक्षक श्यामवरण और टीम की भूमिका रही।

## भिंड-रतलाम एक्सप्रेस से बदमाशों ने उड़ाया आभूषणों से भरा पर्स

# ग्वालियर की महिला के साथ वारदात, 1.15 लाख नगद चोरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ट्रेनों में यात्रियों के साथ चोरी की वारदात का सिलसिला लगातार बना हुआ है। अब भिंड-रतलाम इंटरसिटी एक्सप्रेस से 3.40 लाख के आभूषणों से भरा पर्स चोरी होना सामने आया है। पर्स में आभूषणों के साथ 1.15 लाख रुपए नगद भी रखे हुए थे।

ग्वालियर के इंदरगंज स्थित शिंदे की छावनी में रहने वाली आशा भार्गव पति पति महेश भार्गव के साथ भिंड-रतलाम इंटरसिटी एक्सप्रेस के कोच ए-2 बर्थ 20-22 पर सवार होकर ग्वालियर से इंदौर की यात्रा कर रही थी। उन्होने अपना पर्स सीट पर सिरहाने रखा था। उज्जैन से ट्रेन के इंदौर रवाना होने पर रात ढाई बजे नींद खुली तो पर्स गायब था। जिसमें 1.15 लाख रुपए नगद और 40 ग्राम वजनी 4 सोने की चुड़ी कीमत 1.60 लाख, एक जोड़ी सोने की झुमकी 10 ग्राम वजनी 40 हजार, 10 ग्राम के टॉप्स कीमत 40 हजार, 4 ग्राम वजनी सोने की 2 अंगूड़ी कीमत 20 हजार, 20 ग्राम वजनी चेन कीमत 80 हजार और 5 हजार कीमत की चांदी की पायल रखी हुई थी। चलती ट्रेन में उन्होने 139 पर शिकायत की और इंदौर पहुंचने पर जीआरपी को शिकायत दर्ज कराई। मामला उज्जैन स्टेशन के आसपास का होने पर इंदौर जीआरपी ने मामला उज्जैन जीआरपी को जांच के लिये भेजा। जीआरपी के अनुसार मामला 6 दिसंबर का है। आशा भार्गव की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है।



### जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस में चेन स्नेचिंग

ट्रेन में यात्रा के दौरान चैन स्नेचिंग का मामला जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस से सामने आया है। भोपाल में दर्ज कराई शिकायत उज्जैन जीआरपी के पास जांच के लिये स्थानांतरित की गई है। बताया जा रहा है कि वरूण नगर कोलार रोड भोपाल की रहने वाली अनुमंजरी पति डॉ. संदीप शर्मा जयपुर से भोपाल की यात्रा 6 दिसंबर को ट्रेन के कोच बी-3 सीट नम्बर 39 पर कर रही थी। तभी सीट के पास एक हाउसकिपिंग वाला आकर खड़ा हो गया। अनुमंजरी शर्मा ने उसे हटने के लिये कहा तो उसने गले से चेन झपटी और भाग निकला। अनुमंजरी ने पीछा किया लेकिन बदमाश के हाथ से चेन में लगा पेंडल गिर गया, लेकिन वह चेन लेकर भाग निकला। वारदात के बाद महिला यात्री ने रेलवे हेल्पलाइन नम्बर 139 पर शिकायत की। भोपाल पहुंचने पर मामला दर्ज कराया गया, लेकिन स्नेचिंग उज्जैन के समीप बेरछा स्टेशन के आसपास हुई थी। भोपाल से जांच उज्जैन जीआरपी को भेजी गई है। अनुमंजरी शर्मा के अनुसार चेन 6 तोला वजनी थी जिसकी कीमत 1.80 लाख रुपए है।

### नर्मदा एक्सप्रेस से चोरी हुआ कैमरा

नर्मदा एक्सप्रेस में इंदौर की रहने वाली नेहल पति विपिन राठौर के साथ वारदात होना सामने आया है। नेहल बिलासपुर से इंदौर आ रही थी। इस दौरान उन्होने अपना बेग सीट के पास बर्थ के कुंदे पर लटका दिया था। उज्जैन स्टेशन आने पर नींद खुली तो बेग गायब था। जिसमें एक कैमरा सोनी ए मार्क-२ फुल फ्रेम कीमत 50 हजार दो बैटरी, एक फ्लैश गोडोक्स कंपनी का, दो मेमोरी कार्ड सोनी के, चार ए-4 बैटरी पैनासोनिक कंपनी की, दो बैटरी चार्जर रखा हुआ था। उक्त मामले की शिकातय पर रेलवे हेल्पलाइन नम्बर 139 पर की गई। मामला इंदौर से जांच के लिये उज्जैन जीआरपी को सौंपा गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com